www.livehindustan.com

सत्य • सार्थक • सदैव 1936

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

बुधवार
6 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 57, 20 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण



आर अश्विन धर्मशाला में अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार

P-18




**मोदी बोले:** परिवारवाद के खिलाफ आवाज उठाने पर अपशब्द कह रहे

# विपक्ष के घोटाले खोले तो मुझे निशाना बना रहे

**संगारेड्डी (तेलंगाना), एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवार के मुद्दे पर मंगलवार को विपक्ष पर फिर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां उन्हें इसलिए निशाना बना रही हैं, क्योंकि वह उनके हजारों करोड़ रुपये के घोटालों का पर्दाफाश कर रहे हैं।

मोदी ने तेलंगाना के संगारेड्डी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कभी निजी हमला नहीं किया बल्कि परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ आवाज उठाई। मोदी ने कहा, विपक्षी दल उन्हें और उनके जनता रूपी परिवार को अपशब्द कह रहे हैं, क्योंकि वह जनता को दी गारंटी लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**लोकतंत्र के लिए खतरा:** मोदी ने कहा, मैं परिवारवाद का विरोध इसलिए करता हूं क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। युवाओं को मौके नहीं देता। वे इसका जवाब देने की बजाय कहते हैं कि मोदी का परिवार नहीं है।

**युवाओं को बढ़ावा देने से डर :** कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वह युवा नेताओं को बढ़ावा देने से डरती है। विपक्षी पार्टी 75-80 साल से अधिक उम्र के लोगों को अध्यक्ष नियुक्त कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, जहां-जहां परिवार संचालित दल सत्ता में हैं, वे राज्य बर्बाद हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी पार्टियां लोकतंत्र विरोधी, प्रतिभा विरोधी और युवा विरोधी हैं।



तेलंगाना के संगारेड्डी में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा की। इस दौरान कई परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया।

**7200** करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू किए तेलंगाना में प्रधानमंत्री ने

**350** करोड़ की लागत वाले विमानन शोध केंद्र का लोकार्पण

- प्रधानमंत्री ने परिवारवाद की राजनीति को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया
- कहा, जिन राज्यों में परिवारवादी दलों की सत्ता, वे बर्बाद हो गए

### खजाना भरने पर ध्यान

प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा के जाजपुर में रैली के दौरान कहा, विपक्षी दलों ने 2014 से पहले सिर्फ खजाना भरने पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि ओडिशा विकसित भारत का प्रवेश द्वार बने। पक्का घर, जल, गैस कनेक्शन, जो गरीबों का सपना था, अब वास्तविकता बन रहा है।

### वंशवादी पार्टियां लोकतंत्र को मजबूत नहीं कर सकतीं: शाह

**जलगांव।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिवार के मुद्दे पर महाराष्ट्र में विपक्ष को घेरा। उन्होंने सवाल किया कि वंशवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टियां देश के लोकतंत्र को कैसे मजबूत कर सकती हैं। ➤ ब्योरा P14

**आदेश:** ईडब्ल्यूएस कोटे से दाखिले

# की आय सीमा ढाई लाख रुपये होगी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आदेश दिया कि ढाई लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चे भी ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत स्कूलों में प्रवेश ले सकते हैं। खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश पीठ द्वारा पारित आदेश में संशोधन करते हुए यह निर्णय दिया है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने 5 दिसंबर 2023 के एकलपीठ के फैसले में बदलाव किया है। एकल पीठ ने सरकार द्वारा कम आय वर्ग के तहत (ईडब्ल्यूएस) सालाना आय को एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया था। खंडपीठ ने एकल पीठ के इस आदेश में संशोधन करते हुए सालाना आय को ढाई लाख रुपये कर दिया है।

उच्च न्यायालय ने एकल न्यायाधीश के फैसले को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की अपील पर अंतरिम आदेश पारित किया है। एकल पीठ ने दिल्ली सरकार को माता-पिता द्वारा आय की स्व-घोषणा की व्यवस्था को तुरंत खत्म करने और स्कूलों में ईडब्ल्यूएस के लिए मुफ्त सीटों की निरंतरता के लिए एक उचित रूपरेखा तैयार करने का भी निर्देश दिया था। एकल पीठ ने कहा था कि दिल्ली सरकार का शिक्षा निदेशालय आय सत्यापन और पात्रता मानदंड की नियमित निगरानी के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेगा।

### योग्य उम्मीदवारों पर प्रतिकूल प्रभाव का दावा

दिल्ली सरकार के स्थायी वकील (सिविल) संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा, आय सीमा में अचानक वृद्धि से एक लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों के योग्य उम्मीदवारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इससे संभावित रूप से ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत प्रवेश पाने की संभावना कम हो जाएगी। स्व-घोषणा पर भरोसा करने की मौजूदा नीति में बदलाव की जरूरत नहीं है। दिल्ली सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने स्कूल और बच्चे को मामले में जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। इस मामले में अगस्त में आगे की सुनवाई होगी।

## परेशानी: फेसबुक, इंस्टाग्राम का सर्वर सवा घंटे ठप रहा

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनिया के कई देशों में मेटा का सर्वर मंगलवार शाम ठप हो गया। इससे फेसबुक, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और थ्रेड इस्तेमाल करने वालों को परेशानी हुई। हालांकि, करीब सवा घंटे बाद सेवा बहाल हो गई।

उपयोगकर्ताओं ने रात करीब 8.56 बजे पेज अपलोड करने में दिक्कत की शिकायत साझा की। साथ ही फेसबुक खुद ही लॉगआउट हो गया। इससे पहले, मेटा के प्रवक्ता एंडी स्टोन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि हम परेशानी दूर करने पर काम कर रहे हैं। इस बीच मेटा की प्रतिद्वंद्वी कंपनी एक्स के मालिक एलन मस्क ने तंज कसते हुए पोस्ट में लिखा कि अगर आप यह पोस्ट पढ़ रहे हैं तो वो इसलिए क्योंकि हमारे सर्वर काम कर रहे हैं।

# डीयू के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा 10 वर्ष बाद बरी

**नागपुर, ,एजेंसी।** बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने मंगलवार को माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा को बरी कर दिया। अदालत ने उनकी उम्रकैद रद्द कर दी। वहीं, इस फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है, क्योंकि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में विफल रहा।

**'दस साल के संघर्ष के बाद न्याय मिला' :** उधर, साईबाबा की पत्नी वसंता कुमारी ने कहा कि 10 वर्ष के संघर्ष के बाद न्याय मिला। पति की प्रतिष्ठा कभी दांव पर नहीं लगी, क्योंकि जो लोग उन्हें जानते थे, वे उन पर विश्वास करते थे। उन्होंने संघर्ष के दौरान समर्थन करने वाले वकीलों और कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद दिया।



बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने उम्रकैद की सजा रद्द की

**सुप्रीम कोर्ट में चुनौती:** बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। साईबाबा पर प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) से संबंध रखने का आरोप था।

## प्रमुख पांच

### किसान आज फिर दिल्ली की ओर बढ़ेंगे

1 किसान संगठनों ने बुधवार को पंजाब से दिल्ली कूच का फैसला किया है। इसके मद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी की गई। P02

### सोना 65 हजार के नए रिकॉर्ड स्तर पर

2 दिल्ली में सोने का भाव 800 रुपये उछाल के साथ 65 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के नए स्तर पर पहुंचा। P13

### मार्च में बर्फबारी से ताल और जल स्रोत जमे

3 उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मार्च में बर्फबारी से अधिकतर जल स्रोत, ताल और छोटे नालों का पानी जम गया है। P16

### फ्रांस में गर्भपात बना संवैधानिक अधिकार

4 महिलाओं को गर्भपात का संवैधानिक अधिकार देने वाला फ्रांस दुनिया का पहला देश बन गया है। P17

### माननीयों को कितना विशेषाधिकार

5 शीर्ष अदालत का यह फैसला हमारी विधायिका के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। अब बहुत से दलों का यह डर कि उनके सदस्यों को खरीद लिया जाएगा, समाप्त हो जाएगा।



एस एन ढींगरा P10

# हाईकोर्ट ने संदेशखाली मामला सीबीआई को सौंपा

- शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को देने का आदेश
- बीती 29 फरवरी को गिरफ्तार हुआ था आरोपी

**कोलकाता, एजेंसी।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को गिरफ्तार टीएमसी से निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि निर्देशों का पालन मंगलवार को ही शाम 4.30 बजे तक किया जाए। इसके बाद सीबीआई शेख को हिरासत में लेने सीआईडी मुख्यालय गई। मगर उन्हें हिरासत नहीं मिली। इससे पहले ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर की थीं। एकल पीठ ने ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एक संयुक्त विशेष जांच टीम के गठन का आदेश दिया गया था।

**सुप्रीम कोर्ट का रुख:** पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष इसका उल्लेख करने को कहा है। ➤ जमीन, फ्लैट कुर्क P14

## द्रमुक नेता ए.राजा के बयान पर विवाद

**चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी।** द्रमुक के सांसद ए. राजा के उस बयान से विवाद खड़ा हो गया, जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा, बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न परंपराएं हैं। बयान की भाजपा ने निंदा की। ➤ ब्योरा P16

## भारतीय ऐप गूगल प्ले स्टोर पर लौटेंगे

**नई दिल्ली।** प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। ➤ मिलकर समाधान करेंगे P13

# अपराधी-आतंकी गठजोड़ पर सात राज्यों में छापेमारी

- एनआईए ने 17 स्थानों पर कार्रवाई की
- कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में दबिश

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** बेंगलुरू की जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने की मुहिम पर एनआईए ने मंगलवार को बड़ा प्रहार किया। इस मामले में जांच एजेंसी ने सात राज्यों में 17 स्थानों पर व्यापक छापेमारी कर बड़े नेटवर्क का खुलासा किया गया।

देर शाम तक कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश में चलती रही। कुछ उत्तर भारत के राज्य भी इस छापेमारी में शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि कट्टरपंथ की मुहिम को लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकी अंजाम दे रहा था। जांच एनआईए ने अपने हाथ में ली है। इसी सिलसिले में छापेमारी की जा रही है। बेंगलुरू पुलिस ने पिछले साल जुलाई में सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन, 45 जिंदा राउंड और चार वॉकी-टॉकी सहित अन्य गोला-बारूद की जब्ती के बाद मामला दर्ज किया था। शुरुआत में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनसे पूछताछ के बाद एक और गिरफ्तारी हुई, जिससे मामले में कुल छह गिरफ्तारियां हुईं।

लश्कर आतंकी टी. नासिर मामले में जुनैद अहमद के साथ आरोपी है। नासिर ने बेंगलुरू जेल में पांच लोगों को कट्टरपंथी बनाया था। जुनैद अहमद फरार है।

**चिंताजनक |** जर्नल जामा पीडियाट्रिक्स में प्रकाशित शोध के अनुसार, अधिक स्क्रीन टाइम की वजह से माता-पिता और बच्चों में बढ़ी दूरी

# मोबाइल की लत में बच्चे मां-बाप से बात भी कम कर रहे

**मेलबर्न, एजेंसी।** मोबाइल फोन की लत से बच्चे माता-पिता से दूर हो रहे हैं। एक शोध में अनुसार, जो बच्चे मोबाइल स्क्रीन के सामने अधिक समय बिताते हैं, वे अपने माता-पिता से काफी कम बातचीत करते हैं। ऐसे बच्चे कम बोलने के साथ कम सुनते भी हैं।

जर्नल जामा पीडियाट्रिक्स में प्रकाशित निष्कर्षों के अनुसार, मोबाइल स्क्रीन के सामने अधिक समय बिताने वाले बच्चे मोटापे और अवसाद का शिकार हो सकते हैं। इससे भी चिंताजनक पहलू यह है कि वे अपने माता-पिता और अन्य परिजनों से भी दूर होते जा रहे हैं।

**बातचीत का माहौल भी जरूरी :** शोधकर्ताओं का दावा है कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए बोलचाल के वातावरण की भी जरूरत है। बच्चों को जितना अधिक बातचीत का माहौल मिलेगा, उतना ही उनका सामाजिक विकास होगा और दिमाग की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। उदाहरण के लिए स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से 18 महीने का बच्चा 1.3 शब्द कम बोलता है। वहीं, जब तीन साल का बच्चा प्रतिदिन औसतन 2 घंटे 52 मिनट स्क्रीन को देखता है। इसके बाद हर अतिरिक्त मिनट स्क्रीन देखने पर वह 4.9 शब्द कम बोलता है।

**ऑस्ट्रेलिया में हुआ शोध:** शोधकर्ताओं ने दक्षिण, पश्चिम ऑस्ट्रेलिया और क्वींसलैंड के 220 परिवारों पर शोध किया। इन परिवारों में वर्ष 2017 में पैदा हुए बच्चे थे। शोध के तहत मां और बच्चे के बीच शब्दों के आदान-प्रदान का रिकॉर्ड एकत्र किया गया।



**220** परिवार के बच्चों को शोध में शामिल किया गया

- पश्चिम ऑस्ट्रेलिया और क्वींसलैंड में रहने वाले परिवारों पर अध्ययन हुआ

### भारत में 91% प्रभावित

भारत में 91 फीसदी बच्चों को लगता है कि मोबाइल न मिले तो उनमें बेचैनी बढ़ जाती है। 89 प्रतिशत बच्चे ऑनलाइन इंफ्लुएंसर की बेहतर जिंदगी देखकर डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं। शोध संस्था साइबर मीडिया के वर्ष 2023 में अक्तूबर-नवंबर में किए गए अध्ययन में यह दावा किया गया है। यह भी कहा गया कि मोबाइल की वजह से अभिभावक और बच्चों में दूरी बढ़ रही है।

### अधिक वक्त मोबाइल फोन संग बीतने लगा

शोध के बाद मिले नतीजों के अनुसार, जैसे-जैसे ये बच्चे मोबाइल फोन की स्क्रीन के संपर्क में आते गए, वे अपने अभिभावक से दूर हो गए। उनका अधिकांश समय मोबाइल फोन के साथ बीतने लगा।

### सीमित हो स्क्रीन का समय

- विशेषज्ञों के अनुसार, यदि दो वर्ष से कम उम्र का बच्चा है तो उसे स्मार्टफोन समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज से दूर रहना चाहिए
- दो साल से अधिक उम्र के बच्चे आधे घंटे स्क्रीन देख सकते हैं। छह साल की उम्र से पहले इंटरनेट से दूरी आवश्यक है



# कोरोनाकाल के बाद 20 फीसदी बच्चों को पड़ी चश्मे की जरूरत

**अध्ययन**

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** कोविड महामारी के बाद से स्कूली बच्चों में गैजेट (मोबाइल, टैबलेट) की उपयोगिता बढ़ने से मायोपिया (निकट दृष्टि दोष) की समस्या तेजी से बढ़ रही है। शहरी क्षेत्रों में 20 फीसदी और ग्रामीण इलाकों में सात से आठ फीसदी बच्चों में चश्मे की जरूरत बढ़ी है। यह तथ्य एम्स में दृष्टि दोष को लेकर आयोजित बैठक के दौरान डॉक्टरों ने प्रस्तुत किए।

नेतृत्व विकास कार्यक्रम को लेकर एम्स के डॉ. आरपी सेंटर और एक निजी संगठन की ओर से मंगलवार को एक बैठक हुई। इसमें प्रो. डॉ. रोहित सक्सेना ने बताया कि बच्चों में दृष्टिदोष और मायोपिया की मौजूदगी बढ़ती जा रही है।

पूर्वी एशिया के सिंगापुर सहित दूसरे देशों में 80-90 फीसदी बच्चों में दृष्टि दोष है। इन देशों में यह आम बात हो गई है, लेकिन भारत में भी यह अब तेजी से बढ़ रहा है। वर्ष 2001 में हुए एक सर्वेक्षण में मायोपिया की दर सात फीसदी थी। फिर कुछ साल बाद 12-13 फीसदी हो गई। वहीं, डॉ. प्रोमिला ने बताया कि पहले सामान्य तौर पर 12-13 वर्ष से लेकर 18 साल तक दृष्टि दोष की समस्या थी। कोविड के बाद से अब यह जल्दी हो रहा है। पिछले पांच-छह सालों में यह समस्या बढ़ी है। इस बैठक में एम्स के डॉ. आरपी सेंटर के प्रोफेसर डॉ. प्रवीण वशिष्ठ भी शामिल रहे।

### लोगों को जागरूक करना होगा

डॉ. प्रोमिला गुप्ता ने बताया कि 25 फीसदी बच्चों को चश्मा पहनने की जरूरत है, लेकिन वे चश्मा पहनने को लेकर संकोच करते हैं। ऐसे में अभिभावकों की भागीदारी बेहद जरूरी है। मगर, अभिभावक भी मानने को तैयार नहीं है। घर तक पहुंच बढ़ाने के लिए 15 लाख चश्मे पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सोशल मीडिया इंफुलेंसर की मदद लेनी होगी, जो लोगों को जागरूक कर सकें। इसमें स्कूल शिक्षक भी प्रभावी हो सकते हैं।

### दृष्टि दोष को ऐसे पहचान सकते हैं

अगर आपका बच्चा ब्लैक बोर्ड को नजदीक से जाकर पढ़ता है। किताबों को आंखों के नजदीक रखता है। पलके ज्यादा झपकता है। आंख से पानी बहता है तो ऐसे में बच्चे की जांच जरूर करवा लें। यह दृष्टि दोष के लक्षण हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए अभिभावक बच्चों को फोन न दें। विटामिन ए अधिक लें। दो घंटे बाहरी गतिविधियों में बच्चे समय जरूर बिताएं।



### इन बातों का ध्यान रखना जरूरी

- बच्चों की मोबाइल और टैबलेट से दूरी बनाएं
- स्मार्ट स्क्रीन से चार से छह फीट की दूरी रखें
- सीमित समय में फोन का इस्तेमाल करें
- हर आधे घंटे के बाद पांच मिनट का अंतराल लें
- बच्चे रोजाना दो घंटे बाहर रोशनी में जरूर बिताएं

### टीवी भी चिंता की वजह

डॉ. रोहित सक्सेना ने बताया कि कोविड से पहले बच्चों के टीवी देखने की बात सामने आती थी। मगर, अब मोबाइल देखने की बात लेकर अभिभावक आते हैं। अगली पीढ़ी के लिए यह चिंता वाली है। बच्चों का बाहर जाना बंद हो गया है। मायोपिया इंसान में सबसे जल्दी होने वाले बीमारी है।

### 60% चालक प्रभावित

विजन स्प्रिंग के अध्यक्ष जॉर्डन ने बताया कि 60 फीसदी व्यावयायिक वाहन चालक इससे प्रभावित हैं। 55 करोड़ लोगों को चश्मे की जरूरत है। अगर इन तक चश्मा पहुंचा जाए तो तीन से छह फीसदी तक जीडीपी बढ़ सकता है।

## किसानों के मार्च की आशंका के चलते कई दिन से कड़ी कर रखी है सुरक्षा, लोग परेशान हो रहे

# दिल्ली के बॉर्डरों पर बैरिकेडिंग से जाम




**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी में किसानों के कूच की संभावना के चलते लगाए गए बैरिकेड विभिन्न बॉर्डरों पर जाम की बड़ी वजह बन रहे हैं। यहां से पुलिस की तैनाती तो हटा ली गई है, लेकिन अभी भी सड़कों पर बैरिकेड वाहनों का रास्ता रोक रहे हैं।

मंगलवार को भी इन बैरिकेड के चलते अलग-अलग बॉर्डरों पर लोग जाम में फंसे रहे। खासतौर से डीएनडी, चिल्ला, गाजीपुर और सिंघु बॉर्डर पर यह स्थिति देखने को मिली। फरवरी की शुरुआत में किसानों ने दिल्ली कूच करने की बात कही थी।

इसके बाद से दिल्ली पुलिस ने सिंघु, टीकरी, गाजीपुर, चिल्ला और डीएनडी बॉर्डर पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए थे। इसके लिए इन बॉर्डरों पर बड़ी संख्या में बैरिकेड लगाए गए थे। किसानों द्वार कूच को जब कुछ समय के लिए टाला गया तो इन रास्तों से बैरिकेड हटाकर सड़क किनारे रख दिए गए। वहीं पुलिसकर्मियों की संख्या को बेहद सीमित कर दिया गया, लेकिन लगभग एक माह बाद भी बॉर्डरों पर पुलिस के बैरिकेड लगे हुए हैं और इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार सुबह नोएडा से दिल्ली में प्रवेश करते समय सैकड़ों वाहन चालक कई घंटे तक जाम में फंसे रहे।



चिल्ला बॉर्डर पर लगी बैरिकेडिंग के कारण मंगलवार को भीषण जाम में फंसे सैकड़ों वाहन चालक। ● सलमान अली

### सिर्फ सर्विस लेन खुलने से राहत नहीं

सिंघु बॉर्डर पर लोगों को हरियाणा आने-जाने में अभी भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, 13 फरवरी को किसान संगठनों के दिल्ली आह्वान पर पुलिस ने सिंघु बॉर्डर के फ्लाईओवर और सर्विस लेन को बंद कर दिया था। कुछ समय पहले दोनों तरफ की सर्विस लेन को खोल दिया गया, इससे लोगों को कुछ राहत मिली है। हरियाणा से दिल्ली आ रहे सूरज प्रकाश ने बताया कि अभी भी सर्विस लेन पर बैरिकेडिंग है, जिससे जाम में फंसना पड़ता है।

## सीमावर्ती इलाकों में फिर चौकसी बढ़ी

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** किसान संगठनों के छह मार्च को दिल्ली कूच का ऐलान करने के बाद मंगलवार रात एक बार फिर सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। नाकों पर अर्धसैनिक बलों के जवानों की चौकसी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा जिले के आला अधिकारी भी अलर्ट मोड पर हैं।

मंगलवार शाम से ही सुरक्षा तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर भी शुरू हो गया। समीक्षा के आधार पर कुछ प्वाइंट पर एहतियातन चौकसी बढ़ा भी गई है। दरअसल पिछले दिनों किसानों ने यह घोषणा की थी कि वे छह मार्च को दिल्ली की ओर मार्च करेंगे, जबकि 10 मार्च को रेलवे ट्रैक को रोकेंगे और 14 मार्च को किसान महापंचायत आयोजित करेंगे।

इसके मद्देनजर ही सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पहले जिन छोटी सड़कों से आवाजाही बिल्कुल आसान थी, अब वहां पर भी पिकेट लगाकर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कर दी गई है।

## आप के पूर्व प्रत्याशी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में पश्चिमी दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी रहे बलबीर सिंह जाखड़ ने मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी कार्यालय पर जाखड़ को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि आज पूरी दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास जता रही है। उधर, बलबीर सिंह जाखड़ ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को सबसे आगे रखा जाता है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री की नीतियां सभी जरूरतमंद लोगों के पास पहुंच रही हैं।

## श्रीराम से तुलना करने पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ ने मंगलवार को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि वित्तमंत्री ने श्रीराम और हनुमान की गलत तुलना की है। कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। प्रदर्शन से रिंग रोड पर लंबा जाम लग गया।

भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ के दिल्ली संयोजक करनैल सिंह ने कहा कि सोमवार को सदन के अंदर वित्तमंत्री ने श्रीराम और हनुमान की आप नेताओं के साथ गलत तुलना की। जिन नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, उनके साथ तुलना कैसे की जा सकती है? उन्होंने कहा कि इस मामले में आप नेताओं को माफी मांगनी चाहिए।

## 'इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी दें'

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** भारतीय युवा कांग्रेस ने बुधवार को एसबीआई से इलेक्टोरल बॉन्ड के दानकर्ताओं का नाम उजागर करने की मांग की।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड बैन किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लोकतंत्र में किसने, किस पार्टी को, कितना पैसा दिया- यह सच जानने का हक जनता को है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को आदेश दिया था कि 6 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड दानकर्ताओं के नाम सार्वजनिक किए जाएं और चुनाव आयोग के साथ साझा किए जाए।

श्रीनिवास ने कहा कि एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से 30 जून तक का वक्त मांगा है, क्योंकि वो इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा देने में असमर्थ है। कंप्यूटर पर एक क्लिक से बॉन्ड का डेटा निकालने के लिए एसबीआई को 5 महीने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद एसबीआई यह डाटा सार्वजनिक करने से डर रही है।

**अपनी सीट को जानिये**

# कारोबार के साथ सियासत चलाती है चांदनी चौक सीट


राजधानी की दूसरी सबसे पुरानी सीट चांदनी चौक कारोबार के साथ देश की सियासत भी चलाती है। इस सीट पर 16 बार चुनावों में नौ बार कांग्रेस ने बाजी मारी है। मुस्लिम और वैश्य बहुल आबादी वाली सीट पर भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों से अपने-अपने समय के दिग्गज नेता सांसद रहे हैं। यहां से पूरे देश का मिजाज पता चल जाता है। **गौरव त्यागी** की रिपोर्ट...

### भाजपा ने व्यापारी प्रवीण खंडेलवाल को मैदान में उतारा

भाजपा ने चांदनी चौक सीट पर व्यापारी प्रवीण खंडेलवाल को टिकट दिया है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन ने फिलहाल यहां प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। गठबंधन के अनुसार इस सीट पर कांग्रेस को उम्मीदवार घोषित करना है।



प्रवीण खंडेलवाल (भाजपा)




नोट : आंकड़े वर्ष 2019 के अनुसार हैं।

### 1957 में हुआ था पहला लोकसभा चुनाव

चांदनी चौक सीट पर सबसे पहला चुनाव 1957 में हुआ। इससे पहले नई दिल्ली लोकसभा सीट पर चुनाव हुआ था। 1957 के चुनाव में कांग्रेस के राधा रमन ने बाजी मारी थी। परिसीमन का असर चांदनी चौक सीट पर नहीं पड़ा और यह सीट अपना प्रभाव बनाए हुए है। चांदनी चौक से सिकंदर बख्त, जेपी अग्रवाल, विजय गौयल, कपिल सिब्बल और डॉ. हर्षवर्धन जैसे नेता सांसद रह चुके हैं।

### दिग्गजों की सीट पर एक बार महिला ने बाजी मारी

चांदनी चौक सीट पर 1971 के लोकसभा चुनाव में सुभद्रा जोशी को महिला सांसद के तौर पर चुना गया। उन्होंने कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर जीत हासिल की थी। इसके बाद से यहां कोई महिला सांसद नहीं बन पाई। इस बार भी प्रमुख दलों द्वारा पुरुष प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा गया है।

### 79 प्रत्याशियों ने लड़ा 1996 का चुनाव

चांदनी चौक लोकसभा सीट पर 1996 का चुनाव 79 प्रत्याशियों ने लड़ा था। यह इस सीट पर अभी तक सबसे ज्यादा प्रत्याशी संख्या है। तब कांग्रेस के दिग्गज नेता जय प्रकाश अग्रवाल ने जीत हासिल की थी।

### पिछले दो लोकसभा चुनाव की स्थिति

**2019**

| पार्टी | उम्मीदवार | मतदान | मतदान प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | डॉ. हर्षवर्धन | 5,19,055 | 52,92 |
| कांग्रेस | जय प्रकाश अग्रवाल | 2,90,910 | 29.66 |
| आप | पंकज कुमार गुप्ता | 1,44,551 | 14.74 |

**2014**

| पार्टी | उम्मीदवार | मतदान | मतदान प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | डॉ. हर्षवर्धन | 4,37,938 | 30.26 |
| आप | आशुतोष | 3,01,618 | 20.84 |
| कांग्रेस | कपिल सिब्बल | 1,76,206 | 12.18 |

**मेरा एजेंडा**

# 'देहात की सरकारी शिक्षण संस्थाओं में सुधार हो'

दिल्ली में शिक्षा के स्तर में बड़ा बदलाव करने और उसके लिए सरकारी शिक्षण संस्थानों में सुधार की जरूरत है।

राजधानी अभी इस बदलाव के दौर से गुजर रही है, ऐसे में देहात के इलाकों में लोगों तक शिक्षा पहुंचाने का समय है। शहरी इलाकों में बड़े-बड़े निजी स्कूल और कॉलेज खुले हुए हैं। देहात में अभी भी अच्छे शिक्षण संस्थानों की कमी है। सरकार को सड़क व्यवस्था पर भी ध्यान देना चाहिए। वर्तमान में भी देहात के कई इलाकों में दिल्ली विश्वविद्यालयों के कॉलेजों तक पहुंचने के लिए छात्रों को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। शिक्षण संस्थानों तक बसों के रूट इन इलाकों में बढ़ाए जाएं। साथ ही, मेट्रो लाइन का विस्तार किया जाए, जिससे छात्रों का समय भी बच सके।



**बसों के रूट और मेट्रो लाइन के विस्तार की जरूरत**

मैं दिल्ली में निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के खर्च को लेकर भी सरकार से नियम बनाने की गुजारिश करता हूं।

– **नरेन्द्र कुमार**, अधिवक्ता, दिल्ली उच्च न्यायालय

# लाजपत नगर में ऑटोमेटेड कार पार्किंग की सुविधा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने मंगलवार को समुदाय भवन, अमर कॉलोनी (लाजपत नगर) में ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग का उद्घाटन किया। 81 कारों की क्षमता वाली इस पार्किंग के बनने से अमर कॉलोनी की व्यस्त मार्केट और स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के अमर कॉलोनी मार्केट के लिए पार्किंग एक बड़ी समस्या थी। इसका समाधान कर दिया गया है। दिल्ली के बाकी स्थानों पर भी पार्किंग एक बड़ी समस्या बनी हुई है। पार्किंग ना होने से मार्केट का व्यापार प्रभावित होता है। इस पार्किंग के बनने से अब अमर कॉलोनी मार्केट के दुकानदारों को लाभ होगा और उनके व्यापार में भी तरक्की आएगी। उन्होंने दो महीने पहले ही इस पार्किंग का निरीक्षण किया था और इसके निर्माण कार्य को तेज करने के निर्देश दिए थे। 750 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित इस पार्किंग परियोजना पर कुल लागत 13.47 करोड़ रुपये की लागत आई है।

इसमें कुल 81 कारों की पार्किंग की क्षमता है। इसमें 25-25 कारों की क्षमता वाले दो मॉड्यूल और 31 कारों की क्षमता वाला एक मॉड्यूल है। इसमें कुल 6 लेवल हैं। पहला और दूसरा लेवल 26 एसयूवी कारों और तीसरे से छठे लेवल तक 55 सेडान कारों के लिए है। पार्किंग पूरी तरह से ऑटिमेडेट है और इसमें कोई मैनुअल हस्तक्षेप नहीं है। प्रत्येक कार के लिए औसत पार्किंग समय 150 सेकंड है।

## न्यायिक सेवा में पद बढ़ाए जाएंगे

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** उपराज्यापाल वीके सक्सेना ने जिला जज (चयन ग्रेड) और जिला जज (सुपर टाइम स्केल) के पदों को बढ़ाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा नियमों की अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है। दिल्ली न्यायिक सेवा में सलेक्शन ग्रेड पद को 25 से बढ़ाकर 35 प्रतिशत और सुपर टाइम स्केल में मौजूद पदों को 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया है। यह वृद्धि एक जनवरी, 2020 से प्रभावी होगी।

राजनिवास सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका का निपटारा करते हुए मई, 2023 में आदेश दिया था कि जिला जज (सलेक्शन ग्रेड) की संख्या कुल जजों का 35 फीसदी होना चाहिए, जो अभी के समय में 25 फीसदी था। इसी तरह जिला जज (सुपर टाइम स्केल) की संख्या 10 से बढ़ाकर 15 फीसदी की जानी चाहिए।



बिहार सरकार

invest BIHAR
A land of immense opportunities

उद्योग विभाग

बिहार लॉजिस्टिक्स नीति, 2023
नीति के तहत अनुमान्य लाभ

लॉजिस्टिक पार्क के लिए प्रोत्साहन :
- पूंजीगत निवेश अनुदान : अचल पूंजी निवेश का 20 प्रतिशत, अधिकतम 20 करोड़ रूपये
- ब्याज प्रतिपूर्ति : 10 प्रतिशत वार्षिक, अचल पूंजी निवेश का अधिकतम 50 प्रतिशत, 60 करोड़ रूपये तक
- बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2016 के तहत अनुमान्य सभी सुविधाएँ

लॉजिस्टि इकाई के लिए प्रोत्साहन :
- पूंजीगत निवेश अनुदान : अचल पूंजी निवेश का 20 प्रतिशत, इनलैण्ड कन्टेनर डिपो के लिए अधिकतम 10 करोड़ रूपये, वेयर हाउस के लिए अधिकतम 06 करोड़ रूपये, कोल्ड चेन व्यवस्था के लिए अधिकतम 04 करोड़ रूपये और कन्टेनर फ्रेट स्टेशन के लिए अधिकतम 03 करोड़ रूपये
- ब्याज प्रतिपूर्ति : 10 प्रतिशत वार्षिक, अचल पूंजी निवेश का अधिकतम 50 प्रतिशत, 30 करोड़ रूपये तक
- बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2016 के तहत अनुमान्य सभी सुविधाएँ

विशेष वर्ग के लिए अतिरिक्ति प्रोत्साहन
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अति पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/महिला/ शारीरिक रूप से चुनौतीग्रस्त लोगों/ वारविडो/ एसिड अटैक विक्टिम तथा थर्ड जेन्डर के लिए ब्याज प्रतिपूर्ति की दर 11.5 प्रतिशत तक। साथ पूंजीगत अनुदान एवं ब्याज प्रतिपूर्ति अनुदान की सीमा सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक।

मल्टी मॉडल लॉजिस्टि पार्क के लिए प्रोत्साहन :
- पूंजीगत निवेश अनुदान : अचल पूंजी निवेश का 20 प्रतिशत, अधिकतम 25 करोड़ रूपये
- ब्याज प्रतिपूर्ति : 10 प्रतिशत वार्षिक, अचल पूंजी निवेश का अधिकतम 50 प्रतिशत, 60 करोड़ रूपये तक
- बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2016 के तहत अनुमान्य सभी सुविधाएँ

#BIHARHAITAIYAR

PR No.- 018949 (Industry)D. 2023-24

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें : https://udyami.bihar.gov.in 18003456214 पर संपर्क करें

## काम की खबरें

**1**

### केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह कल

राजधानी में स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 7 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इसमें 3000 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसमें मुख्य अतिथि होंगी।

**2**

### मोरेना स्टेशन पर रुकेगी विशाखापट्नम एक्सप्रेस

हजरत निजामुद्दीन-विशाखापट्नम के बीच चलने वाली गाड़ी को मोरेना स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है। यह गाड़ी विशाखापट्नम से निजामुद्दीन आते समय दोपहर 1:18 बजे मोरेना पर रुकेगी। वहीं निजामुद्दीन से जाते समय गाड़ी सुबह 10:38 बजे मोरेना पर रुकेगी।

**3**

### हेल्पलाइन से बोर्ड परीक्षा का तनाव दूर करें

बोर्ड परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए युवा हेल्पलाइन नंबर 1800116888/10580 जारी किया गया है। परीक्षा के दौरान यह नंबर 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। जिसको लेकर शिक्षा विभाग ने सर्कुलर जारी किया है। छात्रों की परेशानी को काउंसलर की मदद से दूर किया जाएगा।

**4**

### अतिथि शिक्षकों को आईडी अपडेट करने का मौका

शिक्षा निदेशालय ने अतिथि शिक्षकों को आईडी अपडेट करने का अवसर दिया है। अतिथि शिक्षक निदेशालय की वेबसाइट **https://www.edudel.nic.in//** लिंक पर जाकर अपनी ईमेल आईडी, फोन नंबर, पता सहित दूसरी जरूरी चीजों को 15 मार्च तक अपडेट कर सकेंगे।

## आज का मौसम

**25.0°** अधिकतम | **11.0°** न्यूनतम

सूर्योदय : 06:41 | सूर्यास्त : 18:23

**अनुमान**

मौसम विभाग के अनुसार, कुछ इलाकों में हल्के बादल छाए रहेंगे।

## आसार : चार दिन हवा में हल्की ठंड बनी रहेगी

नई दिल्ली, प्र.सं.। राजधानी में अगले चार दिनों तक हल्की ठंड बनी रहेगी। इस दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 25 से 28 डिग्री, जबकि न्यूनतम नौ से 11 डिग्री के आसपास बना रहेगा।

10 मार्च के बाद से दिल्ली के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इस दौरान सुबह-शाम ठंड बनी रहेगी, जबकि दोपहर को धूप से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम रहा। अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया जबकि, न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा। हवा की रफ्तार भी आठ से 20 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। मंगलवार को दिल्ली के अधिकांश इलाकों में हवा मध्यम श्रेणी में रही।




एलजी ने पोस्ट कर सरकार को नसीहत दी, जवाब में केजरीवाल ने शिकायत के लिए शुक्रिया कहा

# संगम विहार में सुविधाओं का अभाव : उपराज्यपाल

**नाराजगी**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर टूटी सड़कें और गंदगी को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने सरकार को नसीहत देते हुए कहा कि इलाके में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

इससे पूर्व, एलजी ने अधिकारियों के साथ कई ब्लॉक का पैदल दौरा किया। इसकी जानकारी उन्होंने पोस्ट कर दी। उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा, स्थानीय निवासियों के अनुरोध पर वह संगम विहार गए थे। यहां रह रहे 20 लाख से ज्यादा लोग मूलभूत जनसुविधाओं से वंचित हैं और नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां न सड़कें हैं, न सीवर, न कूड़े की सफाई।

उपराज्यपाल ने पोस्ट में लिखा कि मुख्यमंत्री दिल्लीवासियों की समस्या पर ध्यान दें। सीएम के संज्ञान में समस्या को डालने के लिए उपराज्यपाल ने संगम विहार की कई तस्वीरें ट्वीट की हैं। इनमें टूटी सड़कें, जगह-जगह फैला हुआ कूड़ा और नाले से बह रहे पानी की तस्वीरें शामिल हैं।




नई दिल्ली के संगम विहार में निरीक्षण करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना।



एलजी के दौरे के दौरान संगम विहार इलाके में फैली गंदगी।
● तस्वीरें सोशल मीडिया 'एक्स' से

# मुख्य सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया : सीएम

**निर्देश**

नई दिल्ली, प्र. सं.। बुनियादी सुविधाओं पर उपराज्यपाल की नाराजगी के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जवाब दिया। उन्होंने शिकायत के लिए एलजी को शुक्रिया कहा और बताया कि उन्होंने इस बाबत मुख्य सचिव को कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

केजरीवाल ने शिकायत के लिए शुक्रिया कहते हुए दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। हालांकि, एलजी की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को सात दिन में कमियों को दूर करने का आदेश दिया है। केजरीवाल ने लिखा कि पहले आपने किराड़ी और बुराड़ी की कमियों को भी उजागर किया था। मैं मुख्य सचिव को आदेश दे रहा हूं कि वो सात दिन के अंदर इन सभी इलाकों की सभी कमियों को दूर करे। इस बीच आपसे अपील है कि जो भी अधिकारी इन कमियों के जिम्मेदार हैं, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएं, क्योंकि उसका अधिकार आप के पास है।

केजरीवाल ने आगे कहा कि जो काम आप कर रहे हैं, वो काम विपक्ष को करना चाहिए था। सत्ता पक्ष की कमियां निकालना विपक्ष का काम है। दुर्भाग्यवश, आज विपक्ष यानि भाजपा के सातों सांसद राजनीति से संन्यास लेने में व्यस्त हैं। आठ विधायक नींद में हैं। यही कारण है कि भाजपा बीते 26 वर्षों से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। इसलिए संवैधानिक पद पर होते हुए भी आपको विपक्ष की भूमिका निभानी पड़ रही है।

### किराड़ी और बुराड़ी का भी दौरा किया था

एलजी ने संबंधित अधिकारियों को भी इन समस्याओं का समाधान करने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि किराड़ी और बुराड़ी का भी दौरा कर चुके हैं। उस समय भी उन्होंने लोगों की समस्या को उठाया था।






# महिला सम्मान निधि की पहली किस्त अक्तूबर तक

दिल्ली सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 76 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बीते 10 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड पेश कर दिल्ली की बदलती तस्वीर भी दिखाई गई। चुनाव से पहले बजट में महिला सम्मान निधि के लिए बालिग महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा की गई। वित्त मंत्री **आतिशी** ने बताया कि इसकी पहली किस्त सितंबर या अक्तूबर तक आ जाएगी। बजट को लेकर मंगलवार को *'हिन्दुस्तान'* के प्रमुख संवाददाता **बृजेश सिंह** ने वित्त मंत्री से बातचीत की। पेश हैं प्रमुख अंश...



**साक्षात्कार**

■ **बतौर वित्त मंत्री यह आपका पहला बजट है। महिला सम्मान निधि का आइडिया कहां से आया?**

महिला सम्मान निधि हमारे एजेंडे में पहले से था। पूर्व में हमारी प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी की पाइप लाइन बिछाना था। अब उस दिशा में काम कर लिया है तो इसे लेकर आए हैं। बुनियादी जरूरतों और संरचनाओं को ठीक करने में हमारा बहुत सारा खर्च बीते 8-9 वर्षों में हो चुका है। इसलिए अब हमारे पास मौका था कि हम इस बजट में इसका बोझ उठा सकते हैं।

■ **बजट के बाद दो चुनाव हैं। पहले लोकसभा और अगले साल विधानसभा। इन्हें लेकर भी कोई दबाव था?**

जनता पहले से हमारे साथ जुड़ी हुई है। आप दिल्ली में कहीं भी जाइए, खासतौर से मध्यमवर्गीय परिवार में, उनके जीवन में पिछले 10 वर्षों में बड़ा बदलाव आया है। उनके रोजमर्रा के जीवन में बदलाव आया है। पहले तो उन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ता था। सुबह पानी भरने से लेकर बच्चों की शिक्षा, अस्पताल में इलाज कराना और घर से निकलना बहुत मुश्किल था, लेकिन बीते नौ साल में बहुत फर्क पड़ा है। स्कूल बदल गए हैं।

इलाज के लिए मोहल्ला क्लीनिक खुल गए हैं। काम के लिए दूर जा सकते हैं, क्योंकि महिलाओं को बस में मुफ्त सफर है। इसका असर है कि दिल्ली में महंगाई सबसे कम है। कोविड के बाद हमारी अर्थव्यवस्था सबसे जल्दी उभरी है, क्योंकि यहां लोगों की खर्च की क्षमता बढ़ी है। हमारी योजनाओं से उनकी जेब में पैसे बच रहे हैं।

■ **करदाता महिलाएं सम्मान निधि योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। क्या आय की कोई सीमा तय की गई है?**

दिल्ली में फिलहाल कोई न्यूनतम या अधिकतम सीमा तय नहीं है। अभी जो भी महिला करदाता हैं उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा, क्योंकि उन्हें इसकी जरूरत नहीं है। इसके अलावा सरकारी नौकरी करने वाली या सरकारी पेंशन पाने वाली महिला इसका लाभ नहीं ले सकती हैं।

■ **महिला सम्मान निधि की पहली किस्त कब तक मिलेगी। महिलाओं की संख्या के लिहाज से बजट कम नहीं है?**

अभी तो चुनाव आचार संहिता लग जाएगी। इसमें एक-डेढ़ महीना लग जाएगा। इस दौरान हम कैबिनेट प्रस्ताव समेत अन्य प्रक्रिया को पूरा कर लेंगे। योजना की अधिसूचना चुनाव के बाद ही होगी। उसके बाद आवेदन मांगे जाएंगे। उसकी जांच प्रक्रिया चलेगी।

मुझे लगता है कि सितंबर और अक्तूबर तक महिलाओं के खाते में पहली किस्त आ जाएगी, जहां तक बजट आवंटन की बात है तो अभी यह पहले साल के लिए है। हमें उम्मीद है अगले साल इसका बजट बढ़ाएंगे।

■ **आप पर आरोप है कि आप लोगों को मुफ्त सुविधा देना आसान लगता है, इसलिए इस तरह की योजना लेकर आते हैं?**

मैं कहती हूं कि वो ये करके दिखा दे। अगर इतना आसान है सबकुछ करना तो वह क्यों करके नहीं दिखा देते। वह मुफ्त बिजली, पानी क्यों नहीं देते। वह सरकारी स्कूलों को ठीक क्यों नहीं करते। सरकार चलाना आसान नहीं होता। इसके लिए प्रशासनिक व प्रबंधन की क्षमता होनी चाहिए। हम सबकुछ इसलिए कर पाते हैं, क्योंकि हम ईमानदार हैं। दूसरा हम पढ़े लिखे लोग हैं जो प्रशासनिक मामलों को समझते हैं। अगर यह आसान है तो कोई दूसरी सरकार बता दीजिए जो यह काम कर रही हो।

■ **सरकार की योजनाएं बार-बार अटक जाती हैं। इससे कैसे निपटेंगे?**

देखिए, मैंने बजट के दौरान 9 साल का रिपोर्ट कार्ड भी रखा। वह रिपोर्ट दिखा रही है कि इतनी अड़चन के बाद भी अरविंद केजरीवाल लड़-झगड़कर अपने सारे वादे पूरे कर देते हैं। स्कूल बदलना, मोहल्ला क्लीनिक खोलना आसान नहीं था। पिछले साल बिजली सब्सिडी रोकने की कोशिश हुई, लेकिन हमने लड़कर उसे चालू रखा। मुख्यमंत्री कोई न कोई रास्ता ढूंढ लेंगे।

■ **हर साल आउटकम बजट आता था, लेकिन इस बार क्यों नहीं आया?**

वो इसलिए नहीं आया, क्योंकि हमने इस साल पूरे दस साल का रिपोर्ट कार्ड रखा है। इसलिए आउटकम बजट नहीं ला पाए।

■ **बजट में पर्यावरण, यमुना की सफाई पर बात नहीं हुई, जबकि 2025 तक यमुना साफ करने का वादा है?**

ऐसा नहीं है, यमुना के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। जल बोर्ड का बजट हमने बढ़ाया है। हम उसे बजट में बोल नहीं पाए, क्योंकि उसके अलावा भी 1 घंटा 42 मिनट का समय लग गया। सभी क्षेत्र में काम होगा।

■ **क्या आप मानती हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में राम मंदिर मुद्दा है। बजट में रामराज्य की अवधारणा की वजह वही है?**

भाजपा को भगवान श्रीराम की याद आई है। हम तो उनके दिखाए हुए रास्ते पर दस साल से चल रहे हैं। हमें उनकी एक सरकार बता दीजिए जो रामराज्य के सिद्धांत पर चलती हो। जो गरीबों के लिए काम करती हो। लोगों को मुफ्त इलाज देती हो। ऐसे में असली राम भक्त कौन है, हम या वो। उन्हें राम सिर्फ वोट के समय याद आते हैं। इससे साफ है कि हम राम के ज्यादा करीब हैं। हम उनके नाम पर राजनीति नहीं करते।

■ **आपका परिवार सदन में आपको सुनने आया था। बजट सुनने के बाद क्या फीडबैक मिला?**

मेरे माता-पिता को बजट अच्छा लगा। मेरी मां अरविंद केजरीवाल की बहुत बड़ी फैन हैं। वह कहती हैं कि दिल्ली के लिए काम तो करना चाहता है, लेकिन उसे काम नहीं करने दे रहे।

वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि हम राम के नाम पर राजनीति नहीं करते हैं। दिल्ली सरकार का मकसद सिर्फ विकास कराना है और हम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में उसी दिशा में जा रहे हैं। जब से हम सत्ता में आए हैं दिल्ली की तस्वीर बदल दी है।

## शहर 30s

### डीयू के कर्मचारियों ने धरना दिया

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार से वित्त पोषित डीयू के 12 कॉलेजों के कर्मचारियों ने मंगलवार को तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारी मंगलवार को शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज के बाहर एकत्रित हुए थे। इस दौरान डीयू कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी देवेंद्र शर्मा ने कहा कि हम जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान चाहते हैं।

### स्कूल में कॉमर्स स्ट्रीम पढ़ाने की मंजूरी

नई दिल्ली। वसंतकुंज स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से कॉमर्स स्ट्रीम पढ़ाने को मंजूरी दी गई है। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय ने सूचना जारी की है। जिला उप शिक्षा निदेशक और एस्टेट सहायक निदेशक विद्यालय में आवास, फर्नीचर, पानी और बिजली से संबंधित सभी दिक्कतों को जल्द से जल्द दूर करेंगे।

### विद्यार्थियों के लिए आठ मार्च तक थेरेपी सत्र

नई दिल्ली। संसाधन केंद्रों में दिव्यांग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आठ मार्च तक थेरेपी सत्र का आयोजन होगा। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय की समावेशी शिक्षा शाखा ने सर्कुलर जारी किया है। छात्रों को केंद्रों में फिजियोथेरेपी दी जाएगी। इसकी सूचना अभिभावकों को देने के निर्देश हैं। पहली बार संसाधन केंद्र में जाने वाले बच्चों के साथ विशेष शिक्षा शिक्षक मौजूद रहेंगे।

### नाम बदलकर गुरुग्राम में रह रहा आरोपी धरा

नई दिल्ली। द्वारका जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने 2017 में दर्ज एक मामले में भगोड़ा घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुनील उर्फ काके नाम बदलकर गुरुग्राम सेक्टर-51 में रह रहा था। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि एएटीएस इंचार्ज इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम लंबे समय से फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सुनील गुरुग्राम में है। टीम ने छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस ने भगोड़े बदमाश को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। सागरपुर थाना पुलिस टीम ने हत्या के मामले में शामिल भगोड़ा घोषित बदमाश गिरफ्तार किया है। आरोपी संजय उर्फ संदीप के पास से चोरी की स्कूटी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि गश्त के दौरान टीम ने नसीरपुर बारात घर के पास स्कूटी सवार संदिग्ध को रुकने का इशारा किया। आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा तो टीम ने पीछाकर दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि वह एक हत्या के मामले में शामिल है।

### ताला ठीक करने के बहाने गहने लेकर फरार

नई दिल्ली। दिलशाद गार्डन इलाके में शुक्रवार को ताला सही करने के बहाने बदमाश बुजुर्ग महिला के घर से गहने और नकदी चोरी कर फरार हो गए। बुजुर्ग की शिकायत पर सीमापुरी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता 74 वर्षीय कृष्णा कालरा अपने परिवार के साथ दिलशाद गार्डन, एच-पॉकेट में रहती है।

### महिला अधिकारों को लेकर प्रदर्शन आज

नई दिल्ली। महिला अधिकारों को बचाने सहित कई दूसरी मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर बुधवार को प्रदर्शन किया जाएगा। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन समेत कई संगठनों के बैनर तले प्रदर्शन होगा। इसमें विश्वविद्यालयों के छात्र, प्रोफेसर और सामाजिक कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

### विद्यालय में गणित शिक्षक की नियुक्ति के आदेश

नई दिल्ली। सीमापुरी स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में टीजीटी गणित विषय के पद पर शिक्षक की नियुक्ति के शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी किए हैं। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड की ओर से उम्मीदवार का चयन किया गया है। उम्मीदवार को दस्तावेजों के सत्यापन और आंवटित स्कूल में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ट्रक से टकराई एसयूवी, छात्र की मौत

■ सुभाष प्लेस इलाके में रविवार देर रात हादसा हुआ, दो युवक घायल

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। सुभाष प्लेस इलाके में रविवार देर रात तेज रफ्तार एसयूवी खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में एसयूवी सवार एमबीए छात्र की मौत हो गई और उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने डीडी इंट्री के आधार पर लापरवाही से मौत की धारा में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। 29 वर्षीय बलविंदर सिंह परिवार समेत विकासपुरी इलाके में रहते थे। उनके पिता गुरुवदेव सिंह एमटीएनएल से अवकाश प्राप्त अधिकारी हैं। दो भाइयों में सबसे छोटे बलविंदर आयरलैंड में एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद एक मार्च को दिल्ली लौटा था।

वह रविवार की रात को शकूरपुर अपने दोस्त योगेश के घर गया था। वहां उनका दोस्त दानिश भी आ गया। योगेश की एसयूवी में सवार होकर तीनों दोस्त देर रात विकासपुरी के लिए निकले थे। सुभाष प्लेस पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक में एसयूवी ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों ने घायलों को महाराज अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने बलविंदर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रक की पार्किंग लाइट ऑन नहीं थी।

**मध्यप्रदेश शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग (सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ), मंत्रालय, भोपाल**
**विज्ञापन**

क्रमांक एफ-11-62/2021/सूअप्र/1-9 भोपाल, दिनांक 05/03/2024

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-15 के प्रावधानों के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्तों के पदों की पूर्ति हेतु एतद् द्वारा ऑनलाईन आवेदन दिनांक 26.03.2024 को सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। इन पदों की अर्हताएँ एवं शर्तें मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट www.gad.mp.gov.in पर देखी जा सकती हैं एवं वेबसाईट https://gad.mp.gov.in/gadmis/sic/login.aspx पर ऑनलाईन आवेदन भर कर निर्धारित समयावधि के पूर्व जमा किया जा सकेगा।
2/ आनलाईन आवेदन भरने में कठिनाई होने पर मोबाइल नंबर 9425488166 अथवा ई-मेल आई.डी. malviya.manish@nic.in पर संपर्क कर सकते हैं।

(शैलबाला ए. मार्टिन)
अपर सचिव
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (सूअप्र)

जी-25480/23

# विदेशी शख्स को भारतीय पासपोर्ट पर रूस भेजा

**खुलासा**

■ मेघालय बॉर्डर से देश में दाखिल हुआ था बांग्लादेशी नागरिक
■ पुलिस ने एजेंट को गुजरात से दबोचा, आधार कार्ड भी बनवाया था

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। गुजरात के रहने वाले एक एजेंट ने बांग्लादेशी शख्स को भारतीय बनाकर रूस भेज दिया। इसके लिए उसका फर्जी आधार कार्ड और भारतीय पासपोर्ट तैयार किया गया। लगभग 10 माह रूस में रहने के बाद जब युवक लौटा तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। पुलिस ने रविवार को एजेंट मुल्तानी रफीक मोहम्मद को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार, 22 फरवरी को 35 वर्षीय फारुक खान रूस से आईजीआई एयरपोर्ट लौटा था। छानबीन के दौरान पता चला कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। इमिग्रेशन से मिली शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि वह बांग्लादेश में दर्जी था। वर्ष 2021 में मेघालय बॉर्डर के रास्ते अवैध तरीके से भारत में दाखिल हो गया। तमिलनाडु में छह माह काम किया। वर्ष 2022 में बेंगलुरु में उसकी मुलाकात रफीक मोहम्मद से हुई। उसने बताया कि वह उसे दो लाख रुपये में भारतीय दस्तावेज पर रूस भेज देगा।

रफीक ने उसका बेंगलुरु में फर्जी पते पर आधार कार्ड बनवाया, जिसमें गुजरात का पता लिखा था। अक्तूबर 2022 में वह गुजरात गया और यहां उसका भारतीय पासपोर्ट बनवाया गया। एजेंट के कहने पर वह कुछ समय दिल्ली के जैतपुर इलाके में रहा और फिर रूस चला गया।

# महिलाओं की निर्भरता कम होगी : आप

**बजट सत्र**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट पर चर्चा शुरू हो गई। सत्ता पक्ष के विधायकों ने सदन में चर्चा के दौरान बजट को दिल्ली की सुनहरी तस्वीर बताई। आप विधायकों ने कहा कि महिलाओं के सम्मान निधि की घोषणा उनके सशक्तीकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। इससे उनकी दूसरों पर निर्भरता कम होगी।

आप विधायक बी. एस. जून ने कहा कि दिल्ली की इस योजना को हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने भी लागू किया है। इसे महिलाओं के दूसरों पर निर्भरता कम होगी। बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष की तरफ से कोई मौजूद नहीं रहा। मंगलवार को सदन की कार्रवाई की शुरुआत नियम 280 के तहत चर्चा के साथ शुरू हुआ। आप विधायकों ने सदन में अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। इस दौरान आप विधायक अजय दत्त, नरेश कुमार ने अपने यहां डूसिब के खरा शौचलायों का मुद्दा उठाया।

इसके अलावा चांदनी चौक से विधायक प्रहलाद साहनी ने उनके विधानसभा में धोबी घाट के घरों को तोड़ने का मुद्दा उठाया। इसपर जवाब देते हुए शहरी विकास विभाग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि शौचालयों का सर्वे कराने के लिए कंपनी का चयन किया जा रहा है। जल्द ही वहां जो कमियां होगी उसे चिन्हित करके दूर किया जाएगा।

"मुझे माताओं और बहनों के ढेरों फोन आ रहे हैं। खूब आशीर्वाद दे रहीं हैं और पूछ रहीं हैं कि महिला सम्मान योजना में कैसे रजिस्टर करना है। मैं लगा हुआ हूं। जल्दी इस योजना का रजिस्ट्रेशन भी चालू करेंगे। -**अरविंद केजरीवाल**, मुख्यमंत्री

### 'विपक्ष को बदलती तस्वीर नहीं दिखाई दे रही'

चर्चा के दौरान आंबेडकर नगर से विधायक अजय दत्त ने कहा कि विपक्ष का काम सिर्फ कमियां निकालना है, लेकिन वह दस साल में दिल्ली की बदलती तस्वीर उन्हें दिखाई नहीं देती है। वहीं, बीएस जून ने कहा कि महिला सम्मान निधि की घोषणा से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है।

### केंद्र नारी शक्ति के लिए योजना लाए : कक्कड़

आप ने दिल्ली सरकार की तर्ज पर केंद्र सरकार से भी महिला सशक्तीकरण के लिए योजना लाने की मांग की है। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि पार्टी ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान निधि योजना का ऐलान कर महिला सशक्तिकरण की तरफ बहुत बड़ा कदम उठाया है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 नई कालोनी, कालागढ़**

**निविदा सूचना संख्या-05/ई.ई./के.भ.ख.-3/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द पृथक-पृथक निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनाँक 06-04-2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। मुहरबन्द निविदाएं दिनाँक 06-04-2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनाँक 06-04-2024 को अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्यशाला मण्डल-प्रथम, कानपुर द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 07-03-2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनाँक 05-04-2024 अपराह्न 04:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./राष्ट्रीयकत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 के कक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नई दिल्ली स्थित ओखला बैराज तथा आगरा नहर हैड रेगुलेटर के यॉत्रिक एवं विद्युत कार्यों का अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य। | 8.47 | 17000.00 | 08 दिवस | 225.00 +18% जी.एस.टी. + (500 रु. स्टेशनरी चार्ज) | "ए"/"बी" मकैनिकल, सिंचाई विभाग |

यह निविदा सूचना वैबसाइट http://upgov.up.nic.inतथा सिंचाई विभाग की वैबसाइट http://idup.gov.inपर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र इच्छुक ठेकेदार अथवा फर्म/ठेकेदार द्वारा (1) पंजीकरण प्रमाण-पत्र, (2) जिलाधिकारीय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (I.D.T.-1),(3) हैसियत प्रमाण पत्र (I.D.T.-2),(4) स्वघोषणा प्रमाण-पत्र (I.D.T.-3),(5) जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं फर्म/ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को फोटोयुक्त अधिकार-पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो, अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में निर्धारित अवधि में उपरोक्त शुल्क सहित जमा करने उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3
कालागढ़

UP-205132, Dt. 04.03.2024
Website : www.upgov.nic.in

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 नई कालोनी, कालागढ़**

**निविदा सूचना संख्या-04/ई.ई./के.भ.ख.-3/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द पृथक-पृथक निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनाँक 05-04-2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। मुहरबन्द निविदाएं दिनाँक 05-04-2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनाँक 05-04-2024 को अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्यशाला मण्डल-प्रथम, कानपुर द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 07-03-2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनाँक 04-04-2024 अपराह्न 04:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./राष्ट्रीयकत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 के कक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्डन बैराज एवं हैड रेगुलेटर के यॉत्रिक एवं विद्युत कार्यो का अनुरक्षण एवं मरम्मत के कार्य। | 8.45 | 16900 | 20 दिवस | 225.00 +18% जी.एस.टी. + (500 रु. स्टेशनरी चार्ज) | "ए"/"बी" मकैनिकल, सिंचाई विभाग |

यह निविदा सूचना वैबसाइट http://upgov.up.nic.inतथा सिंचाई विभाग की वैबसाइट http://idup.gov.inपर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र इच्छुक ठेकेदार अथवा फर्म/ठेकेदार द्वारा (1) पंजीकरण प्रमाण-पत्र, (2) जिलाधिकारीय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (I.D.T.-1),(3) हैसियत प्रमाण पत्र (I.D.T.-2),(4) स्वघोषणा प्रमाण-पत्र (I.D.T.-3),(5) जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं फर्म/ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को फोटोयुक्त अधिकार-पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो, अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में निर्धारित अवधि में उपरोक्त शुल्क सहित जमा करने उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3
कालागढ़

UP-205133, Dt. 04.03.2024
Website : www.upgov.nic.in

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 नई कालोनी, कालागढ़**

**निविदा सूचना संख्या-02/ई.ई./के.भ.ख.-3/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द पृथक-पृथक निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनाँक 03-04-2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। मुहरबन्द निविदाएं दिनाँक 03-04-2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनाँक 03-04-2024 को अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्यशाला मण्डल-प्रथम, कानपुर द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 07-03-2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनाँक 02-04-2024 अपराह्न 04:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./राष्ट्रीयकत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 के कक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद हरिद्वार में स्थित ऊपरी गंगा लिंक चैनल व पूर्वी गंगा नहर हेड रेगुलेटर के गेटों के वार्षिक अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य। | 6.23 | 12500 | 20 दिवस | 225.00 +18% जी.एस.टी. + (500 रु. स्टेशनरी चार्ज) | "ए"/ "बी" मकैनिकल, सिंचाई विभाग |

यह निविदा सूचना वैबसाइट http://upgov.up.nic.inतथा सिंचाई विभाग की वैबसाइट http://idup.gov.inपर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र इच्छुक ठेकेदार अथवा फर्म/ठेकेदार द्वारा (1) पंजीकरण प्रमाण-पत्र, (2) जिलाधिकारीय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (I.D.T.-1),(3) हैसियत प्रमाण पत्र (I.D.T.-2),(4) स्वघोषणा प्रमाण-पत्र (I.D.T.-3),(5) जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं फर्म/ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को फोटोयुक्त अधिकार-पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो, अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में निर्धारित अवधि में उपरोक्त शुल्क सहित जमा करने उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3
कालागढ़


UP-205135, Dt. 04.03.2024
Website : www.upgov.nic.in




गूगल विज्ञापन के माध्यम से अपने मोबाइल नंबर साइट पर डाल देते थे आरोपी

# फर्जी कस्टमर केयर नंबर से ठगने वाले गिरोह का खुलासा, तीन धरे

**शिकंजा 1**



नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दक्षिणी दिल्ली जिले की साइबर थाना पुलिस ने पटना, बिहार से गूगल पर फर्जी कस्टमर केयर नंबर देकर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जामताड़ा झारखंड से जुड़े हैं।

तीन मार्च को पकड़े गए आरोपी रितिक कुमार, मनीष कुमार और संजय कुमार के पास से छह मोबाइल, पासबुक, आधार कार्ड और सिम बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह की और जानकारी जुटा रही है।

**महिला के खाते से 1.29 लाख उड़ाए :** पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि पंचशील पार्क में रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया था कि उसने एक घरेलू आटा चक्की खरीदी थी। वह खराब निकली। वेबसाइट पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा गूगल पर सर्च करने पर दो कस्टमर केयर नंबर मिले। नंबर पर संपर्क किया तो उन्होंने भरोसा दिया कि पैसे खाते में भेज दिए जाएंगे।

महिला ने पैसा वापस पाने के लिए अपना पेटीएम पेमेंट वॉलेट नंबर दिया, लेकिन उल्टा उनके खाते से ही 1.29 लाख रुपये कट गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### वारदात में आरोपी का चचेरा भाई भी शामिल

साइबर थाना पुलिस की जांच में सामने आया कि पीड़ित महिला के खाते से रुपये पटना निवासी संजय कुमार के खाते में गए हैं और उसी दिन पैसे झारखंड के जामताड़ा के एक एटीएम से निकाले गए हैं। टीम ने आरोपियों की जानकारी जुटाकर पटना से तीनों आरोपियों को दबोच लिया। आरोपी संजय ने बताया कि उसके चचेरे भाई मनीष ने खाता खोलने में उसकी मदद की थी। इसके बदले उसने छह हजार रुपये लिए थे। पूछताछ में आरोपी मनीष ने बताया कि उसने संजय का खाता अपने दोस्त रितिक को बेच दिया था। वह कमीशन पर बैंक खाता खरीदने का काम करता था। रितिक ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ जामताड़ा गिरोह से जुड़ा हुआ है। वह गूगल विज्ञापन के माध्यम से अपने नंबर साइट पर डाल देते थे। इसके बाद संपर्क करने वालों को ठगते थे।

## मुनाफे का झांसा देने वाले आठ पकड़े

नई दिल्ली, व.सं.। नारायणा थाना पुलिस ने सोमवार को निवेश के बाद **2** जीएसटी अकाउंट में डबल मुनाफा का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के आठ लोगों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों की पहचान सुरेंद्र, हरीश कुमार, अनूप कुमार गुप्ता, परमानन्द, शैलेन्द्र, निशांत मोहन कुमार, पिंकू और राजीव के रूप में हुई। आरोपियों से 15.59 लाख रुपये की नकदी और 12 मोबाइल बरामद हुए हैं।

पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि 22 फरवरी को पैसों से भरा बैग लूटने की सूचना मिली थी। पीड़ित ने बताया कि पिंकू ने उसे राजीव, निशांत और रोहित से मिलवाया था। इन तीनों ने 25 लाख निवेश करने पर 50 लाख रुपये देने का झांसा दिया था। आरोपियों ने बताया था कि अगर वह निवेश करता है तो उसके जीएसटी अकाउंट में आरटीजीएस के माध्यम से 50 लाख रुपये वापस मिलेंगे। पीड़ित राजीव, निशांत और रोहित को पैसा देने के लिए नारायणा स्थित उनके ऑफिस पहुंचा।

एसएचओ नारायणा इंस्पेक्टर सतीश कुमार, इंस्पेक्टर संदीप यादव की टीम ने पिंकू को हिरासत में लिया तो सामने आया कि वह इसी गिरोह का सदस्य है। उसका काम लोगों को फंसाकर ऑफिस तक लाना था। झांसा देने का काम रोहित और उसके साथी करते थे। पुलिस ने पिंकू से पूछताछ, मैनुअल और तकनीकी जांच के आधार पर मोहन गार्डन इलाके से राजीव और निशांत मोहन कुमार को गिरफ्तार किया। इसके बाद अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। शेर सिंह और आरके यादव की तलाश जारी है।

### आरोपियों ने खुद को इंस्पेक्टर बताकर छापा मारा

इसी दौरान आरोपियों का एक साथी सुरेन्द्र, हरीश शर्मा, अनूप आदि ने खुद को अपराध शाखा का इंस्पेक्टर बताकर नारायणा स्थित ऑफिस पर छापा मारा। इसके बाद पूछताछ के बहाने राजीव, निशांत और रोहित को अपने साथ ले गए। ठग पैसों का बैग भी लेकर चले गए।



दिल्ली के सैनिक अस्पताल में इलाज के बाद स्वस्थ हुए जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के रहने वाले आठ वर्षीय बच्चे के साथ के डॉक्टरों की टीम। • हिन्दुस्तान

## आर्मी अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्चे को नई जिंदगी दी

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। दिल्ली के आर्मी अस्पताल के डॉक्टरों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला के रहने वाले एक आठ वर्षीय बच्चे को नई जिंदगी दी है।

बच्चे की महाधमनी (शरीर के सभी हिस्सों में शुद्ध रक्त की आपूर्ति करने वाली रक्त वाहिनी) सिकुड़ी हुई थी। इस कारण रक्त की आपूर्ति शरीर के कुछ महत्वपूर्ण अंगों में प्रभावित थी। साथ ही हृदय पूरी कार्यक्षमता के साथ काम नहीं कर रहा था। ऑपरेशन सद्भावना के तहत बच्चे को उपचार के लिए दिल्ली लाया गया।

अस्पताल में कर्नल हरमीत सिंह अरोड़ा के नेतृत्व में बाल चिकित्सा कॉर्डियोलॉजी की टीम ने उच्च जोखिम वाली ट्रांसकैथेरट (गैर सर्जिकल)

■ सद्भावना ऑपरेशन के तहत उपचार के लिए जम्मू-कश्मीर से लाए दिल्ली

प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। यह प्रक्रिया पेट और जांघ के बीच के भाग में एक छोटे से निक के माध्यम से की गई। सिकुड़ी रक्त वाहिनी को खुला रखने के लिए उसमें स्टेंट का प्रत्यारोपण किया।

यह प्रक्रिया अत्याधिक जोखिम भरी थी और कोई निशान भी नहीं आया। इस प्रक्रिया के पूरा होने के तीन दिन बाद बच्चे को छुट्टी दे दी गई। भविष्य में वह सामान्य तौर पर अपना जीवन यापन कर सकेगा। बच्चा स्कूली छात्र है। परिवार आर्थिक तौर पर कमजोर है।

**शहर 30s**

### भजनपुरा में युवक को गोली मारी

नई दिल्ली। भजनपुरा इलाके में सोमवार देर रात बदमाशों ने एक युवक के पेट में गोली मार दी। घायल 19 वर्षीय हैदर उर्फ समीर को जगप्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। हैदर सोमवार रात करीब 10 बजे खाना खाकर घर के बाहर टहल रहा था। तभी बदमाशों ने उसके पेट में गोली मार दी।

### एसबीआई सेवा केंद्र संचालक से 70 हजार लूटे

नई दिल्ली। विकासपुरी इलाके में बदमाशों ने एसबीआई सेवा केंद्र चलाने वाले एक दुकानदार को लूट लिया। विकासपुरी निवासी रंजीत कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह घर के भूतल पर एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। शनिवार शाम वह दुकान पर बैठे थे, तभी दो युवक आए। जान से मारने की धमकी देकर 70 हजार रुपये और दो मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

### गैंगस्टर टुंडा को शादी के लिए पैरोल

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने मंगलवार को गोगी गिरोह से जुड़े गैंगस्टर योगेश उर्फ टुंडा को अपनी शादी के लिए छह घंटे की हिरासत में पैरोल दी है। इस पर पिछले साल मई में तिहाड़ जेल में प्रतिद्वंद्वी गैंग के प्रमुख टिल्लू ताजपुरिया की हत्या में शामिल होने का आरोप है। न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने आर्य समाज मंदिर में शादी के लिए हिरासत पैरोल की मांग वाली याचिका को स्वीकार कर लिया है।

### लापता बच्ची का शव गड्ढे में मिला

नई दिल्ली। रूपनगर इलाके से लापता पांच वर्षीय बच्ची का शव सोमवार को एक गड्ढे में मिला, जिसमें पानी भरा हुआ था। फिलहाल, पुलिस हादसा मान रही है। सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन के पास झुग्गी में भोलू, पत्नी ज्वाला और तीन बच्चों के साथ रहता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 29 फरवरी की सुबह बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। जब परिवार जाने लगा तो बच्ची घर के बाहर नहीं थी।

### याचिका पर केंद्र और यूजीसी जवाब देंगे

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने मंगलवार को उस याचिका पर केंद्र और यूजीसी से उनका रुख पूछा, जिसमें दावा किया गया है कि कोई छात्र डिजिलॉकर खाते के बिना एकेडमिक्स बैंक ऑफ क्रेडिट में नामांकन नहीं कर सकता है। जिसके लिए वैध आधार आईडी की आवश्यकता होती है। पीठ ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वकील को मामले में अधिकारियों से निर्देश लेने व अदालत को अवगत कराने के लिए समय दिया है।

### दिल्ली हिंसा मामले में जमानत पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने वर्ष 2020 में हुए उत्तर-पूर्वी दिल्ली हिंसा की साजिश के मामले में जामिया मिलिया इस्लामिया के पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष शिफा उर रहमान और छात्र कार्यकर्ता गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका पर मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। रहमान, फातिमा और छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम, उमर खालिद, देवांगना कलिता सहित कई पर यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्र.सं.। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर नीरज बवाना-नवीन बाली गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया। इसकी पहचान जहांगीरपुरी निवासी मुकेश उर्फ भोला के रूप में हुई। इस पर 15 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

गैंगस्टर मुकेश उर्फ भोला के बाहरी दिल्ली के आसपास होने की सूचना मिली थी। मुकेश दो मार्च को सुभाष प्लेस पैसिफिक मॉल की पार्किंग में पहुंचा तो टीम ने उसे आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन उसने टीम पर दो गोलियां चला दीं। इस पर पुलिस ने बचाव करते हुए आरोपी को किसी तरह काबू किया।

## स्कूलों की 117 बिंदुओं पर सुरक्षा परखी जाएगी

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। राजधानी दिल्ली में स्कूलों की सुरक्षा जांच होगी। कोर्ट के निर्देश पर बाल सुरक्षा निगरानी समिति का गठन कर दिया गया है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने 117 बिंदुओं को लेकर सूची जारी की है।

सर्कुलर में सरकारी स्कूलों, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और निजी स्कूलों को जांच सूची भरने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत स्कूल के प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे, फेंसिंग, प्रवेश के लिए दो द्वार, आंगुतकों के आने की व्यवस्था, संरचनात्मक सुरक्षा, छात्रों के लिए अलग से शौचालय, कैब चालक का सत्यापन, गार्ड कक्ष, अभिभावकों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, दूसरी कक्षा तक के छात्रों को अधिकृत व्यक्ति को सौंपना, स्कूल इमारत के लिए संरचनात्मक प्रमाणपत्र की उपलब्धता, प्रत्येक कक्षा में दो दरवाजे, साइबर सुरक्षा, खाली कमरों तक सीसीटीवी की पहुंच, मीड-डे मिल की जांच, स्कूल आने वाले छात्रों के पास आईडी कार्ड समेत कई दूसरे बिंदुओं की जांच होगी। सुरक्षा जांच में कोई खामी है तो स्कूलों को उसका विवरण देना होगा।

## मोहल्ला बस सेवा का ट्रायल शुरू

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्लीवालों की मोहल्ला बस का इंतजार खत्म होने वाला है। पहली प्रोटोटाइप मोहल्ला बस दिल्ली पहुंच गई है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को मोहल्ला बस का खुद चलाने के साथ सफर करके सुविधाओं का जायजा लिया।

गहलोत ने कहा कि जल्द ही 9 मीटर की यह बसें सड़कों पर उतारी जाएगी। इससे दिल्ली की संकरी सड़कों पर बसों का परिचालन बढ़ेगा

■ गहलोत ने सुविधाओं का जायजा लिया

और लास्ट माइल कनेक्टविटी बढ़ेगी। मोहल्ला बसें इलेक्ट्रिक होगी। एक बार चार्ज होने पर यह 150 किलोमीटर तक का चलेगी।

परिवहन मंत्री ने कहा कि बेहतर लास्ट माइल कनेक्टविटी बढ़ाने, कॉलोनियों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के मकसद से मोहल्ला बसों को सड़कों पर उतारा जा रहा है। कंपनी ने पहली प्रोटोटाइप बस भेज दी है। परिवहन विभाग बस की हर तरीके से जांच कर रही है। उसके बाद ट्रायल में पास होने के बाद मोहल्ला बसों को सड़कों पर उतारी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 25 बसें सड़कों पर उतारी जाएगी। फिलहाल बस का यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से जांच की जा रही है। दिल्ली सरकार पहली बार 9 मीटर की छोटी बसें सड़कों पर उतार रही है। बड़ी बस 12 मीटर की होती है, उसमें कुल 35 सीट होती हैं।

ADVERTISEMENT

**15 दिनों में लकवा रोगी हुआ बिल्कुल ठीक-डा.दस्सन**



मैं नर्गिस, रायपुर राइयां, नाडाला, कपूरथला –144601 से हूँ। लकवा का बहुत इलाज करवाने के बाद 1 महीने पहले ब्रेन अटैक होने से मेरी टांग, बाज, हाथ और जुबान ने काम करना बन्द कर दिया था पर डा. दस्सन को youtube पर सुन कर जब इलाज शुरु करवाया तो मात्र 15 दिनों के इलाज से ही मुझे 90% तक सुधार आ गया और अब चल फिर सकती हूँ। जनहित में मेरी प्रार्थणा है कि छोटे बड़े विज्ञापनों के झांसे में आने से पहले पता करें कि उस डॉक्टर के संस्थान में पते व रिकार्ड सहित कितने रोगी ठीक हुए है। उसका google पर website रीव्यू भी चैक करें। डा. दस्सन द्वारा, रोगी के ठीक होने की संभावना के बारे में पहले ही बता दिया जाता है। मेरे जैसे ठीक हुए अनेकों रोगियों का सबसे अधिक डाटा www.drdassans.com और dr.dassans Youtube पर पते सहित उपलब्ध हैं। समयरहते 07355793557 पर कॉल या whatsapp करें।

DR DASSAN'S AYURVEDA



### खंडहर हो गई 122 साल पुरानी लाइब्रेरी

राजधानी के आजाद रोड स्थित लाइब्रेरी कई साल से बंद है। नगर निगम के अधीन आने वाली यह लाइब्रेरी अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है। यहां कर्मचारी और किताबें नहीं हैं। करीब 122 साल पुरानी हरदयाल मुंशीपल पब्लिक लाइब्रेरी के नाम से इसे जाना जाता है। दिल्ली में इस तरह की 32 लाइब्रेरी हैं, ज्यादातर की हालत खराब है। • सलमान अली

## आईपीयू में 24 हजार से अधिक छात्रों को डिग्री दीं

**दीक्षांत समारोह**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के 16वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी सहित 24,708 छात्रों को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 78 स्वर्ण पदक विजेता और 82 पीएचडी धारक शामिल हैं।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को कहा कि युवा भारत की विकास गाथा के अग्रदूत हैं। समारोह में पूर्व रजिस्ट्रार स्वर्गीय बी.पी. जोशी की स्मृति में एक स्वर्ण पदक डॉ. हेमंत के. आर्य को प्रदान किया गया। इसके अलावा, वास्तुकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्तीर्ण छात्रा मनीषा पुरी को सिद्धार्थ खितोलिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कुलपति प्रो. महेश वर्मा ने इसके 25 साल के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कश्मीरी गेट पर एक छोटे से अस्थायी परिसर से, विश्वविद्यालय द्वारका और पूर्वी दिल्ली में दो विशाल परिसरों में 90,000 से अधिक छात्रों, 191 कार्यक्रमों, 18 स्कूलों, तीन उत्कृष्टता केंद्रों और दिल्ली-एनसीआर में 113 संबद्ध संस्थानों के साथ विकसित हुआ है।

समारोह के मुख्य अतिथि और नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि विश्वविद्यालय का नाम 10वें सिख गुरु गोबिंद सिंह और पांडवों की भूमि के नाम पर प्रासंगिक है, जो अपने बेहतरीन मानवीय मूल्यों के लिए जाने जाते थे।

**निवेदन** सब इंस्पेक्टर पद पर चयन होने के बाद काम पसंद नहीं आया, आवेदन में हवलदार पद पर बहाल करने को कहा

# 'एसआई नहीं बनना, वापस हवलदार बना दो'

■ अमित झा



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस में हवलदार के पद पर कार्यरत पुलिसकर्मी ने सब इंस्पेक्टर की परीक्षा पास कर ली। उसका चयन दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर हो गया, लेकिन दिल्ली पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान ही उसे यह पद और काम पसंद नहीं आया। उसने वरिष्ठ अधिकारियों से निवेदन किया कि उसे वापस हवलदार की नौकरी पर बहाल कर दिया जाए। दिल्ली पुलिस ने इसके लिए मंजूरी दे दी है।

जानकारी के अनुसार, नीरज कुमार का चयन वर्ष 2016 में दिल्ली पुलिस में बतौर हवलदार (कम्युनिकेशन) हुआ था। वह वायरलैस ऑपरेटर का काम कर रहा था। दो वर्ष की नौकरी के बाद वर्ष 2018 में उसे दिल्ली पुलिस ने पक्का कर दिया था। इसके बाद से वह लगातार वायरलैस ऑपरेटर के रूप में शांतिपूर्ण नौकरी कर रहा था। बीते वर्ष दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर पदों के लिए भर्ती निकाली। इसमें नीरज ने फॉर्म भरा। उसने लिखित परीक्षा, फिजिकल टेस्ट और मेडिकल पास कर लिया। एसएससी द्वारा जब सूची जारी की गई तो उसमें नीरज का चयन सब इंस्पेक्टर के पद पर हुआ।

बीते फरवरी में उसे सब इंस्पेक्टर का प्रशिक्षण पाने के लिए दिल्ली पुलिस अकादमी जाने के निर्देश मिले। 19 फरवरी से वहां उसका प्रशिक्षण शुरु हुआ। इसके कुछ दिन बाद ही उसने निर्णय लिया कि वह सब इंस्पेक्टर बनकर थाने में काम करने की जगह वापस कम्युनिकेशन विभाग में हवलदार बनेगा। उसने अपने इस निर्णय को लेकर अधिकारियों के समक्ष आवेदन किया। उसने अधिकारियों को बताया कि वह वापस अपनी पुरानी नौकरी में हवलदार बनकर जाना चाहता है। उसके निवेदन को वरिष्ठ अफसरों ने स्वीकर कर लिया है। नीरज के इस कदम को लेकर कोई स्पष्ट कारण अधिकारियों को भी नहीं बताया गया है, लेकिन उनका मानना है कि फील्ड में सब इंस्पेक्टर की नौकरी करना चुनौतीपूर्ण होता है।

### युवती से दुष्कर्म में टैरो कार्ड रीडर धरा

नई दिल्ली, व.सं.। कापसहेड़ा इलाके में टैरो कार्ड रीडर ने युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता ने एक मार्च को पुलिस को आरोपी के खिलाफ शिकायत दी थी। पुलिस ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश से आरोपी को गिरफ्तार किया। इसकी पहचान उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी 35 वर्षीय सिद्धांत जोशी के रूप में हुई।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा के अनुसार, पीड़िता ने बताया था कि उसका प्रेमी से झगड़ा हो गया था। इसके बाद दोनों में दूरियां बढ़ गईं। प्रेमी को मनाने के लिए वह टैरो कार्ड रीडर सिद्धांत जोशी से मिली। उसने भरोसा दिलाया कि वह अपने हुनर से फिर उसके प्रेमी को उससे मिला देगा।



दादरी से ग्रेनो, नोएडा और दिल्ली तक आना-जाना आसान होगा, परियोजना पर 416 करोड़ खर्च होंगे

# जैतपुरा डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो को मंजूरी

अच्छी खबर




ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता। 1 नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के जैतपुरा डिपो तक चलने वाली मेट्रो अब बोड़ाकी तक दौड़ेगी। करीब 2.6 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड ट्रैक पर जुनपत और बोड़ाकी दो नए स्टेशन होंगे। प्रदेश सरकार ने कैबिनेट बैठक में मेट्रो के विस्तार को मंजूरी दे दी है।

ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का बनना है। यहां पर रेल, मेट्रो, अंतरराज्यीय बस अड्डा और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं विकसित होंगी। नोएडा-ग्रेनो के बीच एक्वा लाइन मेट्रो का आखिरी स्टेशन जैतपुरा डिपो है। यहां से बोड़ाकी तक मेट्रो का विस्तार होना है। इसकी डीपीआर तैयार कर ली गई है, लेकिन हर बार बजट को लेकर मेट्रो कॉरिडोर का मामला अटक जाता था। अभी तक एक्वा मेट्रो सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा जैतपुरा डिपो तक चलती है। मेट्रो के विस्तार को बढ़ाने के काफी समय से प्रयास जारी थे, अब प्रदेश सरकार ने मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार मुहर लगा दी है। मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब परियोजना के तहत एक्वा लाइन के विस्तार के लिए 416.34 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

इससे दादरी, ग्रेनो और नोएडा से दिल्ली तक के लिए सीधी कनेक्टिविटी होगी। अभी दादरी के लोग अलग अलग साधनों से ग्रेनो-नोएडा जाते हैं, जबकि कुछ लोग गाजियाबाद से घूमकर नोएडा जाते हैं। इससे लाखों यात्रियों को लाभ मिल सकेगा। अलीगढ़ से आने वाले लोग बोड़ाकी ट्रेन से उतरकर सीधे मेट्रो लेकर नोएडा और ग्रेनो जा सकेंगे। बोड़ाकी के पास रेलवे टर्मिनल बनेगा। इसके बनने से पूर्व की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें यहीं से चलेंगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए ट्रेनें यहीं से मिल जाएंगी।

### शुरू में चार कोच की मेट्रो चलेगी

ग्रेटर नोएडा से बोड़ाकी तक पहले चार कोच की मेट्रो चलेगी। इससे परिचालन खर्च कम रहेगा। अधिकारियों के मुताबिक रूट पर यात्रियों की संख्या बढ़ने के बाद मेट्रो कोच की संख्या भी बढ़ा दी जाएगी। ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो शुरू होने से एनएमआरसी की आमदनी बढ़ जाएगी। इस रूट पर फिलहाल लोग परिवहन के अन्य साधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। लोग इसका सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधानों के बजाए मेट्रो का इस्तेमाल कर सकेंगे।

### 478 हेक्टेयर जमीन पर परियोजनाएं पूरी होंगी

बोड़ाकी के आसपास के गांव बोड़ाकी, कैटेहरा, चिटेहरा, दतावली और पल्ला गांव की जमीन पर मल्टीमॉडल टांसपोर्ट हब, लॉजेस्टिक हब, इंटीग्रेटिड इंडस्टियल टाउनशिप बसाई जा रही है। आसपास के सात गांवों की 478 हेक्टेयर जमीन पर यह परियोजनाएं उतारी जाएगी।

### एनएमआरसी की कमाई बढ़ने की उम्मीद

ग्रेटर नोएडा मेट्रो रूट बोड़ाकी तक बढ़ाए जाने से अभी तक घाटे में चल रही मेट्रो की आमदनी कई गुना बढ़ जाएगी। बोड़ाकी तक मेट्रो पर पहुंचने पर अलीगढ, खुर्जा, दनकौर और अजायबपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली में नौकरी करने वाले लोगों की आने-जाने की सुविधा आसान हो जाएगी।

## फिल्म सिटी का निर्माण इस हफ्ते शुरू होगा

नोएडा, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश 2 सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में फिल्म सिटी के निर्माण के लिए बोनी कपूर की कंपनी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसी सप्ताह फिल्म सिटी के निर्माण और ग्रेटर नोएडा से बोड़ाकी तक मेट्रो के विस्तार के लिए भूमि पूजन करेंगे।

फिल्म सिटी का निर्माण अब बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप मिलकर करेंगे। शीघ्र ही प्राधिकरण की ओर से आवंटन पत्र जारी कर दिया जाएगा। 1510 करोड़ की लागत से फिल्म सिटी के पहले फेज का निर्माण होगा। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है। प्रथम चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है। बोनी कपूर की कंपनी ने भूटानी ग्रुप के साथ मिलकर सबसे अधिक बोली लगाकर विकासकर्ता कंपनी का अधिकार हासिल किया था।

औद्योगिक विकास आयुक्त पहले ही कह चुके हैं कि सात मार्च से 10 मार्च के बीच में मुख्यमंत्री गौतमबुद्धनगर जिले के दौरे पर आएंगे और यहां के लोगों को रजिस्ट्री के प्रपत्र सौंपने के साथ ही अन्य योजनाओं का तोहफा भी जिले के लोगों को देंगे।

# हापुड़ की तरफ भारी वाहन नौ मार्च तक नहीं जा सकेंगे

ट्रैफिक अपडेट

गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। महाशिवरात्रि के चलते गाजियाबाद से हापुड़ की तरफ भारी वाहनों का आवागमन नौ मार्च तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू कर दिया है।

शनिवार की दोपहर तक बसें और भारी वाहन एनएच-9 पर डासना से हापुड़ की बजाय डासना ईस्टर्न पेरिफेरल या लालकुआं से बुलंदशहर, डिबाई, नरौरा होकर जा सकेंगे। एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि पर ब्रजघाट गंगा पर काफी कांवड़िये और श्रद्धालु जुटते हैं।

वाहनों का दबाव बढ़ने से यहां जाम न लगे इसलिए भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। जाम से बचने के लिए वाहन गाजियाबाद से वाया हापुड़ मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जाने वाले भारी वाहन डासना ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे का प्रयोग कर बुलंदशहर, डिबाई, नरौरा होकर अपने गंतव्यों को जा सकते हैं।

# सांड़ की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत

- एक अन्य बाइक सवार किशोर का चल रहा इलाज
- घर से 30 मीटर की दूरी पर हुआ हादसा

नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। पर्थला खंजरपुर स्थित सब्जी मंडी के पास बाइक सवार दो किशोरों को सांड़ ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। उपचार के दौरान एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा अस्पताल में भर्ती है। थाने में शिकायत नहीं दी गई है।

बिजनौर के रहने वाले 15 वर्षीय कृश और 16 वर्षीय देव पर्थला गांव में परिवार के साथ रहते थे। दोनों मौसेरे भाई थे। सोमवार सुबह बाइक से दोनों सब्जी मंडी से लौट रहे थे। तभी उन्हें घर से 30 मीटर की दूरी पर एक सांड़ ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने कृश को मृत घोषित कर दिया। वहीं देव को भी चोट आई हैं। जिस समय हादसा हुआ बाइक देव ही चला रहा था। दोनों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था।

एनसीआर 30s

### आवासीय संपत्तियों की दरें बढ़ाने की तैयारी

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण संपत्तियों की आवंटन दरें पांच-सात प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी में है। इसे बढ़ाने के लिए अगले सप्ताह होने वाली बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। पिछले साल 10 प्रतिशत तक आवासीय संपत्ति की दरें बढ़ाई गई थीं। इस बोर्ड बैठक में खासतौर से वित्तीय बजट को मंजूरी दी जानी है।

### भूमाफिया की करोड़ों की संपत्ति जब्त

गाजियाबाद। ग्रामीण जोन पुलिस ने भूमाफिया संजय चतुर्वेदी उर्फ लक्ष्य चतुर्वेदी की 11 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली। पुलिस आयुक्त अजय मिश्र की कोर्ट ने संजय चतुर्वेदी की 17.33 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे। संजय पर पहला मुकदमा 2016 में दर्ज हुआ था।

### खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से एक की मौत

गुरुग्राम। मोती विहार साउथ सिटी एक में बेसमेंट की खुदाई के दौरान मंगलवार को मिट्टी ढह गई। इसमें एक ही परिवार की तीन महिला सहित चार दब गए। इसमें मोनिका की मौत हो गई जबकि सोनिया, निर्मला और लाला राम का इलाज चल रहा है। अभी तक इसकी पुलिस में शिकायत नहीं की है।

### आईबी-एटीएस ठगी मामले की जांच में जुटी

ग्रेटर नोएडा। भारतीय सिम कंबोडिया भेजने और करोड़ों की साइबर ठगी के मामले की जांच एसआईटी करेगी। आईबी और एटीएस भी जांच में जुट गई है। चीनी नागरिक समेत अन्य आरोपियों की पुलिस रिमांड मिलने के बाद जांच एजेंसियां इनसे पूछताछ करेंगी।

### साइबर ठगी करने वाले 11 दबोचे

गुरुग्राम। गुरुग्राम साइबर पुलिस ने मंगलवार को निवेश और लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरोह के11 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं और एक नाबालिग भी शामिल हैं। आरोपी योगेश मीणा लोगों को ठगी करने का प्रशिक्षण देता था।

## माउथ फ्रेशनर मामले में रेस्तरां मैनेजर गिरफ्तार

गुरुग्राम। माउथ फ्रेशनर खाने से पांच लोगों को खून की उल्टियां होने के मामले में पुलिस ने रेस्तरां मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली के कीर्ति नगर निवासी मैनेजर गगनदीप को खेड़की दौला थाना पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि रेस्तरां आए लोगों को वहां के स्टाफ ने माउथ फ्रेशनर की जगह ड्राई-आइस खाने को दी थी। ग्रेटर नोएडा निवासी पीड़ित अंकित कुमार ने बताया कि मैंने डॉक्टर को माउथ फ्रेशनर का पैकेट दिखाया। उन्होंने इसे एक घातक एसिड बताया, जिससे मौत हो सकती है।




# शिकायतकर्ता ने गिरोह से जान को खतरा बताया



एल्विश यादव मामला

गुरुग्राम, वरिष्ठ संवाददाता। पीपल फॉर एनिमल (पीएफए) संस्था के अधिकारी सौरभ गुप्ता ने मंगलवार को कोर्ट को एक चिट्ठी भेजकर जान का खतरा बताया है। इसमें सौरभ ने कहा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय जंगली जीव गिरोह से धमकियां मिल रही।

यूट्यूबर एल्विश यादव और राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया के गाने के वीडियो में सांपों के इस्तेमाल को लेकर सौरभ ने शिकायत की थी। सौरभ ने चिट्ठी में आगे लिखा है कि उनको अंदेशा है कि पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला और इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रहे नफे सिंह राठी की तरह उनपर भी हमला हो सकता है। सुनवाई के दौरान मंगलवार को कोर्ट में एल्विश यादव की तरफ से उनके वकील पेश हुए। जस्टिस मनोज राणा की कोर्ट ने सुनवाई करते हुए अगली तारीख 28 मार्च के लिए निर्धारित कर दी। कोर्ट में मंगलवार को जांच की स्टेटस रिपोर्ट सौंपी जानी थी।

# फैक्टरियों से एक करोड़ की नकली दवाइयां जब्त

- पुलिस ने संचालक को गिरफ्तार किया
- कच्चा माल तेलंगाना से मंगाया जा रहा था

गाजियाबाद, संवाददाता। औषधि सुरक्षा विभाग और क्राइम ब्रांच ने दो फैक्टरियों पर छापा मारकर 1.10 करोड़ रुपये की नकली दवाइयां सील की। फैक्टरी से कच्चा माल, मशीन बरामद हुईं। मौके से दवाओं के 14 सैंपल जांच के लिए लखनऊ भेजे हैं। टीम ने संचालक विजय चौहान को गिरफ्तार कर लिया।

औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि राजेंद्र नगर औद्योगिक क्षेत्र प्लॉट नंबर-77 और न्यू डिफेंस कॉलोनी भोपुरा के प्लॉट संख्या-ए/8 में चल रही फैक्टरियों में छापा मारा। फैक्टरियों में पेट की गैस, शुगर, ब्लड प्रेशर और दर्द की दवाएं नामी कंपनियों के नाम से बनाई जा रही थी। नकली दवाएं कलकत्ता, हैदराबाद और अमृतसर भेजी जा रही थी। कच्चा माल तेलंगाना से मंगाया जा रहा था।

# फेरे के समय दूल्हे को नशे में देख दुल्हन ने बारात लौटाई

- फरीदाबाद से चांदहट थाना क्षेत्र गई थी बारात
- दूल्हे के अजीब हरकत करने के बाद विवाद बढ़ा

पलवल, संवाददाता। चांदहट थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार देर रात शादी समारोह में फेरे के दौरान दूल्हे को नशे में देखकर दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया। इससे दोनों पक्षों में हाथापाई की नौबत आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। जब पंचायत हुई तो बारात बैरंग लौटी।

आरोप है कि फरीदाबाद से बारात जब कार्यक्रम स्थल पर पहुंची तो दूल्हा अजीब हरकतें करने लगा। आरोप है कि कि वह नशे में था। जब वह मंडप पर फेरों के लिए पहुंचा, यह देख दुल्हन के परिजनों ने उसे मंडप से उठा दिया। इससे दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। पंचायत के बाद लड़की पक्ष ने पुलिस बुलाई तो तब मामला शांत हुआ। पुलिस दुल्हे और उसके पिता को थाने ले गई।

हालांकि, केस दर्ज नहीं हुआ है। चांदहट थाना प्रभारी दलबीर सिंह के मुताबिक दूल्हे के नशे में होने से लड़की पक्ष ने विवाह करने से इंकार कर दिया।


भाजपा का दक्षिणी राज्यों पर विशेष ध्यान, कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में वाईएस शर्मिला को सौंपी चुनावी कमान

# जगन मोहन के सामने जीत की चुनौती

विश्लेषण

■ मदन जैड़ा


जगन मोहन रेड्डी




**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस के लिए विधानसभा-लोकसभा चुनाव की पिछली जीतों को कायम रख पाना आसान नहीं होगा। क्योंकि, भाजपा दक्षिणी राज्यों में विशेष ध्यान दे रही है। जबकि, कांग्रेस ने जगनमोहन रेड्डी की बहन को राज्य की चुनावी कमान सौंप दी है।

आंध्र प्रदेश उन राज्यों में से एक है, जहां लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव भी होने हैं। आंध्र प्रदेश में पिछली बार लोगों के मतदान का पैटर्न एक जैसा दिखा था। लोकसभा-विधानसभा चुनाव में जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआर कांग्रेस को करीब-करीब बराबर वोट मिले थे। वाईएसआर कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 49.89 फीसदी मत मिले थे। विधानसभा चुनाव में भी 49.89 फीसदी ही मत मिले थे। हालांकि, इसी पैटर्न पर ओडिशा में हुए चुनावों में बीजद को लोकसभा चुनाव में विधानसभा चुनाव की तुलना में छह फीसदी कम मत मिले थे।

**वाईएसआर कांग्रेस की राह में कई चुनौतियां :** राजनीतिक जानकार मानते हैं कि वाईएसआर कांग्रेस के लिए पिछले प्रदर्शन को दोहराने की चुनौती होगी। इसके कई कारण हैं। इधर, भाजपा ने दक्षिणी राज्यों पर बहुत ज्यादा मेहनत की है तथा जमीनी स्तर पर उसका संगठन भी मजबूत हुआ है। दूसरे, जगनमोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला को हाल में कांग्रेस ने प्रदेश की कमान सौंपी है। शर्मिला की सक्रियता से राज्य में रसातल में पहुंच चुकी कांग्रेस को थोड़ी-बहुत संजीवनी मिल सकती है। पार्टी कुछ सीटों पर वह बेहतर प्रदर्शन कर सकती है।

**तेदेपा आंध्र प्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल :** आंध्र प्रदेश में तेदेपा प्रमुख विपक्षी दल है। पिछले लोकसभा चुनाव में उसे 40 और विधानसभा चुनावों में 39 फीसदी वोट मिले थे। लेकिन, लोकसभा में उसकी सीटें 15 से घटकर तीन और विधानसभा में 102 से घटकर 23 रह गईं। जहां तक कांग्रेस का प्रश्न है, उसने 25 लोकसभा तथा 174 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन कोई सीट नहीं मिली। वोट भी महज एक फीसदी ही मिल सके।

**भाजपा को 2019 के चुनाव में सीटों का नुकसान हुआ था :** भाजपा को इन चुनावों में नुकसान हुआ। उसने 2014 में लोकसभा की दो और विधानसभा की चार सीटें जीती थीं। लेकिन, 2019 में उसे कोई सीट नहीं मिली। 2014 में उसे करीब सात फीसदी वोट मिले थे, लेकिन 2019 में उत्तरी राज्यों में भाजपा की लहर के बावजूद आंध्र प्रदेश में उसे एक फीसदी से भी कम वोट मिले। कोई सीट नहीं जीत पाई।

**तेदेपा की जगह लेने की कोशिश कर सकती है भाजपा :** यहां यह महत्वपूर्ण है कि राज्य में वामदलों की मौजूदगी है। यदि वे कांग्रेस के साथ गठबंधन में मिलकर लड़ते हैं तो कुछ सीटों पर फायदा हो सकता है।

जहां तक भाजपा का प्रश्न है तो अगर उसका वोट प्रतिशत बढ़ता है तो पार्टी दक्षिणी राज्यों को लेकर रणनीति मजबूत करेगी। दूसरे, राज्य में तेदेपा कमजोर हुई है। यह देखना होगा कि क्या भाजपा प्रदेश में तेदेपा की जगह लेने की कोशिश में कामयाब हो पाती है या नहीं।

## चुनाव में हिंसा की जगह नहीं: सीईसी

**कोलकाता, एजेंसी।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने पश्चिम बंगाल के प्रशासन को सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश दिए हैं। कुमार ने यहां कहा कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा मुक्त चुनाव कराना है।

आयाराम-गयाराम

## मोढवाडिया, अंबरीश डेर भाजपा में शामिल

**गांधीनगर, एजेंसी।** कांग्रेस की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अर्जुन मोढवाडिया कांग्रेस से इस्तीफा देने के एक दिन बाद मंगलवार को पार्टी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर के साथ भाजपा में शामिल हो गए।

भाजपा के प्रदेश मुख्यालय कमलम में पार्टी की गुजरात इकाई प्रमुख सीआर पाटिल ने अर्जुन मोढवाडिया और अंबरीश डेर को भाजपा की टोपी और पटका देकर पार्टी में शामिल किया।

वे दिन | किस्सा 1951 का

## जब फिराक बोले-विपक्षी प्रत्याशी को वोट दे देना

■ गोरखपुर दक्षिण लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे थे

**गोरखपुर।** मशहूर शायर रघुपति सहाय उर्फ फिराक गोरखपुरी अपने बेलौस अंदाज के लिए जाने जाते थे। सियासत में भी उनसे जुड़ा एक किस्सा बेहद रोचक है जब उन्होंने मंच से ही विपक्षी प्रत्याशी को वोट देने की बात कह दी थी।

वर्ष 1951 में हुए पहले आम चुनाव में गोरखपुर दक्षिण लोकसभा सीट पर फिराक गोरखपुरी भी मैदान में थे। ये वो चुनाव था जब हर तरफ कांग्रेस का बोलबाला था। कांग्रेस ने इस सीट पर सिंहासन सिंह को उतारा था। उसूलों के पक्के सिंहासन सिंह वकालत में अच्छा नाम कमा रहे थे और बाबा राघव दास जैसे दिग्गज समाजसेवी के संपर्क में आने के चलते चुनावी राजनीति में उतरे थे।

चुनाव प्रचार के दौरान फिराक गोरखपुरी की शराब पीने की आदत पर भी बातें होने लगीं। चुनावी फिजा में फैली ये चर्चा जब फिराक के कानों तक पहुंची तो वे भड़क गए। उन्होंने उरुवा बाजार की भरी चुनावी जनसभा में न सिर्फ शराब गटक ली बल्कि मंच से यह कह भी दिया कि 'बंद कमरे में सभी शराब पीते हैं, मैं तो खुलेआम पीता हूं। अगर नहीं पीने वाले को ही वोट देना है तो आप लोग कांग्रेस के सिंहासन सिंह को अपना वोट दे दें।

### खुद बयां किया किस्सा

आकाशवाणी के लिए साहित्यकार रवीन्द्र श्रीवास्तव उर्फ जुगानी भाई को दिए साक्षात्कार में फिराक ने यह किस्सा खुद बयां किया था। जुगानी भाई बताते हैं कि इस सभा के बाद सिंहासन सिंह के लिए चुनाव लगभग एकतरफा हो गया। परिणाम आया तो कांग्रेस के सिंहासन सिंह ने 57,450 मत हासिल कर शानदार जीत हासिल की। जबकि जाने-माने शायर फिराक गोरखपुरी को महज 9586 वोट मिले। वह अपनी जमानत तक नहीं बचा सके थे।

# अर्जुन मुंडा ने संगठनात्मक कौशल के बलबूते बनाई अलग पहचान

मैदान के महारथी
अर्जुन मुंडा



**सियासी सफरनामा**

**1995** में पहली बार खरसावां से झामुमो के टिकट पर विधायक चुने गए

**2000** में खरसावां से भाजपा के टिकट पर जीते, फिर यहीं से जीतते रहे

**2009** में जमशेदपुर संसदीय सीट से जीतकर संसद पहुंचे

■ 2011 के उपचुनाव में खरसावां सीट से विधानसभा के लिए चुने गए।

■ 2019 के लोकसभा चुनाव में खूंटी से चुनाव में जीत हासिल की।

**अहम पदों को संभाला**

**2000** में बाबूलाल मरांडी सरकार में कल्याण मंत्री बने।

**2003** से 2014 के बीच तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभाला।

■ पहली बार 18 मार्च 2003 को मुख्यमंत्री बने और दो मार्च 2005 तक मुख्यमंत्री रहे।

■ दूसरी बार 12 मार्च 2005 से 18 सितंबर 2006 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे।

■ तीसरी बार 11 सितम्बर 2010 से 18 जनवरी 2013 तक मुख्यमंत्री रहे।

■ 30 मई 2019 को नरेंद्र मोदी सरकार की कैबिनेट में मंत्री बनाए गए।

■ फिलहाल आदिवासी मामलों और कृषि मंत्रालय का जिम्मा संभाल रहे है।

**रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** झारखंड की राजनीति में अर्जुन मुंडा सशक्त नेता हैं। केंद्र की राजनीति में भी वह धमक बना चुके हैं। इस समय वह केंद्रीय कैबिनेट में दो-दो महत्वपूर्ण मंत्रालय संभाल रहे हैं। साथ ही वह राज्य की राजनीति और अपने संसदीय क्षेत्र में भी सक्रिय छाप छोड़ रहे हैं।


तीन बार मुख्यमंत्री और एक बार केंद्रीय मंत्री रहे मुंडा पार्टी संगठन में भी प्रभावशाली माने जाते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब अर्जुन मुंडा राष्ट्रीय महामंत्री रहे। अर्जुन मुंडा संगठन पर मजबूत पकड़ के साथ राजकाज में भी दमदार दखल रखते हैं। यही वजह है कि उन्हें भाजपा की पहली ही सूची में जगह मिली और उन्हें फिर से खूंटी लोकसभा से चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया है।

महज 27 साल की उम्र में पहली बार विधायक बनने वाले अर्जुन मुंडा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत भले ही झामुमो से की, लेकिन उनका राजनीतिक कद भाजपा में शामिल होने के बाद ही बढ़ा। अलग झारखंड राज्य के वायदे से प्रभावित होकर अर्जुन मुंडा 1999 में भाजपा में शामिल हुए थे।

अर्जुन मुंडा का जन्म जमशेदपुर में एक मध्यम वर्गीय आदिवासी परिवार में हुआ था। जमशेदपुर से हाई स्कूल की शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने रांची विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि ली। उन्होंने इग्नू से सामाजिक विज्ञान में पीजी डिप्लोमा किया। खुद को शिक्षित करने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। 1980 के दशक में झामुमो के नेतृत्व में चले झारखंड आंदोलन से जुड़कर उन्होंने राज्य हित में काम करने की ठानी थी।

अर्जुन मुंडा को तीरंदाजी से बेहद लगाव रहा है। उनके ही प्रयास से सरायकेला- खरसावां तीरंदाजी अकादमी की स्थापना भी हुई थी। वह वर्तमान में भारतीय तीरंदाजी एसोसिएशन के भी अध्यक्ष हैं।

बायस्कोप | चुनाव मैदान में उतरे महानायक


वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में महानायक अमिताभ बच्चन इलाहाबाद सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे थे। उन्होंने खांटी राजनेता की तरह अपना प्रचार अभियान चलाया था। उस चुनाव में अमिताभ ने हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज को एक लाख 87 हजार से अधिक वोटों से हराया था।

# बिहार में सीट बंटवारे का पेच बरकरार

**पटना,हिन्दुस्तान ब्यूरो।** लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने में चंद दिन ही बचे हैं, पर अब-तक बिहार में सीट बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन में दोनों ही गठबंधन दलों के बीच पेच फंसा हुआ है।

राज्य में 40 सीटें हैं। इनमें 17-17 सीटें पिछले चुनाव में एनडीए के तहत भाजपा-जदयू तथा छह लोजपा को दी गईं थीं। इस बार एनडीए में पिछले साल से ज्याद दल जुड़ गए हैं। इसको लेकर इस बार सीट बंटवारे की क्या कसौटी होगी, इसपर अब भी मंथन जारी है। एनीडए में भाजपा प्रमुख दल है, जिसमें कई उम्रदराज दिग्गजों के टिकट कटने का खतरा है। वहीं, कौन नये चेहरे सामने आएंगे, इसपर निर्णय होना अभी बाकी है। उम्मीदवारों को लेकर भाजपा की आठ मार्च को दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक होनी है। माना जा रहा है कि इसके बाद ही इस पर कोई अंतिम निर्णय हो सकेगा।

इधर, यही हाल इंडिया गठबंधन के घटकदलों का है। इस गठबंधन में राजद प्रमुख दल हैं। इसमें कांग्रेस और तीनों वामदल भी शामिल हैं। इनके बीच भी सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला अभी तक नहीं हुआ है। सबके अलग-अलग दावे हैं, पर साझा कोई फैसला नहीं हो सका है।

दरअसल, बिहार में एनडीए का स्वरूप हाल में ही बदला है। इसके पहले तक भाजपा के साथ लोजपा (आर), रालोजपा, रालोमो और हम थी। राज्य में बदले राजनीतिक स्वरूप में अब एनडीए में फिर से जदयू आ गया है। ऐसे में उम्मीदवारों के चयन को लेकर पूर्व में भाजपा ने जो फॉर्मूला तय किया था, उस पर नये सिरे से शीर्ष नेताओं का मंथन चल रहा है।

माना जा रहा है कि इस बार जदयू और भाजपा के बीच कुछ सीटों की अदला-बदली भी हो सकती है। मौजूदा सांसदों में से आधे से अधिक के टिकट काटे जा सकते हैं।

बिहार के महागठबंधन में भी उम्मीदवारों पर फैसला नहीं हो सका है। राजद करीब 20 सीट और कांग्रेस 12 सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है। अन्य सीटें वामदलों के खाते में जा सकती हैं।

## चुनावी प्रश्नोत्तरी

■ **चुनाव आयोग क्या चुनाव रद्द कर सकता है ?**




संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग अपने हिसाब से चुनावों को करवाने के लिए स्वतंत्र है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में चुनावों को रद्द करने या टालने की बात कही गई है। इसमें बूथ कैप्चरिंग, प्रत्याशी की मृत्यु पर. चुनाव में गड़बड़ी होने पर, दंगा फसाद, प्राकृतिक आपदा जैसी स्थिति में चुनाव रद्द किया जा सकता है।

■ **क्या किसी पार्टी के लिए यह आवश्यक है कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा पंजीकृत हो ?**
चुनाव आयोग के मुताबिक, राजनीतिक दल को मान्यता पाने के लिए, अपने गठन की तारीख से 30 दिनों के अंदर चुनाव आयोग के पास पंजीकरण कराना होता है।

■ **मतों की गणना और निर्वाचन के परिणाम की घोषणा के लिए कौन उत्तरदायी है ?**
मतों की गणना, निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के अधीन की जाती है। गणना पूरी हो जाने पर रिटर्निंग ऑफिसर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत परिणाम की घोषणा करता है।


www.livehindustan.com
चुनावी खबरें
चुनाव से जुड़ी खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।


# एक देश, एक चुनाव पर समिति जल्द सौंपेगी रिपोर्ट

आसार

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** देश में 2029 से लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ हो सकते हैं। विधि आयोग 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर संविधान में एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश अगले एक दो दिन में कर सकता है।

सूत्रों के अनुसार विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। रिपोर्ट जल्द सौंपी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली विधि आयोग की समिति ने सभी पहलुओं पर विचार किया है और इसके बाद देश में 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश करने जा रही है।

इसके लिए विधि आयोग संविधान में एक 'नया अध्याय या भाग' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। इससे पहले, आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अवस्थी ने 'एक देश, एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई में गठित समिति के समक्ष प्रजेंटेशन दिया था।

**विभिन्न मुद्दे शामिल होंगे :** सूत्रों की मानें तो विधि आयोग संविधान के नए अध्याय में 'एक साथ चुनाव', 'एक साथ चुनावों की स्थिरता' और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगर पालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' तैयार करने से संबंधित मुद्दे शामिल करेगा, ताकि त्रिस्तरीय चुनाव एक साथ हो सकें।

आयोग संविधान में जिस नए अध्याय को जोड़ने की सिफारिश करने जा रहा है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की गैर-मौजूदा शक्ति होगी।

### रिपोर्ट में ये सिफारिश कर सकता है आयोग

सूत्रों ने बताया कि विधि आयोग अपनी रिपोर्ट में अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं की शर्तों को समकालिक करने की भी सिफारिश करेगा ताकि देश का पहला एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में हो सके।

# बंगाली अस्मिता बनाम हिंदुत्व के भंवर में पश्चिम बंगाल की 42 सीटें

■ पंकज कुमार पाण्डेय

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सियासी महासमर में पश्चिम बंगाल की 42 सीटें भी निर्णायक भूमिका निभाएंगी। तृणमूल कांग्रेस ने अपना किला बचाने और लोकसभा में विधानसभा की तर्ज पर बढ़त बनाने के लिए भाजपा के हिंदुत्व कार्ड के आगे बंगाली अस्मिता को फिर से मुख्य मुद्दा बनाने का संकेत दिया है।

भोजपुरी गायक पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से भले ही इंकार कर दिया हो, लेकिन तृणमूल ने इस टिकट के बहाने बंगाली अस्मिता का मुद्दा आगे कर दिया। पार्टी अब इस मुद्दे को छोड़ने के मूड में नहीं है। जानकारों का कहना है कि भाजपा के हिंदुत्व कार्ड को ममता बनर्जी बंगाल गौरव के नाम पर चुनौती देने को तैयार है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, भाजपा और टीएमसी के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। अब रैलियों के जरिए दोनों दल अपनी ताकत दिखाने की जद्दोजहद में हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बाद अब सबकी निगाह 10 तारीख को ममता की प्रस्तावित रैली पर है, जिसे लेकर कई तरह के बड़े दावे तृणमूल नेताओं द्वारा किए जा रहे हैं।

**टीएमसी से चार सीट पीछे रह गई थी भाजपा :** भाजपा लोकसभा चुनाव में राज्य में नंबर वन पार्टी बनने की कवायद में है। इसके लिए पार्टी ने काफी होमवर्क किया है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। लेकिन, वह तृणमूल से चार सीट पीछे रह गई थी। तृणमूल को 22 और भाजपा को 18 लोकसभा सीट पर विजय मिली थी। ममता की अगुवाई में तृणमूल 2019 लोकसभा चुनाव में नंबर वन पार्टी बनी रही। विधानसभा में भी तृणमूल पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा को अपने आसपास नहीं आने दिया। विधानसभा में तृणमूल को 215 और भाजपा को 77 सीट मिली थी।

**राजनीतिक साख का सवाल :** तृणमूल कांग्रेस का मानना है कि भाजपा को अगर लोकसभा में बढ़त मिली तो यह चुनौती आने वाले दिनों में बड़ी हो जाएगी। इसका असर राज्य की राजनीति पर भी पड़ेगा। अब नई परिस्थिति में ममता बनर्जी के सामने अपनी राजनीतिक साख और प्रदेश में ताकत बचाए रखने की चुनौती है।

**मां, माटी और मानुष पर भरोसा :** भाजपा के तरकश में हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मुद्दे हैं तो जवाब में ममता उसी मां, माटी और मानुष के भरोसे हैं, जिसके बल पर उन्होंने राज्य में लेफ्ट का सफाया किया था। जानकारों का कहना है कि तमाम मुद्दों के बीच ममता को पता है कि एकमात्र बंगाल अस्मिता का मुद्दा ही है, जिसके सहारे वे हिंदुत्व और राष्ट्रवाद जैसे मुद्दों की धार कमजोर कर सकती हैं।

### एक दूसरे की काट खोज रहे दल

संदेशखाली का मुद्दा भाजपा के लिए बड़ा ढाल बना है। भाजपा शाहजहां शेख के बहाने अवैध घुसपैठ और मुस्लिम तुष्टिकरण का मुद्दा जोर-शोर से उठा रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बंगाल में ममता और टीएमसी को जय श्री राम के नारे पर घेरा था। लेकिन, इसकी काट के लिए ममता स्वामी विवेकानंद के हिंदुत्व को आगे लाई थीं। विवेकानंद का उल्लेख हिंदुत्व और बंगाल अस्मिता दोनों मोर्चो पर ममता को बढ़त देता है। टीएमसी बंगाली बनाम बाहरी की लड़ाई को भी अंदर ही अंदर प्रचार के केंद्र में ला रही है।

**लोकसभा चुनाव 2019**

कुल सीटें 42

| पार्टी | सीटें | मत प्रतिशत |
|---|---|---|
| तृणमूल | 22 | 43.7 |
| भाजपा | 18 | 40.6 |
| कांग्रेस | 02 | 5.7 |

**विधानसभा चुनाव 2021**

कुल सीटें 294

| पार्टी | सीटें | मत प्रतिशत |
|---|---|---|
| तृणमूल | 215 | 48.5 |
| भाजपा | 77 | 38.5 |
| अन्य | 02 | 13 |

(स्रोत : चुनाव आयोग)


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घघोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **मारूफ**, पुत्र स्वर्गीय मकबूल, निवासी वेगाबॉन्ड, पटरी आसफ अली रोड, दिल्ली, ने **एफआईआर संख्या 344/2021, धारा 380/411 आईपीसी, पुलिस थाना चाँदनी महल, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मारूफ**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मारूफ**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **मारूफ**, केस **एफआईआर संख्या 344/2021, धारा 380/411 आईपीसी, पुलिस थाना चाँदनी महल, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.04.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**मीना चौहान,**
महानगर दण्डाधिकारी – 08,
कमरा नंबर 272,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2690/CD/2024
(Court Matter)

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नाम** : नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **निवासीः** नामालूम **उम्र** : लगभग 30–35 साल, **कद** : 5'6", **रंग** : गेहुंआ, **चेहरा** : लम्बा, **शरीर** : मध्यम, **पहचान** : दायें हाथ पर SK लिखा है तथा दायें पैर में काला धागा बंधा है, **कपड़े** : नीले रंग का लोवर पहने हुए है, जो दिनांक 25.05.2022 को गेट नं. 4, टिकट काउंटर हॉल, एस्केलेटर के निकट, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया था। इस संदर्भ में डीडी संख्या 43ए दिनांक 25.05.2022 थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्ष :**
**थाना हजरत निजामुद्दीन**
**रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**दूरभाष सं. 011-24356743, 8750871311, 8750872318**

DP/2725/RLY/2024

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**


भगत सिंह

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **भगत सिंह सुपुत्र ज़िले सिंह निवासी 461, शाहबाद दौलतपुर, वाल्मीकि चौपाल, दिल्ली** जो दिनांक **21.02.2024, अपराह्नः 03:00 बजे से जी-3, सैक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक एफआईआर सं./डीडी स. **95-ए**, दिनांक 01.03.2024 को **थाना के.एन. काटजू मार्ग, जिला रोहिणी, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस व्यक्ति का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः-

**लिंगः** पुरूष, **आयुः** 48 वर्ष, **कदः** 5' 7" फीट, **रंगः** काला, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** मिट्टी के रंग की पैंट-शर्ट और पैरों में काले-ब्ल्यू रंग के जूते पहने हैं।

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-


**थाना प्रभारी**
**थानाः केएन काटजू मार्ग, रोहिणी, दिल्ली**
**फोनः 011-27571171**
**मो. नं.: 8750870327**

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**टेली. नं.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**


**DP/2637/RD/2024**

ताजा खबरों के लिए देखें :
www.livehindustan.com

In Everlasting Memory of



**Sh. P. S. Varshneya**
(06.03.1931 - 17.10.2004)
We all miss you a lot. We all remember you by Heart. We pray to God may your noble soul rest in peace.
**Varshneyas**
E-862, Saraswati Vihar, Pitampura, Delhi-110034.
9212269002, 9212269003



**श्री जयपाल सिंह सरोहा**
15.07.1994 - 22.06.2023
का निधन 22.06.2023 को हो गया।
शोकाकुल परिवारः
पत्नीः **यशोदा सरोहा**
पुत्रीः **एकता सरोहा** एवं **मनीषा सरोहा**
पुत्रः **आशीष सरोहा**



MultipreX™
रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए
कैप्सूल, सिरप, ओरल ड्राप्स एवं पाउडर
Boost Energy & Immunity Every Day
www.wellncare.com
9896277535 & 9896134500
हर प्रमुख दवा विक्रेता के यहां उपलब्ध



खरीदारी के लिए कोड स्कैन करें


देश की 90% आबादी के लोगों के लिए कोई अहम भूमिका नहीं

# संस्थानों में सामाजिक अन्याय हो रहा : राहुल



भारत जोड़ो न्याय यात्रा 52वां दिन

**शाजापुर/उज्जैन (मप्र), एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि देश के हर संस्थान में सामाजिक अन्याय व्याप्त है। उन्होंने दावा किया कि 90 प्रतिशत आबादी वाले पिछड़े, दलित और अन्य श्रेणियों के सदस्य किसी भी प्रमुख पद पर नहीं हैं।

राहुल गांधी शनिवार को मध्य प्रदेश में प्रवेश करने के बाद अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राज्य के शाजापुर में एक खुली जीप पर बैठकर एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस देश में पिछड़े वर्ग के लोगों की आबादी कितनी है? यह 50 प्रतिशत है, फिर दलित 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति (एसटी) आठ प्रतिशत और अल्पसंख्यक 15 प्रतिशत हैं, जो कुल लगभग 90% होता है। अब आप शीर्ष उद्योगपतियों और शीर्ष कंपनियों के प्रबंधन की सूची निकालें, तो आपको इस 90 प्रतिशत वर्ग से संबंधित एक भी व्यक्ति नहीं मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इसी तरह, यदि आप नौकरशाही को देखें, तो केंद्र में 90 आईएएस अधिकारी पूरे देश का बजट आवंटित करते हैं। मध्य प्रदेश में भी 60-70 आईएएस अधिकारी राज्य का बजट आवंटित करते हैं। अगर आप सूची पर नजर डालें तो आपको 90% वर्ग का एक भी व्यक्ति नहीं मिलेगा।



शाजापुर में मंगलवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा तय वक्त से चार दिन पहले खत्म होगी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 16 मार्च को मुंबई में खत्म हो सकती है। यात्रा खत्म होने के बाद 17 मार्च को इंडिया गठबंधन की मुंबई में साझा रैली होगी। रैली में कांग्रेस के साथ एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) के नेता शामिल होंगे।

इस बीच, सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को गठबंधन के घटकदलों की बैठक होगी। माना जा रहा है कि बैठक के बाद सीट बंटवारे का औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को चार दिन पहले खत्म किया जा रहा है। शुरुआती कार्यक्रम के मुताबिक, 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई न्याय यात्रा को 20 मार्च को मुंबई में खत्म होना था।

चुनाव आयोग मार्च के तीसरे हफ्ते में चुनाव तिथियों का ऐलान कर सकता है। इसलिए पार्टी ने यात्रा को तय वक्त से पहले खत्म करने का फैसला किया है। ऐसे में 66 दिन तक चलने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब 62 दिन में खत्म हो जाएगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा इन दिनों मध्य प्रदेश में हैं।

# पाक समर्थक नारे पर नड्डा ने घेरा

**चिकोडी (कर्नाटक), एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पाकिस्तान समर्थक नारे के मुद्दे पर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर मंगलवार को जोरदार हमला बोला। साथ ही उसके नेतृत्व पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि क्या वे पाकिस्तान की भाषा बोलने के लिए पार्टी चला रहे हैं? क्या वे भारत में पड़ोसी देश के प्रतिनिधि हैं?

नड्डा ने पिछले सप्ताह शहर के लोकप्रिय रेस्तरां ह्यद रामेश्वरम कैफेह्ल में हुए विस्फोट का भी जिक्र किया। साथ ही उन्होंने कर्नाटक में कांग्रेस और उसकी सरकार पर आतंकवादियों के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। नड्डा ने यहां बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे हमारे पक्ष में नहीं आए हैं, लेकिन अब तक आपको और कर्नाटक की जनता को भी यह एहसास हो गया होगा कि जिस सरकार को उन्होंने चुना है वह उन्हें धोखा दे रही है। उन्हें गुमराह कर रही है।



बेलगावी में मंगलवार को जेपी नड्डा को माला पहनाते पार्टी के नेता। • एएनआई

**आतंकवादियों को संरक्षण मिल रहा :** भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अगर कर्नाटक में कुछ भी मुफ्त उपलब्ध है तो वह आतंकवाद है। आतंकवादियों को प्रोत्साहन और संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कैसी स्थिति आ गई है। विधान सौध में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार मूकदर्शक बने हुए हैं।

**चुप्पी पर सवाल उठाया :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' का जिक्र करते हुए नड्डा ने पूछा कि क्या आप इस तरह से भारत को एकजुट कर रहे हैं? आपका सांसद चुनाव जीतता है और उसकी जीत पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाते हैं।

# केंद्र चुनावी बॉन्ड का सच छुपाना चाहता है : खड़गे

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** कांग्रेस ने भारतीय स्टेट बैंक के इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी का खुलासा करने के लिए दी गई समयसीमा बढ़ाने की मांग पर मंगलवार को सवाल उठाए। साथ ही आरोप लगाया कि केंद्र सरकार चुनावी बॉन्ड की सच्चाई छुपाना चाहती है।

कांग्रेस ने कहा कि एसबीआई देश का सबसे बड़ा बैंक है। बैंक को एक क्लिक पर यह जानकारी मिल सकती है। ऐसे में बैंक जानकारी सार्वजनिक करने के लिए 30 जून तक वक्त क्यों मांग रहा है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि सरकार अपने संदिग्ध लेन-देन छुपाने के लिए बैंक का इस्तेमाल कर रही है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा कि, 'अदालत ने इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में सीबीआई को दानदातों की सूची सार्वजनिक करने की हिदायत दी थी, पर बैंक ऐसा चुनाव के बाद करने को कह रहा है।



कहा-बैंक 30 जून तक वक्त क्यों मांग रहा

## कांग्रेस के घोषणा पत्र का ड्राफ्ट तैयार

**नई दिल्ली, वि.सं.।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र का खाका तैयार कर लिया है। पार्टी की घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम बुधवार को समिति के सदस्यों के साथ घोषणा पत्र का ड्राफ्ट कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंपेंगे। इसके बाद कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में विचार किया जाएगा।

घोषणा पत्र समिति की बैठक के बाद चिदंबरम ने कहा कि हमने ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। वह बुधवार को इसे पार्टी अध्यक्ष को सौंप देंगे। इसके बाद कांग्रेस कार्य समिति में इस पर चर्चा होगी।

## सियासत 30s

### राहुल गांधी को समन जारी होगा

**बोंगाईगांव/गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को कहा कि राज्य पुलिस गुवाहाटी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हिंसा को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी करेगी। सरमा ने कहा कि पुलिस लोकसभा चुनाव के बाद नोटिस भेजेगी और गांधी को पुलिस के समक्ष शारीरिक रूप से उपस्थित होना होगा। उन्होंने यहां एक आधिकारिक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा, जब कोई कानून तोड़ता है, तो जाहिर तौर पर समन जारी किया जाएगा।

### बयानबाजी से कांग्रेस को नुकसान: प्रह्लाद पटेल

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के काबीना मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश के नेतृत्व के बारे में गांधी की कथित तौर पर टिप्पणियों से कांग्रेस को और नुकसान होगा। गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिलहाल मध्य प्रदेश से गुजर रही है। यात्रा के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ गांधी के तीखे हमलों को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर पटेल ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'देश के लोकतंत्र में अमर्यादित भाषा कभी स्वीकार्य नहीं है।

### पूर्व कांग्रेस सांसद राजेश मिश्रा भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को उस समय झटका लगा, जब उत्तर प्रदेश से कांग्रेस के प्रमुख नेता राजेश मिश्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। वाराणसी लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व सांसद मिश्रा ने यहां भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### सिंहभूम सीट पर खिलेगा कमल : बाबूलाल मरांडी

**चाईबासा (जमशेदपुर)।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा में सिंहभूम संसदीय सीट पर लोकसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए कहा कि यहां भी कमल खिलेगा। कार्यकर्ता एक-एक गांव, टोला और बूथ आवंटित कर लाभार्थियों से प्रतिदिन संपर्क करें, जो चुनाव के दिन वोटिंग खत्म होने तक चले। वह मंगलवार को खूंटकट्टी मैदान में सिंहभूम लोस क्षेत्र के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन को संबोधित कर रहे थे।

### सपा नेता मुकेश सिद्धार्थ पर रासुका को मंजूरी

**मेरठ।** सपा नेता और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मुकेश सिद्धार्थ के खिलाफ शासन ने रासुका को मंजूरी दे दी है। एसएसपी मेरठ ने बताया कि फाइल बनाकर शासन को भेजी गई थी और लखनऊ में उनके और डीएम मेरठ की ओर से जवाब दिया गया था। अब रासुका को मंजूरी मिली है और आगे की कार्रवाई कराई जा रही है। सपा नेता मुकेश सिद्धार्थ ने कमिश्नरी पार्क में आयोजित एक सभा में आपत्तिजनक और भड़काऊ बयान दिया था।

## विक्रमादित्य सिंह बागियों से मिले

**शिमला, हिन्दुस्तान संवाददाता।** हिमाचल प्रदेश का सियासी पारा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दिल्ली से लौटते हुए पंचकूला के एक निजी होटल में सभी बागियों के साथ दोबारा मुलाकात की।

वहीं, कांग्रेस के अयोग्य करार दिए गए छह विधायकों ने जहां मंगलवार को हिमाचल विधानसभा के स्पीकर के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। कांग्रेस के नेताओं पर बयानबाजी करने पर लगी पाबंदी के कारण विक्रमादित्य सिंह इस लेकर चुप्पी साधे रहे। माना जा रहा है कि दिल्ली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से हुई चर्चा के बारे में उन्होंने बागियों को अपडेट किया है।

## नीतीश कुमार ने नामांकन किया

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद् में निर्वाचन के लिए जदयू उम्मीदवार के रूप में विधानसभा के सचिव के कक्ष में नामांकन किया।

मुख्यमंत्री ने तीन सेट में अपना नामांकन भरा। उनके अलावा जदयू के खालिद अनवर और हम के संतोष सुमन ने भी अपना-अपना नामांकन किया। मंगलवार की सुबह लगभग 11.30 बजे मुख्यमंत्री विधानसभा पहुंचे। इसके पहले ही वहां बड़ी संख्या में जदयू समर्थक जमा हो गए थे।

## टिकट रुकवाने के लिए पैरवी तेज

**देहरादून, मुख्य संवाददाता।** कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बुधवार को होने वाली बैठक से पहले टिकट हासिल करने से लेकर टिकट रुकवाने की पैरवी तेज हो गई है।

कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक बुधवार को नई दिल्ली में होने जा रही है। इस बैठक के बाद सभी सीटों पर तीन-तीन प्रत्याशियों का पैनल तैयार होने की उम्मीद है। इस बीच मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता विपक्ष यशपाल आर्य, विधानसभा में कांग्रेस के उप नेता भुवन कापड़ी, विधायक विक्रम सिंह नेगी ने नई दिल्ली पहुंच वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया।


संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

संगीत नाटक अकादेमी Sangeet Natak Akademi
NATIONAL ACADEMY OF MUSIC, DANCE AND DRAMA, INDIA

G20

अकादेमी पुरस्कार AKADEMI AWARDS

भारत की माननीय राष्ट्रपति
**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
के करकमलों द्वारा

संगीत नाटक अकादेमी रत्न सदस्यता
एवं संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार 2022 | 2023
का अलंकरण समारोह

उपस्थिति
**श्री जी. किशन रेड्डी**
माननीय संस्कृति, पर्यटन एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री, भारत सरकार
**श्री अर्जुन राम मेघवाल**
माननीय राज्य मंत्री, विधि और न्याय (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य एवं संस्कृति, भारत सरकार
**डॉ. संध्या पुरेचा**
अध्यक्ष, संगीत नाटक अकादेमी
**श्री गोविंद मोहन**
सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार

**6 मार्च 2024, सायं 4.00 बजे**

**अकादेमी रत्न: विनायक खेडेकर** - भारतीय संगीत, **आर. विश्वेश्वरन** - भारतीय संगीत, **सुनयना हजारीलाल** - भारतीय नृत्य, **राजा रेड्डी और राधा रेड्डी** - भारतीय नृत्य, **डी. पी. सिन्हा** - भारतीय रंगमंच, **दुलाल रॉय** - भारतीय रंगमंच

**अकादेमी पुरस्कार 2022**

**कला का क्षेत्र: संगीत**
**देवकी पंडित** हिंदुस्तानी गायन संगीत
**हरविंदर सिंह** हिंदुस्तानी गायन संगीत
**धर्मनाथ मिश्रा** हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (हारमोनियम)
**बसंत काबरा** हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (सरोद)
**महाराजपुरम संथानम रामचन्द्रन** कर्नाटक गायन संगीत
**मंड (आलमूरू) सुधा रानी** कर्नाटक गायन संगीत
**जयंती कुमरेश** कर्नाटक वाद्य संगीत (वीणा)
**विनुकोंडा सुब्रह्मण्यम** कर्नाटक वाद्य संगीत (थविल)
**पुरूषोत्तम उपाध्याय** रचनात्मक एवं प्रायोगिक संगीत
**उस्मान भाई हुसेन भाई मीर** रचनात्मक एवं प्रायोगिक संगीत
**सापम कुल्लबी सिंह** संगीत की अन्य प्रमुख परंपराएँ (नट पुंग)
**सीताराम सिंह** संगीत की अन्य प्रमुख परंपराएँ (सुगम संगीत)
**कला का क्षेत्र: नृत्य**
**मंजुला रामास्वामी** भरतनाट्यम
**नलिनी एवं कमलिनी अस्थाना** कथक
**कलामंडलम बालासुब्रमण्यन** कथकलि
**एस. नयनसखि देवी** मणिपुरी नृत्य
**भागवतुला सेतुराम** कूचिपूडी नृत्य
**निरंजन राउत** ओडिसी नृत्य
**गोविंद सैकिया** सत्रिय नृत्य
**कला विजयन** मोहिनीआट्टम
**साधुचरण महतो** छऊ नृत्य
**भरत शर्मा** रचनात्मक एवं प्रायोगिक नृत्य
**करुणा बरा** नृत्य एवं नृत्य नाट्य की अन्य प्रमुख परंपराएँ (अंकिया भाओना)
**पुस्तकं रमा** नृत्य संगीत
**कला का क्षेत्र: रंगमंच**
**गुणाकर देव गोस्वामी** भारतीय रंगमंच (निर्देशन)
**सोहन कौल** भारतीय रंगमंच (नाट्य लेखन)
**सुरेश शर्मा** भारतीय रंगमंच (निर्देशन)
**ए. सुसाईराज** भारतीय रंगमंच (निर्देशन)
**अशोक सराफ** भारतीय रंगमंच (अभिनय)
**प्रेमलता मिश्र 'प्रेम'** भारतीय रंगमंच (अभिनय)
**युमनाम सदानंद सिंह** भारतीय रंगमंच (मूक अभिनय)
**दौलत राम वैद** सम्बद्ध नाट्य कला (प्रकाश विन्यास)
**मार्गी मधु चाक्यार** रंगमंच की अन्य प्रमुख परंपराएँ (कूटियाट्टम)
**कला का क्षेत्र: पारम्परिक/लोक/जनजातीय नृत्य/संगीत/रंगमंच और पुतुल कला**
**शैलेश श्रीवास्तव** लोक संगीत, उत्तर प्रदेश
**विजय शामराव चवाण** लोक संगीत (ढोलक), महाराष्ट्र
**टाशी जोरगेस** लोक संगीत, लद्दाख
**ओलन मेगु दामिन** लोक एवं पारंपरिक संगीत एवं नृत्य, अरुणाचल प्रदेश
**नीतू कुमारी नूतन** लोक संगीत, बिहार
**गफ़रुद्दीन मेवाती जोगी** लोक एवं पारंपरिक संगीत (भपंग), राजस्थान
**तारावती बोरी** लोक एवं पारंपरिक संगीत, असम
**के. विश्वनाथ पुलावर** पुतुल कला (तोलपावकुथु)
**महेंद्रकुमार करसनभाई आणदाणी** लोक नृत्य, गुजरात
**चिंगथम रंजीत खुमान** थांग-टा, मणिपुरी
**पूनम तिवारी** लोक संगीत, छत्तीसगढ़
**कला क्षेत्र: विद्वत्ता/समग्र योगदान**
**लक्षहीरा दास** प्रदर्शन कला में समग्र योगदान
**प्रमीला गुरुमूर्ति** प्रदर्शन कला में विद्वत्ता

**अकादेमी पुरस्कार 2023**

**कला का क्षेत्र: संगीत**
**कलापिनी कोमकली** हिंदुस्तानी गायन संगीत
**विनोद कुमार द्विवेदी** हिंदुस्तानी गायन संगीत
**हरविंद्र कुमार शर्मा** हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (सितार)
**मोईनुद्दीन खान** हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (सारंगी)
**बॉम्बे जयश्री रामनाथ** कर्नाटक गायन संगीत
**शंकर शास्त्री** कर्नाटक गायन संगीत
**नेयवेली आर. नारायणन** कर्नाटक वाद्य संगीत (मृदंगम)
**एच. के. वेंकटराम** कर्नाटक वाद्य संगीत (वायलिन)
**एस. शेखर** रचनात्मक एवं प्रायोगिक संगीत
**निलाद्री कुमार** रचनात्मक एवं प्रायोगिक संगीत
**एल. वी. गंगाधर शास्त्री** संगीत की अन्य प्रमुख परंपराएँ (सुगम संगीत)
**संगीता गोसाई** संगीत की अन्य प्रमुख परंपराएँ (ओडिसी संगीत)
**कला का क्षेत्र: नृत्य**
**उर्मिला सत्यनारायण** भरतनाट्यम
**जगदीश सुंदरलाल गंगानी** कथक
**मार्गी विजयकुमार** कथकलि
**लतासना देवी** मणिपुरी नृत्य
**मद्दूली उषा गायत्री** कूचिपूड़ी नृत्य
**स्नेहप्रभा सामांतराय** ओडिसी नृत्य
**भबेन बरबायन** सत्रिय नृत्य
**पल्लवी कृष्णन** मोहिनीआट्टम
**परीक्षित महतो** छऊ नृत्य
**निरुपमा राजेंद्र और टी. डी. राजेंद्र** रचनात्मक एवं प्रायोगिक नृत्य
**पेरिनी प्रकाश** नृत्य एवं नृत्य नाट्य की अन्य प्रमुख परंपराएँ (पेरिनीआट्टम)
**कालीनाथ मिश्र** नृत्य संगीत
**कला का क्षेत्र: रंगमंच**
**आसिफ अली हैदर खान** भारतीय रंगमंच (नाट्य लेखन)
**पाली भूपिंदर सिंह** भारतीय रंगमंच (नाट्य लेखन)
**सुरेंद्र शर्मा** भारतीय रंगमंच (निर्देशन)
**ज़हूर आलम** भारतीय रंगमंच (निर्देशन)
**अनिल रस्तोगी** भारतीय रंगमंच (अभिनय)
**राजीव वर्मा** भारतीय रंगमंच (अभिनय)
**अनूप जोशी** सम्बद्ध नाट्य कला (प्रकाश विन्यास)
**संदीप दत्ता** सम्बद्ध नाट्य कला (प्रकाश विन्यास)
**पियाल भट्टाचार्य** रंगमंच की अन्य प्रमुख परंपराएँ (संस्कृत रंगमंच)
**कला का क्षेत्र: पारम्परिक/लोक/जनजातीय नृत्य/संगीत/ रंगमंच और पुतुल कला**
**कांता काशिनाथ गावडे** लोक संगीत, गोवा
**स्वपन मुखोपाध्याय** लोक संगीत, पश्चिम बंगाल
**राकेश भट्ट** लोक रंगमंच और संगीत, उत्तराखंड
**कृष्ण लाल सहगल** लोक संगीत, हिमाचल प्रदेश
**भरत शर्मा व्यास** लोक संगीत, बिहार
**हेलेन गीरी** लोक एवं पारंपरिक संगीत, मेघालय
**चेरुथाज़म कुन्हीरामा मरार** पारंपरिक संगीत (चेंडा), केरल
**अब्दुल गफ्फार डार कानीहामी** लोक संगीत, जम्मू-कश्मीर
**जयंतीभाई मगनभाई शर्मा** लोक वाद्य निर्माण, गुजरात
**के. पजानिवेल** मार्शल आर्ट, पुदुचेरी
**गुरप्रीत सिंह खालसा** मार्शल आर्ट, पंजाब
**कला क्षेत्र: विद्वत्ता/समग्र योगदान**
**गोपालन नायर वेणु (वेणु जी.)** प्रदर्शन कला में समग्र योगदान
**जगदीश त्रिवेदी** प्रदर्शन कला में विद्वत्ता

**प्रवेश केवल निमंत्रण-पत्र द्वारा**
पूछताछ : 011-23387246 / 47 / 48
@sangeetnatak @sangeetnatak @sangeetnatak @sangeetnatakakademi
CBC 09114/12/0018/2324



भूमि तथा विकास कार्यालय
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

**सूचना**

**विषय:- भूमि तथा विकास कार्यालय में जनसाधारण से संवाद (वास्तविक/वर्चुअल)**

भूमि तथा विकास कार्यालय द्वारा अधिशासित सम्पत्तियों के पट्टेदारों/स्वामियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से संवाद विकल्पों की बढ़ोत्तरी हेतु एक अतिरिक्त उपाय किया गया है। यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 28.02.2024 से जनसाधारण के साथ वास्तविक बैठकें पूर्व निर्धारित समय पर प्रत्येक **बुधवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को अपराह्न 02.00 बजे से 03.00 बजे** तक आयोजित की जाएगी। तद्नुसार, प्रत्येक बुधवार को **अपराह्न 02.00 बजे से सायं 04.00 बजे** तक आयोजित की जा रही जनसाधारण बैठकें समाप्त कर दी जाएगी।

दिनांक 28.02.2024 से जनसाधारण के पास **प्रत्येक बुधवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को सायं 03.00 बजे तक से 03.30 बजे** तक पूर्व निर्धारित समय पर वर्चुअल प्लेटफार्म के माध्यम से संवाद का एक अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होगा।




**मिलने हेतु समय कैसे बुक करें:-**

1. भूमि तथा विकास कार्यालय की वेबसाइट https://ldo.gov.in/ पर जाएं।
2. व्यक्तिगत बैठक हेतु **"Office Visit Appointment"** पर जाएं। वास्तविक बैठक हेतु जाते समय यह सुनिश्चित करें कि आपके पास पूर्वानुमति पर्ची हो।
3. वर्चुअल पूर्वानुमति हेतु **"e-hearing Appointment"** भाग पर जाएं।
4. अपनी पूर्वानुमति बुक करने के लिए स्क्रीन पर उपलब्ध अनुदेशों का पालन करें।

शिकायत/स्थिति/शिकायत दर्ज कराने के लिए हमें टोल फ्री नंबर **1800111705** पर कॉल करें या **pg-ldo@gov.in** पर ईमेल करें।

हस्ताक्षरित /-
उप भूमि तथा विकास अधिकारी (प्रशासन)

cbc 44107/11/0006/2324

हिन्दुस्तान
1936
सत्य · सार्थक · सदैव

# सार्थक आदेश

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर कातिलाना हमले के आरोपी संदेशखाली गांव के शाहजहां शेख को सीबीआई को तत्काल सौंपने संबंधी कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश ममता बनर्जी सरकार ही नहीं, उन तमाम सरकारों के लिए एक सबक है, जो अपने सियासी नफे-नुकसान के लिए इंसाफ की राह में रोड़े अटकाने की कोशिश करती हैं। गौरतलब है, शेख पर गरीबों की जमीन हड़पने, हफ्ता वसूली और महिलाओं के यौन उत्पीड़न जैसे दर्जनों गंभीर अपराध के आरोप हैं। मगर ईडी अधिकारियों पर हमले की वारदात के बाद 55 दिनों तक वह गिरफ्तारी से बचता रहा और अंततः अदालत की फटकार के बाद ही पकड़ा जा सका। फिर सत्तारूढ़ तृणमूल ने उसे छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित करने में कोई देरी नहीं लगाई। सवाल है कि इतनी किरकिरी के बाद भी पार्टी को उसके खिलाफ कार्रवाई करने में इतना वक्त क्यों लगा? 40 से अधिक आपराधिक मामलों का एक आरोपी वर्षों से आजाद घूमता रहा, पर राज्य सरकार खामोश रही? जाहिर है, इसी खामोश संरक्षण ने उसे ईडी अफसरों पर हमले का हौसला दिया।

मगर क्या यह स्थिति सिर्फ पश्चिम बंगाल और शाहजहां शेख तक महदूद है? अभी कितने दिन हुए, जब एक रसूखदार सजायाफ्ता मुजरिम को बार-बार पैरोल देने के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाई थी? दरअसल, अपराध व राजनीति के नाभिनाल संबंध को विच्छिन्न किए बिना बेहतर समाज व लोकतंत्र संभव नहीं है। मगर दुर्योग से देश की तमाम जिम्मेदार पार्टियां इसके वादे तो करती हैं, पर वास्तव में उनका आचरण इसके ठीक उलट होता है। गौर कीजिए, एडीआर के मुताबिक, आपराधिक मामलों वाले सांसदों की जो तादाद साल 2004 में 24 फीसदी थी, वह 2019 में 43 प्रतिशत तक पहुंच गई। मौजूदा लोकसभा के तो 159 सदस्यों के खिलाफ हत्या, बलात्कार, अपहरण और यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप हैं। राज्य विधानसभाओं की तस्वीरें भी इससे अलग नहीं हैं। ऐसे में, शाहजहां शेखों पर शिकंजा कसने का नैतिक बल कहां से मिलेगा?

**संदेशखाली मामले का चिंताजनक पहलू है, केंद्र और राज्य की एजेंसियों का एक-दूसरे पर भरोसा खो देना और एक-दूसरे के विरुद्ध न्यायिक शरण में जाना।**

संदेशखाली मामले का सबसे चिंताजनक पहलू है, केंद्रीय और राज्य की जांच एजेंसियों का एक-दूसरे पर भरोसा खो देना और एक-दूसरे के विरुद्ध न्यायिक शरण में जाना। हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत बारीकी से केंद्रीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची के तहत शासन के विषयों का बंटवारा किया था, ताकि संघीय ढांचे और शासन-प्रशासन में किसी किस्म की उलझन न पैदा हो। मगर तब भी बाबा साहब आंबेडकर ने आगाह किया ही था कि संविधान चाहे कितना भी अच्छा बना लें, अगर उसे लागू करने वाले लोग अच्छे न हुए, तो यह निश्चित रूप से सार्थक साबित नहीं होगा। जिस तरह से राज्य-दर-राज्य केंद्रीय एजेंसियां और राज्य पुलिस आमने-सामने आ रही हैं और विपक्षी राज्य सरकारें सीबीआई के खिलाफ खड़ी हो रही हैं, उससे सात दशक पुरानी आशंकाएं ही घनीभूत होती हैं। यकीनन, इसके लिए किसी एक पार्टी या सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। शाहजहां शेख का मामला एक बड़ी नजीर है कि राजनीतिक दुर्भावना के तहत सरकारी संस्थाओं पर आरोप-प्रत्यारोप कैसे जाने-अनजाने सरकारों को कथित अपराधियों के पक्ष में कर दे रहा है। ऐसे में, न्यायपालिका के हस्तक्षेप से उम्मीद तो बंधती है, मगर विधायिका को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी पड़ेगी।


हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 06 मार्च, 1949

## व्यापारी वर्ग

देश के आर्थिक जीवन में व्यापारी वर्ग को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। हमको जिन आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, उनको हल करने में जितना मजदूरों का सहयोग अपेक्षित है, उतना ही उद्योगपतियों और व्यापारियों का भी है। हमको लोगों के जीवन-स्तर को ऊंचा उठाना है और उन्हें सुखी और समृद्ध बनाना है। इसके लिए राष्ट्रीय सम्पत्ति में वृद्धि होनी चाहिए और उसका उचित वितरण होना चाहिए। देश की मौजूदा सरकार का उद्देश्य जन-साधारण का हित-साधन करना है। उसे लोगों की खाने-पहनने और निवास की समस्याओं को हल करना है। उसके बाद अन्य सुख-सुविधाओं का नम्बर आयेगा। व्यापारी वर्ग का हित जनसाधारण के हित से भिन्न नहीं है; क्योंकि यदि लोगों की प्राथमिक आवश्यकतायें पूरी नहीं की गईं तो उनका असन्तोष इतना उग्र रूप धारण कर सकता है कि विशिष्ट हितों के लिए अपनी विशेषता कायम रखना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य हो जायेगा। अतः जनसाधारण की भलाई में व्यापारी वर्ग का हित भी समाया हुआ है।

देश की व्यापारिक संस्थाओं के संघ का जो अधिवेशन नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ, उसने देश के भिन्न-भिन्न भागों के बड़े-बड़े उद्योगपतियों को देश की वर्तमान आर्थिक समस्याओं पर अपना मन्तव्य प्रकट करने का मौका दिया। उद्योगपति अथवा व्यापारी वर्ग को भी अन्य वर्गों की भांति अपने सुझाव और अपनी मांगें पेश करने का हक है और सरकार नीर-क्षीर विवेक के अनुसार उन पर विचार करेगी ही। किन्तु आज सभी वर्गों को यह सोचने की जरूरत है कि यह समय केवल वर्गगत दृष्टि से विचार करने का नहीं है। हरेक को वही नीति और कार्यक्रम अपनाना चाहिए जिससे कुल मिलाकर देश का भला हो। भारत के प्रधानमन्त्री ने संघ के प्रतिनिधियों के सामने जो भाषण दिया, उसमें उन्होंने बड़ी स्पष्टवादिता से काम लिया है। उसमें व्यापारी वर्ग के लिए चेतावनी और पथ-प्रदर्शन दोनों ही हैं। प्रधानमन्त्री को यह कहना पड़ा कि जो मांगें जनसाधारण के हितों के विरुद्ध होंगी, उनकी पूरी तरह उपेक्षा की जायेगी। जनसाधारण का हित सर्वोपरि है। व्यापारी वर्ग को आश्वस्त करने के लिए वर्तमान सरकार भरसक प्रयत्न कर रही है। उसने राष्ट्रीयकरण के बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है।

# माननीयों को कितना विशेषाधिकार



यहां स्कैन करें

एस एन ढींगरा | पूर्व न्यायाधीश

**शीर्ष अदालत का यह फैसला हमारी विधायिका के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। अब बहुत से दलों का यह डर कि उनके सदस्यों को खरीद लिया जाएगा, समाप्त हो जाएगा।**

सोमवार को देश के उच्चतम न्यायालय की सात जजों की पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले से साल 1998 के नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई मामले में दिए गए निर्णय को पलट दिया। पांच जजों की पीठ ने वह फैसला 3-2 के बहुमत से दिया था। जब वह फैसला आया था, तब उसने देश के प्रबुद्ध वर्ग में एक गहरी निराशा भर दी थी। उस फैसले के अनुसार, विधायिका का कोई भी सदस्य अपना वोट बेच सकता था। इसे उसका विशेषाधिकार माना गया, जिसके लिए उस पर कोई मुकदमा भी नहीं चलाया जा सकता था। हां, उस पर मुकदमा तभी चल सकता था, जब वह पैसे लेकर पैसे देने वाले की इच्छा के अनुसार वोट न करे। जाहिर है, यह एक विचित्र तर्क था, जहां रिश्वत लेना तो माफ था, लेकिन रिश्वत लेकर बेईमानी करने को अक्षम्य अपराध माना गया था।

इस फैसले के बाद देश के संसदीय लोकतंत्र में रिश्वत का खेल बहुत बढ़ गया। आज स्थिति यह है कि किसी भी राज्य में चुनाव के बाद राजनीतिक पार्टियां अपने चुने गए सदस्यों को भेड़-बकरी की तरह किसी रिसॉर्ट या होटल में बंद कर देती हैं, ताकि कोई उनकी बोली न लगा पाए। पार्टियों को यह डर सताता है कि उनके सांसद या विधायक खरीद लिए जाएंगे, और बिकने के बाद वे अपना वोट दूसरी पार्टी के हक में डाल देंगे, और आप उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते। यह अक्सर देखा गया कि हर चुनाव के बाद या जब कभी सरकार पर कोई संकट आया, तो विधायकों को किसी दूसरे प्रदेश के होटल या रिसॉर्ट में ले जाकर बंद कर दिया गया, यहां तक कि उनके मोबाइल भी रख लिए गए।

ऐसे में, सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला हवा के ताजा झोंके की तरह है। अब तक संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत सांसदों और विधायकों को सदन के अंदर कुछ कहने और करने का विशेषाधिकार मिला हुआ था। नतीजतन, कई बार माननीयों द्वारा भाषण के दौरान ऐसे-ऐसे आरोप लगाए जाते रहे, जो यदि सदन के बाहर बोले जाते, तो भाषण देने वाले सांसद या विधायक पर आपराधिक अवमानना या कानून के तहत अन्य अपराधों के लिए मुकदमा हो जाता। अब कम से कम यह साफ हो गया है कि रिश्वत लेकर वोट देना विधानमंडल के सदस्यों के विशेषाधिकार में नहीं आता, न ही रिश्वत लेकर सवाल पूछना या विशेष प्रकार का भाषण देना संसदीय विशेषाधिकार है। इस फैसले से यह आशा की जाती है कि भारतीय लोकतंत्र में अधिक स्वच्छता, शुचिता और जिम्मेदारी से काम होगा, और जनता के प्रतिनिधि देश की जनता को धोखा नहीं दे सकेंगे। यानी, जन-प्रतिनिधि जिस दल से चुनकर आएंगे, उसी पार्टी की इच्छानुसार अपना वोट करेंगे।



शीर्ष अदालत ने तो अपना काम कर दिया, अब बारी है संसद की कि वह कानून में जरूरी बदलाव करे और विधायिका सदस्यों को मिले विशेषाधिकारों को ही खत्म कर दे। सांसदों-विधायकों को यह विशेषाधिकार नहीं होना चाहिए कि वे सदन में झूठ बोल सकें, गलत तथ्य पेश करके किसी की छवि बिगाड़ सकें, अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर सकें अथवा किसी प्रकार की दंड संहिता का उल्लंघन कर सकें। ये विशेषाधिकार भारतीय संविधान में विदेशी नकल से लाए गए हैं। ब्रिटेन के 'हाउस ऑफ कॉमन्स' (संसद का निचला सदन) के विशेषाधिकारों की तर्ज पर ये भारतीय संविधान में शामिल किए गए। इनमें भारतीय संस्कृति की मूल भावना का उल्लंघन है। भारतीय संस्कृति में यह नहीं माना जाता कि राजा कानून से ऊपर है, जैसा कि इंग्लैंड के अंदर नियम है कि 'किंग कैन डु नो रॉन्ग', यानी राजा कोई गलती नहीं कर सकता। इसके उलट, भारत में राजा भी धर्म के अधीन होता है और न्याय के लिए उसको भी दंड दिया जा सकता है। इसीलिए भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए अब हमारी संसद को भी संसदीय विशेषाधिकारों से जुड़े अनुच्छेदों को खत्म कर देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन में सदस्य भाषण देते समय मर्यादाओं का ख्याल रखेंगे, और किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गलतबयानी नहीं करेंगे या अपनी दुर्भावना जाहिर नहीं करेंगे।


आज ज्यादा से ज्यादा होता यह है कि असंसदीय टिप्पणियां और ऐसे भाषण रिकॉर्ड से निकाल दिए जाते हैं, लेकिन किसी भी बाहरी व्यक्ति के पास यह अधिकार नहीं है कि वह सांसद या विधायक पर मुकदमा चला सके। जिस प्रकार अन्य सामान्य व्यक्ति पर कानून लागू होता है, वैसे ही विधायिका के सदस्यों पर भी कानून लागू होने चाहिए। इससे उनके कार्य करने की क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि विधायिका के सदस्यों का यह काम नहीं है कि वे सदन में झूठ बोलें, गलत तथ्य पेश करें, दुर्भावनापूर्ण भाषण दें या दूसरों की मर्यादा को तार-तार करें। उम्मीद है, अगली संसद इस फैसले के बाद बाकी सभी विशेषाधिकारों को भी समाप्त कर देगी।

इसी फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के कुलदीप नैयर बनाम भारत संघ फैसले को भी स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के अंतर्गत आता है। कुलदीप नैयर केस में यह कहा गया था कि राज्यसभा के लिए वोट देना संसदीय कार्य नहीं है, और इसलिए उसमें संसदीय विशेषाधिकार लागू नहीं होते। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि उस फैसले का यह हिस्सा गलत है और राज्यसभा के लिए वोट देना भी संसदीय कार्य है, जिसे संसदीय विशेषाधिकारों में गिना जाएगा।

शीर्ष अदालत का यह फैसला विधायिका के लिए मील का एक पत्थर साबित हो सकता है। अब बहुत से दलों का यह डर कि उनके सदस्यों को खरीद लिया जाएगा और बिकने के बाद वे खरीदार के अनुसार वोट देंगे, समाप्त हो जाएगा, क्योंकि ऐसे सदस्यों के खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई हो सकेगी। पार्टियों को यह जरूरत नहीं पड़ेगी कि वे अपने सदस्यों को किसी गेस्ट या रेस्ट हाउस में बंद करें। अगर कोई सदस्य रिश्वत लेकर वोट देता है, तो वह अपराधी माना जाएगा और उसके ऊपर मुकदमा चलेगा। अब कुछ नेताओं का यह कहना भी कि बेशक दूसरे दलों से रिश्वत ले ली जाए, लेकिन वोट मूल पार्टी के पक्ष में किया जाए, कानूनी अपराध माना जाएगा। वास्तव में, अब किसी भी रूप में रिश्वत लेना ही आपराधिक कृत्य बन जाएगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बेअसर होकर अपनी आभा खो रहा विश्व व्यापार संगठन



यहां स्कैन करें

मोहन कुमार | पूर्व राजदूत

एक और डब्ल्यूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन अबू धाबी में संपन्न हो गया, पर इसमें दिखाने के लिए कुछ खास नहीं था। आखिरकार, डब्ल्यूटीओ या विश्व व्यापार संगठन के मुख्य कार्य, यानी संवाद कार्य और विवाद सुलझाने का कार्य पिछले कुछ समय से ठप पड़े हैं। इन दोनों कार्यों को फिर शुरू करने की कोशिशें अबू धाबी में सिफर साबित हुईं। इससे पता चलता है कि 166 सदस्यों वाला यह संगठन कैसे गंभीर रूप से संकटग्रस्त हो गया है।

अबू धाबी में 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में डब्ल्यूटीओ सदस्यों के सामने चार मुख्य चुनौतियां थीं। पहली, मत्स्य पालन सब्सिडी पर बहुपक्षीय समझौता कैसे किया जाए। दूसरी, अपीलीय निकाय को कैसे बहाल किया जाए, ताकि विवाद निपटान तंत्र डब्ल्यूटीओ के मुकुट में रत्न के रूप में अपनी प्रतिष्ठा फिर से हासिल कर सके। तीसरी, खाद्य सुरक्षा से संबंधित सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग (पीएसएच) मुद्दे का स्थायी समाधान कैसे हो, जिसकी मांग भारत और कई अन्य देश कर रहे हैं। और आखिरी, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क पर रोक के विस्तार को कैसे सुनिश्चित करें।

**किसी समय विश्व व्यापार संगठन से बड़ी उम्मीदें थीं और दुनिया को लाभ भी हुआ था, पर अब इसका काम सिमटता जा रहा है।**

मत्स्य पालन सब्सिडी पर बहुपक्षीय समझौता पिछले मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में आंशिक रूप से हो गया था और इसे इस सम्मेलन में पूरा किया जाना था, ताकि यह लागू हो सके। निराशा की बात है कि यहां वार्ताकारों को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। भारत ने समानता और न्याय के लिए लड़ाई लड़ी, जिसके कारण यूरोपीय संघ के वार्ताकार को कहना पड़ा कि केवल एक देश (भारत) था, जिसने सहमति रोकी है। भले ही यह सच हो, पर भारत अपने मछुआरों की आजीविका के लिए दी जाने वाली सब्सिडी से कैसे समझौता कर सकता है? अनेक देश हैं, जो भारत से भी ज्यादा सब्सिडी देते हैं। हमारे किसानों के लिए भी यही बात लागू होती है। डब्ल्यूटीओ ने भारत जैसे देशों से जो वादा किया था, उससे वह मुकर गया है। वास्तव में, कृषि सब्सिडी एक गंभीर मुद्दा है, जिसे अत्यधिक गरीबी और भूख को खत्म करने के सतत विकास लक्ष्य से जोड़ा जाना चाहिए। बाजार तक पहुंच के मुद्दे को बंधक बनाना अनुचित व अन्यायपूर्ण है। अफसोस, अबू धाबी के सम्मेलन में इस दिशा में कोई कामयाबी नहीं मिली।

अपीलीय निकाय की बहाली की कहानी भी अलग नहीं है। केवल एक डब्ल्यूटीओ सदस्य, यानी संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस पर आपत्ति जताई है। यदि डोनाल्ड ट्रंप सफल होते हैं, तो इस विषय पर सभी दांव बेकार चले जाएंगे। यह सम्मेलन बमुश्किल इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क पर रोक को दो साल तक बढ़ाने में कामयाब रहा है। भारत इसके भी विरोध में था और संयुक्त अरब अमीरात के व्यापार मंत्री के व्यक्तिगत अनुरोध के बाद ही वह अंतिम समय में सहमत हुआ।

बहरहाल, सम्मेलन के बाद यह निष्कर्ष निकालना उचित होगा कि बहुपक्षीय मंचों पर चीन-भारत सहयोग का युग अब समाप्ति की ओर है। अब ब्रिक्स समूह पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, यह देखना बाकी है। चीन दुनिया के सौ से ज्यादा देशों के साथ व्यापार समझौता कर चुका है। अब बहुपक्षीय संगठन के रूप में डब्ल्यूटीओ का भविष्य उज्ज्वल नहीं है। क्या विश्व स्तर पर व्यापार विवाद सुलझाने के मोर्चे पर हम बुरे पुराने दिनों की वापसी देख सकते हैं? यदि ऐसा होता है, तो भारत क्या करेगा? डब्ल्यूटीओ को पुनर्जीवित करने की निराशाजनक संभावनाओं को देखते हुए, भारत को अपने प्रमुख एफटीए, विशेषकर ईयू, यूके और जीसीसी के साथ समझौते में जल्दी करनी चाहिए। हम समय नहीं गंवा सकते और मई में नई सरकार को प्राथमिकता से इस पर ध्यान देना चाहिए।

भारत की रणनीतिक/विदेश नीति विमर्श और इसकी व्यापार नीति विमर्श के बीच भी कुछ अंतर है। रणनीतिक चर्चा इस धारणा पर आधारित है कि हम जल्द ही सात या दस ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। मौजूदा व्यापार नीति चर्चा यकीनन दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए उपयुक्त है! अतः इस अंतर को पाटने की जरूरत है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि मई में नई सरकार कृषि, भूमि, श्रम और रसद में गहन, संरचनात्मक सुधार करे, ताकि भारत को बड़ी आर्थिक लीग में शामिल होने में मदद मिले।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# पहले अपनी गांठें खोलिए

अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि यहां अपने जीवन को कैसे संभाला जाए? वे मृत्यु के बाद के जीवन के चक्कर में पड़े रहते हैं। इसका फायदा क्या है? कोई भी चीज, जो आपके अनुभव में नहीं, उसे समझने और उसकी छानबीन करने का कोई फायदा नहीं है। हरेक व्यक्ति के लिए यह समझना बहुत जरूरी है। लोग हमेशा मृत्यु के बाद के जीवन को समझने की कोशिश करते रहते हैं। आप अभी जिस आयाम में हैं, उससे भिन्न आयाम की किसी चीज को नहीं समझ सकते।... यदि आप किसी फूल को समझने की कोशिश करेंगे, तो क्या उसे समझ पाएंगे? उसे समझने की कोशिश में, हो सकता है कि आप उसकी एक-एक पंखुड़ी तोड़कर अलग कर दें, मगर कुछ न समझ पाएं। हो सकता है, आप उसकी केमिस्ट्री (रासायनिक संरचना) समझ जाएं। हो सकता है, आप हर चीज का विश्लेषण कर लें और तब आप नतीजा निकालें कि हर चीज प्रोटॉन, न्यूट्रॉन और इलेक्ट्रॉन से बनी है। वह सब ठीक है, पर आप फूल के बारे में कुछ भी नहीं जानेंगे।

अब लोग आध्यात्मिकता को ज्ञान-रूप में देने की कोशिश कर रहे हैं। ज्ञान तो सिर्फ इस चीज का होना चाहिए कि आप किस तरह बंधे हुए हैं। आपको यह समझने की जरूरत है कि आप अपनी सीमाओं से कैसे बंधे हैं। अन्य आयामों को आप नहीं समझ सकते। लोग हमेशा इस बारे में बात करते हैं कि ईश्वर कैसे हैं, स्वर्ग कैसा है? यह आपको दिवास्वप्न दिखाने के सिवा और कहीं नहीं पहुंचाएगा। आपको सिर्फ इतना समझने की जरूरत है कि अपनी सीमाओं से आप कैसे बंधे हुए हैं! अगर आप यह समझ लेंगे और खुद को उन बंधनों से मुक्त कर लेंगे, तो आपको जहां जाना है, किसी न किसी तरह वहां पहुंच ही जाएंगे।

अगर मैं आकाश की बात करूं, तो उससे क्या फायदा होगा? वे कौन से बंधन हैं, जिन्होंने आपको धरती से बांध रखा है? सिर्फ यही मायने रखता है। आपका लेना-देना सिर्फ उन बंधनों से है, आकाश से नहीं। अगर आप इन बंधनों से मुक्त हो जाएं, तो आकाश तक स्वतः पहुंच जाएंगे। और जब आप वहां पहुंचेंगे, आकाश को जान जाएंगे। इसके पहले आप जो भी सोचेंगे, समझेंगे या विश्लेषण करेंगे, वह उस सीमित आयाम से ही उपजेगा, जहां आप अभी हैं।

**लोग हमेशा मृत्यु के बाद के जीवन को समझने की कोशिश करते रहते हैं। आप अभी जिस आयाम में हैं, उससे भिन्न आयाम की किसी चीज को नहीं समझ सकते।**

गुरु का काम है, जिन बंधनों में आपने खुद को जकड़ रखा है, उनको खोलने में आपकी मदद करना और आपको दिखाना कि उनमें कहां गांठें पड़ी हुई हैं। अगर आप उन्हें खोल लेते हैं और तैयार बैठे हैं; अगर आप कगार पर खड़े हैं, जहां शायद बस एक ही गांठ बची है, फिर गुरु आपको धक्का दे सकता है। तब आप नहीं टूटेंगे, सिर्फ वह आखिरी बंधन टूटेगा।

सद्गुरु जग्गी वासुदेव

ओम बिरला | लोकसभाध्यक्ष



एक समय था, जब ग्रामीण महिलाएं मूलभूत समस्याएं बताने से भी कतराती थीं, आज स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं हर गांव में सफलता की नई कहानियां लिख रही हैं। ये बहनें अपने परिश्रम से सामाजिक-आर्थिक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## अनुलोम-विलोम
### फ्रांस में गर्भपात



# औरतों के शरीर पर रहे उसी का हक

सोमवार 4 मार्च फ्रांस के लिए अभूतपूर्व दिन साबित हुआ। विशेषकर वहां की महिलाओं के अधिकार के लिए संघर्ष करने वालों के लिए यह बड़ा दिन था। उस दिन वहां की संसद ने एक नया इतिहास रचते हुए महिलाओं को गर्भपात का अधिकार दे दिया। इस तरह, फ्रांस दुनिया का पहला देश बन गया है, जहां गर्भपात अब सांविधानिक अधिकार के दायरे में है। सांसदों ने महिलाओं की स्वतंत्रता और उनके इस अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए 1958 के संविधान में संशोधन किया। इस संविधान संशोधन के पक्ष में 780 वोट मिले, जबकि विरोध में सिर्फ 72। इस संशोधन के पारित होने के बाद वहां के राष्ट्रपति ने उचित ही कहा कि इससे दुनिया की तमाम महिलाओं को एक संदेश गया है कि उनके शरीर पर उनका ही अधिकार है, कोई दूसरा इसके बारे में फैसला नहीं ले सकता।

यह सांविधानिक गारंटी फ्रांसीसी महिलाओं के लिए अनिवार्य हो चली थी, क्योंकि रूढ़िवादी राष्ट्रवाद का पूरे यूरोप में उभार हो रहा है। फ्रांस में गर्भपात का कानूनी अधिकार 1975 से है, लेकिन इसमें नौ बार बदलाव हो चुका है। ऐसे में, यह मुमकिन था कि भविष्य में कोई राष्ट्रवादी पार्टी यहां सत्ता में आ जाए, तो वह महिलाओं को उसके शरीर पर मिले अधिकार को पलट दे। इतना ही नहीं, कोई धर्मगुरु यह दलील दे सकता था कि जान लेने का हक किसी को नहीं, और इस तरह महिलाओं के अधिकार छीने जा सकते थे। जैसे, अमेरिका में शीर्ष अदालत ने गर्भपात को अवैध घोषित कर दिया था। मगर अब कम से कम फ्रांस में ऐसा करना शायद संभव नहीं होगा।

यह सांविधानिक संशोधन फ्रांस के संविधान में कुल 25वां संशोधन है। खास बात यह भी है कि देश के संविधान में 2008 के बाद किया गया यह पहला संशोधन है। फ्रांस में पिछले कई दिनों से महिलाओं को गर्भपात के अधिकार दिए जाने की मांग की जा रही थी। इसको लेकर हुए सर्वेक्षण में 85 फीसदी लोगों ने इसका समर्थन भी किया था। यह संकेत था कि महिलाएं किस तरह अपने इस अधिकार को लेकर उत्सुक थीं। उम्मीद है, दुनिया के अन्य देश भी अपने यहां औरतों को यह अधिकार देंगे। इस फैसले के विरोधी मानते हैं कि फ्रांस के राष्ट्रपति ने सियासी फायदे के लिए संविधान में यह संशोधन किया। मगर यह आरोप गलत है। हमें औरतों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और उन्हें अपने तईं फैसले लेने की पूरी आजादी देनी चाहिए। तभी समाज में असल समानता भी आएगी।

जंग बहादुर सिंह, टिप्पणीकार

# गर्भपात को सही नहीं कहा जा सकता

फ्रांस में गर्भपात का सांविधानिक अधिकार महिलाओं को सशक्त नहीं, बल्कि शारीरिक रूप से विपन्न ही बनाएगा। इस फैसले की जितनी आलोचना की जाए, वह कम है। यह सही है कि कुछ मामलों में गर्भपात को मंजूरी मिलनी चाहिए, लेकिन इस पर निगरानी भी आवश्यक है। स्वच्छंदता या उन्मुक्तता और महिला अधिकार के नाम पर इसको मंजूरी देने से कई अन्य तरह के खतरे भी पैदा हो सकते हैं। इसी कारण, कई संगठनों ने फ्रांस के इस फैसले का विरोध भी किया है। हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों अमेरिका जैसे देश ने अपने यहां गर्भपात के सांविधानिक अधिकार को खत्म कर दिया?


यहां आलोचकों का यह तर्क जायज जान पड़ता है कि मानव जीवन लेने का अधिकार किसी को नहीं है। इस मानवतावादी दृष्टिकोण को यदि नजरंदाज कर दें, तब भी स्वास्थ्य के लिहाज से गर्भपात सही नहीं है। गर्भपात के बाद औरतों में कई तरह की शारीरिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सबसे पहले तो गर्भपात के दौरान औरतों को शारीरिक और मानसिक कष्ट से गुजरात पड़ता है, फिर कई अध्ययन इसकी तस्दीक भी करते हैं कि बहुत अधिक गर्भपात के इतिहास वाली औरतों के जीवन में खतरनाक व गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं बढ़ सकती हैं। उनको उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और टाइप-2 मधुमेह जैसी बीमारियों से गुजरना पड़ सकता है। इसके अलावा, गर्भपात से महिलाओं में आयरन की कमी और एनीमिया हो सकता है। बार-बार गर्भपात से सर्वाइकल से जुड़ी बीमारियां भी हो सकती हैं। गर्भाशय ग्रीवा, जो गर्भाशय का मुंह होता है, गर्भावस्था को रोकने के लिए ढीली हो सकती है, जिससे भविष्य में सहज गर्भपात हो सकता है। यही कारण है कि गर्भपात कराने वाली ज्यादातार औरतों को बाद में गर्भ धारण करने के लिए जूझते हुए देखा गया है। इतना ही नहीं, गर्भपात औरतों के मासिक धर्म को भी प्रभावित कर सकता है।

जाहिर है, गर्भपात कोई अच्छी व्यवस्था नहीं है। आपात स्थिति या अपवादस्वरूप इसे मंजूर किया जा सकता है, लेकिन संविधान में संशोधन करके महिलाओं को यह अधिकार देना और यह कहकर महिमा-मंडित करना कि दुनिया में ऐसा पहली बार हुआ है, कतई उचित नहीं जान पड़ता। फ्रांस को इस दिशा में बढ़ने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए थी। ऐसा लगता है कि महिला अधिकारवादियों के दबाव में यह फैसला किया गया है। उचित होगा कि इसे वापस लेने की दिशा में प्रयास हो।

ममता सिंह, टिप्पणीकार

# मजबूत नेताओं का ज्यादा बोलबाला

भारतीय लोकतंत्र में लाखों नेता हैं, पर उनमें से चंद मजबूत नेताओं को ही बार-बार याद किया जाता है। देश प्रत्यक्ष या परोक्ष ढंग से 800 के करीब सांसद और 4000 से ज्यादा विधायक चुनता है। फिर भी देश में चंद कद्दावर चेहरे ऐसे होते हैं, जिनके पीछे देश चलता है। एक हालिया सर्वेक्षण में भी यह बात सामने आई है कि भारत में लोग मजबूत नेताओं को ज्यादा पसंद करते हैं। पेश है **रोशन किशोर** और **श्रीदेव कृष्णकुमार** की कलम से इस सर्वेक्षण पर आधारित विश्लेषण...



## पंडित जवाहरलाल नेहरू

देश की आजादी के बाद सबसे मजबूत नेता जवाहरलाल नेहरू ही थे। देश में पहला चुनाव अक्तूबर 1951 से फरवरी 1952 तक चला था। चार महीने के समय में चुनाव के पहले और उसके बाद भी कांग्रेस के नेता के रूप में पंडित नेहरू की जीत पर शायद ही किसी को संदेह था। उस चुनाव में कांग्रेस 364 सीटें जीतने में सफल रही थी। सीपीआई को महज 16 और जयप्रकाश नारायण की सोशलिस्ट पार्टी को महज 12 सीटों से संतोष करना पड़ा था। पंडित नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस को 44.99 प्रतिशत वोट मिले थे। साल 1957 के चुनाव में सीटों की संख्या बढ़कर 371 हो गई थी। साल 1962 के अपने अंतिम चुनाव में भी वह 361 सीटें लेने में कामयाब रहे थे और कांग्रेस को तब भी 44 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे।




## इंदिरा गांधी

इंदिरा गांधी को हमेशा मजबूत नेता के रूप में याद किया जाता है। साल 1967 लोकसभा चुनाव में पार्टी में फूट के बावजूद वह 283 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बनी थीं। साल 1971 के चुनाव में उन्हें 363 सीटें और 1980 के चुनाव में 353 सीटें मिली थीं।




## जयप्रकाश नारायण

देश की राजनीति को बदलने वाले नेता के रूप में लोकनायक को हमेशा याद किया जाता है। कांग्रेस को सदैव चुनौती देने वाले लोकनायक को जब लगा कि देश में तानाशाही बढ़ रही है, तब उन्होंने संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया। नेताओं की एक पूरी पीढ़ी को सामने ला खड़ा किया। साल 1977 के चुनाव में जनता पार्टी को 295 सीटें मिली थीं और मतदान प्रतिशत 41 से ज्यादा रहा था, उन्होंने कांग्रेस को महज 154 सीटों पर समेटकर पहली बार सत्ता से बेदखल किया था।



## राजीव गांधी

महज 40 साल की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी भी भारत की राजनीति को हमेशा के लिए बदलने वाले मजबूत नेता के रूप में याद किए जाते हैं। युवा, शिक्षा, तकनीक, राजनीति, समाज इत्यादि सभी मोर्चों पर उन्होंने देश को प्रभावित किया। साल 1984 के लोकसभा चुनाव में वह अब तक की रिकॉर्ड 414 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बने थे। वह 50 प्रतिशत के करीब वोट लेने में कामयाब रहे थे।



## लालकृष्ण आडवाणी

भारतीय राजनीति को एक निर्णायक मोड़ पर लाने का श्रेय लालकृष्ण आडवाणी को दिया जाता है। अपने कद्दावर वरिष्ठ सहयोगी अटल बिहारी वाजपेयी को आगे रखकर पार्टी को दो सीट से देश की सत्ता तक पहुंचाने में वह सर्वाधिक सक्रिय रहे। देश चलाने वाले नेताओं की एक पूरी पीढ़ी को उन्होंने अपने मार्गदर्शन में तैयार किया।



## नरेंद्र मोदी

लगभग 15 साल स्वयंसेवक के रूप में, लगभग 15 साल भाजपा के संगठन में, लगभग 13 साल गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और अब दस साल देश के प्रधानमंत्री के रूप में पूरे करने जा रहे नरेंद्र मोदी की गिनती दुनिया के मजबूत नेताओं में होती है। उनके नाम पर सत्तारूढ़ पार्टी चुनाव लड़ती है। वह साल 2014 में भाजपा को अकेले 282 सीटें जितवाने में कामयाब रहे थे। साल 2019 लोकसभा चुनाव में 303 सीटों के साथ वह सत्ता में और मजबूत होकर उभरे थे। आज भी उनकी लोकप्रियता का ग्राफ किसी सर्वेक्षण में कम नहीं दिखता है।

साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की लगातार दो जीत ने भारत में राजनीति और यहां तक कि लोकतंत्र की स्थिति पर भी बड़ी बहस पैदा कर दी है। भाजपा के कुछ आलोचक टिप्पणीकार दावा करते हैं कि मोदी सरकार के तहत लोकतंत्र का क्षरण हुआ है, शासन की मनमानी बढ़ी है। दूसरी ओर, भाजपा ने इन दावों का पुरजोर खंडन करते हुए कहा है कि भारत में लोकतंत्र मजबूत है और लोगों को विपक्ष पर कोई भरोसा नहीं है। हालांकि, प्यू रिसर्च सेंटर के ताजा सर्वेक्षण से यह पता चलता है कि भारत में लोगों को मजबूत विपक्ष भी पसंद है।

बहरहाल, 24 देशों में प्रतिनिधि लोकतंत्र पर प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए सर्वेक्षण के निष्कर्ष हाल ही में जारी किए गए हैं, जो बताते हैं कि वास्तविकता अलग हो सकती है। वास्तव में, सर्वेक्षण के परिणाम बताते हैं कि जब प्रतिनिधि लोकतंत्र से संबंधित विभिन्न सवालों पर राजनीतिक विचारों की बात आती है, तो भारत सबसे आगे है। इस सर्वेक्षण में लोकतंत्र जिस तरह से काम कर रहा है, उससे संतुष्टि के मामले में 24 देशों में स्वीडन के बाद भारत दूसरे स्थान पर आता है। लोकतंत्र से संतुष्ट भारतीयों की हिस्सेदारी 72 प्रतिशत है, जो 24 देशों के औसत से 32 प्रतिशत अंक अधिक है। वास्तव में, सर्वेक्षण के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि अधिकांश देशों के विपरीत भारत में संतुष्टि एक द्विपक्षीय घटना है। न केवल सत्ताधारी पार्टी के समर्थकों, बल्कि सत्ताधारी पार्टी का समर्थन नहीं करने वाले लोगों के बीच भी लोकतंत्र के प्रति संतुष्टि के मामले में भारत सर्वेक्षण में दूसरे स्थान पर है। इसी तरह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, दोनों को अन्य देशों की तुलना में भारत में सत्तारूढ़ दल और विपक्षी दल के नेताओं के बीच उच्च स्वीकृति रेटिंग प्राप्त है।

हालांकि, सर्वेक्षण में एक अन्य आंकड़ा हमें बताता है कि इन निष्कर्षों को देखते समय सावधानी बरतनी चाहिए। भारत में ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि एक मजबूत नेता बिना किसी से प्रभावित हुए निर्णय ले सकता है और देश पर शासन करने का यह एक अच्छा तरीका है। मतलब, लोग अधिक शक्तिशाली नेता की आशा करते हैं। भारत में लोग न केवल लोकतंत्र से संतुष्ट हैं, साथ ही, उन्हें मजबूत नेता भी बहुत पसंद हैं। लोग ऐसे नेताओं को पंसद करते हैं, जो विधायिका या न्यायपालिका के नियंत्रण से भी मुक्त रहकर काम कर सकता है। सर्वेक्षण के आधार पर अगर देखें, तो लोकतांत्रिक देशों के बीच भारत एक अलग ही मुकाम पर खड़ा नजर आता है।

भारत 85 प्रतिशत लोग मजबूत नेताओं के पक्षधर हैं। इंडोनेशिया में भी 77 लोग मजबूत नेताओं को चुनना पसंद करते हैं। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, जापान, ब्रिटेन का स्थान आता है। सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका में भी 32 प्रतिशत लोग मजबूत नेताओं को चुनना ज्यादा पसंद करते हैं। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि अपनी मजबूती दिखाने के लिए मशहूर इजरायल के लोगों को मजबूत नेता ज्यादा पसंद नहीं आते हैं। वहां केवल 26 प्रतिशत लोग ही मजबूत नेताओं के पक्षधर हैं। स्वीडन में लोकतंत्र की अलग ही स्थिति नजर आती है, वहां महज 8 प्रतिशत लोग ही मजबूत नेताओं के हिमायती हैं। वहां लोग नए-नवेले और मध्यम शक्ति वाले राजनेताओं को अपने प्रतिनिधि के रूप में ज्यादा पसंद करते हैं।

बहरहाल, चर्चा भारत की जरूरी है, जो चुनावी मुद्रा में आ चुका है। साल 2014 के बाद के चरण में भारतीय राजनीति में एक और दिलचस्प विरोधाभास यह भी आया है कि नेताओं की आर्थिक ताकत ज्यादा होती जा रही है। सत्तारूढ़ नेताओं को अन्य राजनीतिक दलों की तुलना में ज्यादा धन या दान मिलता है। साथ ही, गरीब मतदाता से भी उन्हें समर्थन मिलता है। गौर करने की बात है कि राजनीतिक फंडिंग का एक बड़ा हिस्सा भारत में अत्यधिक अमीरों की जेब से ही आता है। इस मोर्चे पर भारतीय जनता पार्टी की क्षमता उल्लेखनीय रही है। सर्वेक्षण के आंकड़ों से पता चलता है कि भाजपा ने उस भावना का लाभ उठाया है, जो देश में पहले से ही व्यापक है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि ज्यादातर उत्तरदाता नेता के रूप में उद्यमियों और श्रमिक नेताओं को पसंद करते हैं। यह भी एक विरोधाभास ही है कि अमीर भी पसंद हैं और श्रमिक नेता भी।

यह अलग ही विश्लेषण का विषय है कि भारतीय लोकतंत्र में दिखने वाले इन विपरीत बिंदुओं का क्या मतलब है? इस तथ्य से शुरू होने वाली कई व्याख्याएं हो सकती हैं कि लोग ऐसे सर्वेक्षणों में प्रतिगामी विचारों को कम महत्व देते हैं। लोग ऐसे सर्वेक्षणों में यह नहीं बताते कि वह हाशिये की पृष्ठभूमि वाले लोगों को भी चुनना पसंद करते हैं। हालांकि, इस तथ्य की अधिक संभावना है कि भारत में मतदाताओं के आदर्श विचार ही काफी हद तक तय करते हैं कि यहां निर्वाचित प्रतिनिधि या नीति-निर्माता कौन बनेगा। एक दूसरा पहलू भी है कि आदर्श विचारों पर ज्यादातर राजनीतिक दल ध्यान नहीं देते हैं, शायद उन्हें पता होता है कि मतदाता आदर्शों से बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं होते हैं। ज्यादातर मतदाता प्रत्याशियों की मजबूती ही देखते हैं। जिधर सशक्त नेता नजर आते हैं, उधर ही लोगों के वोट जाने लगते हैं।


राजनीतिक दल अमीर उम्मीदवारों को मैदान में ज्यादा उतारते हैं। इसी प्रकार अधिकांश स्थापित राजनीतिक दल उम्मीदवार खड़ा करते समय महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं देते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि हमारे राजनीतिक दल भारतीय राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बारे में आवश्यक रूप से सुसंगत विचार नहीं रखते हों।

कोई आश्चर्य नहीं, औसत भारतीय सांसद औसत भारतीय की तुलना में काफी अमीर हैं। सांसदों का संपत्ति मूल्य आम भारतीय के संपत्ति मूल्य से 106 गुना ज्यादा है। जब हम किसी मजबूत नेता को चुनना पसंद करेंगे, तो जाहिर है, उसका अमीर होना एक तरह से स्वाभाविक ही है।

Hindustan Times

**1** भारत में शक्तिशाली लोगों को ज्यादा पसंद किया जाता है। कमजोर लोगों का पक्ष लेना अलग बात है, लेकिन अपने प्रतिनिधि के रूप में कोई भी किसी कमजोर का साथ देना नहीं चाहता। हर मतदाता यही चाहता है कि उसका नेता मजबूत हो, सक्षम हो। वैसे दुनिया के कुछ दूसरे देशों में भी लोग यही चाहते हैं, पर अनेक ऐसे देश हैं, जो स्थापित मजबूत नेताओं से अलग सोचते हैं और आम या नए नेताओं पर विश्वास करते हैं। अमेरिका की अगर बात करें, तो वहां 30 प्रतिशत लोग मजबूत नेता को अपने प्रतिनिधि के रूप में स्वीकार करते हैं। ब्रिटेन में भी लगभग यही स्थिति है।

### भारत में शक्तिशाली राजनेताओं को सबसे ज्यादा पसंद करते हैं लोग




**2** एडीआर से उपलब्ध 539 सांसदों के आंकड़ों के अनुसार, 2019 के लोकसभा चुनावों में चुने गए एक सांसद की औसत संपत्ति का मूल्य - चुनावी हलफनामों के अनुसार, 20.93 करोड़ रुपये था। एआईडीआईएस के आंकड़ों के अनुसार, 30 जून, 2018 को यह एक भारतीय परिवार की औसत संपत्ति मूल्य से 106 गुना अधिक है। एक सांसद की औसत संपत्ति और एक औसत भारतीय परिवार की औसत संपत्ति में यह अंतर 2014 की तुलना में थोड़ा बढ़ा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में एक सांसद की औसत संपत्ति 14.7 करोड़ रुपये थी।

### एक औसत भारतीय सांसद एक औसत भारतीय नागरिक की तुलना में काफी अमीर




स्रोत एडीआर

**15** प्रतिशत लोग भारत में ऐसे हैं, जो मजबूत नेताओं को ज्यादा पसंद नहीं करते, अन्य नेताओं को मौका देना चाहते हैं।

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार से आय में वृद्धि होगी। कारोबार के लिए यात्रा भी लाभप्रद रहेगी।

**वृष :** मन अशांत हो सकता है। संयत रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। परंतु बातचीत में संतुलन बनाए रखें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। संतान की सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क :** मन में असंतोष रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**सिंह :** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। परंतु कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या :** संयत रहें। सेहत का ध्यान रखें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक व शोधादि कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में भी सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**धनु :** बातचीत में संतुलित रहें। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाने के अवसर भी मिल सकते हैं।

**मकर :** मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा सुखद होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ :** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में परिवर्तन की संभावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**मीन :** मन परेशान हो सकता है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

06 मार्च, बुधवार, 16 फाल्गुन (सौर) शक संवत् 1945, 23, फाल्गुन मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 24, शब्बान सन् 1445, फाल्गुन कृष्ण एकादशी तिथि (विक्रमी संवत्) रात्रि 04.14 मिनट तक। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, व्यतिपात योग प्रातः 11.33 मिनट तक तदनंतर वरीयान योग, बव करण। चंद्रमा धनु राशि में रात्रि 08.28 मिनट तक उपरांत मकर राशि में।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य दक्षिण गोल। वसंत ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। विजया एकादशी व्रत (स्मार्त)।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मैंने अपना पूरा घर वास्तु के अनुसार बनवाया है। परंतु फिर भी मुझे बीमारी घेरे रहती है। कृपया इसे दूर करने का उपाय बताएं? -प्रतीक्षा, गाजियाबाद

- आपके बेडरूम की उत्तर दिशा एवं ईशान कोण में भार होना स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। व्यक्ति मानसिक एवं शारीरिक रूप से बहुत परेशान रहता है। साथ ही आपने कमरे की वायव्य दिशा में दर्पण भी लगा रखा है। आप सबसे पहले अलमारी को वहां से हटाकर पश्चिम की दिशा में लगा लीजिए। वायव्य कोण में लगा हुआ दर्पण हटाकर अलमारी में अंदर की ओर लगा दें। बाथरूम का दरवाजा सदा बंद रखें। कमोड को सदा ढक कर रखें। बेड को दीवार से चिपका कर न रखें।

### वर्ग पहेली : 7534



**बाएं से दाएं**
1. प्रतिबिंब; छाया; झलक; पता; संकेत; ज्ञान (3)
3. अन्यायी; अत्याचारी; जालिम (5)
7. आत्म या आत्मा संबंधी चिंतन; स्वचिंतन (5)
8. इमारती लकड़ी का पेड़ जिससे अलकतरा भी निकलता है (4)
10. किसी के विरुद्ध किसी के मन में गलत धारणा बनाना; चुगली करना (2,3)
11. उच्च और उदार मन वाला; महानुभाव (4)
13. शरण में आया हुआ; शरणार्थी (5)
14. रचना में सहायक; निर्माण करने वाला (5)
15. खराबी; तबाही; नाश; हानि (3)

**ऊपर से नीचे**
2. जिसमें किसी प्रकार का मानसिक भाव भी मिला हो; जिसमें अभाव न हो; भावमय (4)
4. मन की इच्छा; मन की भावना (5)
5. अस्वीकार करना; निरस्त करना; परिवर्तित करना; बदलना; काट देना (2,3)
6. इज्जत होना; काम ठीक होना; साख रहना (2,3)
8. निर्धारित से अधिक समय लेना; समय पर न पहुंचना; समय पर पूरा न कर पाना (2,3)
9. सहयात्री; साथी (5)
10. काम करने का अनुभव प्राप्त करना; काम करने का अभ्यास करना; काम करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना (2,3)
12. लड़ना; झगड़ा करना (4)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 7533

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | न | क | र | ना | ■ | क | ■ |
| द | ■ | गी | ■ | सी | ■ | रा | ह | त |
| द | बा | ना | ■ | ला | त | ■ | ला | ■ |
| क | ■ | ■ | सा | ■ | र | ■ | ना | ग |
| र | ■ | का | म | च | ल | ना | ■ | ण |
| ना | व | ■ | थि | ■ | ता | ■ | ■ | ना |
| ■ | र | ■ | क | ला | ■ | मा | द | क |
| मै | दा | न | ■ | ड़ | ■ | न | ■ | र |
| ■ | न | ■ | ग | ला | प | क | ड़ | ना |

### सुडोकू : 7518

* कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | 1 | | | | |
| | | 6 | | | 8 | | | 1 |
| | 1 | | | | 9 | 2 | 4 | 7 |
| | 8 | | | | | 3 | | |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| | | 3 | | | | | 5 | |
| 4 | 3 | 7 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | 3 | | | 5 | | |
| | | | | 2 | | | | 3 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 7517

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 9 | 4 |
| 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 |

सुविधा

# ऐतिहासिक: देश में पहली बार नदी के नीचे दौड़ेगी मेट्रो

देशभर में कई मेट्रो और ट्रांजिट प्रोजेक्ट पर तेज रफ्तार से काम चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को कोलकाता में भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो टनल (सुरंग) का उद्घाटन करेंगे। देश में किसी भी नदी के अंदर इस तरह की मेट्रो चलाने का यह पहला प्रोजेक्ट होगा।

**520** मीटर की दूरी मात्र 45 सेकंड में तय करेगी मेट्रो नदी के नीचे


**16.5** किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन का 10.8 किलोमीटर हिस्सा भूमिगत है

**4.8** किलोमीटर की दूरी तक फैला है ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर का महत्वपूर्ण खंड

**2009** में शुरू हुआ ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर का काम

**2017** में शुरू हुआ हुगली नदी के नीचे सुरंग बनाने का काम

**15** वर्ष लग गए इस पूरे मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण में




**सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन**

- देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो रेल नदी और हावड़ा को कोलकाता से कनेक्ट करेगी।
- हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड मेट्रो टनल भारत में किसी भी नदी के नीचे बनी पहली सुरंग है।
- हावड़ा मेट्रो स्टेशन भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है।

**मील का पत्थर**

कोलकाता मेट्रो ने अप्रैल, 2023 में एक मील का पत्थर छुआ, जब इसका रेक देश में पहली बार हुगली नदी के नीचे एक सुरंग से होकर गुजरा।

**छह स्टेशन**

मेट्रो के इस खंड में छह स्टेशन हैं। इनमें से तीन भूमिगत हैं। यह यात्रियों गंतव्य तक जल्दी पहुचाएगा।

**ऐसा है सिस्टम**

मेट्रो में ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन सिस्टम लगा है। मोटरमैन के बटन दबाते ही ट्रेन अपने आप अगले स्टेशन के लिए चल देगी। कोलकाता मेट्रो का लक्ष्य जून तक साल्ट लेक सेक्टर वी और हावड़ा मैदान के बीच पूरे पूर्व-पश्चिम रूट पर परिचालन शुरू करना है।

# साहिबाबाद से मोदीनगर तक का किराया 90 रुपये



पीएम रैपिड रेल कॉरिडोर के खंड-2 का आज उद्घाटन करेंगे

गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार सुबह करीब 10 बजे रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के खंड-2 का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर मुरादनगर स्टेशन पर केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह मौजूद रहेंगे। स्टैंडर्ड और प्रीमियम कोच का किराया भी तय कर दिया है। साहिबाबाद से मोदीनगर उत्तर तक स्टैंडर्ड किराया 90 रुपये और प्रीमियम किराया 180 रुपये होगा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने (एनसीआरटीसी) खंड-2 के उद्घाटन की औपचारिक घोषणा मंगलवार को कर दी। इस खंड पर नमो भारत ट्रेन को पहले मुरादनगर से मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलाने की तैयारी थी, लेकिन मेरठ दक्षिण स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। इस कारण ट्रेन का परिचालन अब दुहाई से आगे मुरादनगर, मोदीनगर दक्षिण और मोदीनगर उत्तर स्टेशन तक ही होगा। यह खंड 17 किलोमीटर लंबा है। उद्घाटन के दो दिन बाद ट्रेन 34 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर चलने लगेगी। प्राथमिक खंड का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अक्तूबर 2023 में किया था।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाली पार्टियों को वोट दें युवा

# वंशवाद लोकतंत्र के लिए घातक

निशाना

जलगांव (महाराष्ट्र), एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल दलों पर वंशवाद को बढ़ावा देने के लिए निशाना साधते हुए मंगलवार को युवाओं से उन लोगों को वोट देने का आग्रह किया जो लोकतंत्र को मजबूत करेंगे।

महाराष्ट्र के जलगांव में भाजपा की ओर से आयोजित एक युवा रैली को संबोधित करते हुए शाह ने पूछा कि जो दल अपने संगठनों के भीतर परिवारवाद (एक परिवार का नेतृत्व) को बढ़ावा देते हैं, वे देश के लोकतंत्र को कैसे मजबूत कर सकते हैं। शाह ने कहा कि भाजपा को एक वोट देने का मतलब भारत के लिए और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट देने का मतलब युवाओं के शानदार भविष्य के लिए मतदान करना है।

शाह ने कहा, मोदी एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की कोशिश कर रहे हैं, और कोई अपने बेटे को 20वीं बार लॉन्च करने की कोशिश में हैं। उन्होंने 19 बार कोशिश की, लेकिन वह कभी उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने में सफल नहीं हुई। उन्होंने कहा, सोनिया, राहुल को प्रधानमंत्री बनाने की कोशिश कर रही हैं, उद्धव (ठाकरे) अपने बेटे आदित्य को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, (शरद) पवार अपनी बेटी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, ममता दीदी (ममता बनर्जी) अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं, और (एमके) स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। शाह ने आरोप लगाया कि मोदी का विरोध करने वाले इंडिया के सहयोगी दल वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देते हैं।

शाह ने युवाओं से कहा कि आपको हमेशा ऐसा नेता नहीं मिलता है। शाह ने युवाओं से सवाल किया कि क्या उन्हें लगता है कि वंशवाद को बढ़ावा देने वाले दलों में उनके लिए कोई जगह है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, एकमात्र पार्टी जहां आपके लिए अवसर है वह भाजपा है। आपके नेता नरेंद्र मोदी हमेशा आपके लिए मौजूद हैं। उन्होंने देश को सुरक्षित बनाया और आतंकवाद तथा नक्सली खतरे को खत्म किया है। शाह ने दावा किया कि राहुल गांधी ने अनुच्छेद-370 के प्रावधानों को निरस्त करने के मोदी सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा था कि इसके परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर की सड़कों पर खून बहेगा।



महाराष्ट्र के जलगांव में मंगलवार को आयोजित युवा रैली के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को सम्मानित किया गया। • प्रेट्र

# जस्टिस अभिजीत ने भाजपा में जाने का ऐलान किया

प. बंगाल

कोलकाता, एजेंसी। कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी में (भाजपा) में शामिल होने का ऐलान किया है। गंगोपाध्याय ने कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस के 'अन्याय' और 'भ्रष्टाचार' के खिलाफ लड़ेंगे।

उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि टीएमसी 'भ्रष्टाचार का पर्याय' है और वह मजबूती से लड़ेंगे। गंगोपाध्याय ने कहा कि मैं संभवतः सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में इसलिए शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है। इस बार का लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर गंगोपाध्याय ने कहा कि यह भाजपा नेतृत्व पर निर्भर करता है कि वे मुझे चुनाव लड़ाना चाहते हैं या नहीं। वे जो कुछ भी फैसला करेंगे मुझे स्वीकार्य होगा।

**क्यों राजनीति में आए बताई यह वजह:** उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नेता कुछ समय से मेरे खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। यदि उन्हें कोई फैसला पसंद नहीं है तो वे मौखिक रूप से किसी जज की आलोचना नहीं कर सकते। इस तरह के उकसावे ने मुझे राजनीति में आने और बंगाल में भ्रष्टाचार के पर्याय टीएमसी से लड़ने का फैसला करने में मदद की।

न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी के दिन गिने-चुने रह गए हैं। माकपा नीत वाम मोर्चा 2009 के लोकसभा चुनावों में धराशायी हो गया, जिसकी परिणीति 2011 के विधानसभा चुनावों में उसकी हार के रूप में हुई। शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर, गंगोपाध्याय ने कहा कि एक मनगढ़ंत मामला था।

**टीएमसी के खिलाफ लड़ने का सही मंच**



भाजपा में शामिल होने के विषय पर अभिजीत ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में इस बारे में फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि मैं पिछले कुछ दिनों से छुट्टी पर था और भाजपा के संपर्क में था। उन्होंने मुझसे संपर्क भी किया। मुझे लगा कि यह टीएमसी के खिलाफ लड़ने का सही मंच है।

देश 30s

## सीएए मुद्दे पर मोदी से समय मांगा

गुवाहाटी। असम में विपक्षी दलों ने इस हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के दौरे के दौरान उनसे मिलने का समय मांगा है ताकि वे उन्हें संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लागू होने पर उत्पन्न होने वाली स्थिति से अवगत करा सकें। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भूपेन बोरा द्वारा भेजे गए एक पत्र में प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा गया है। बोरा, 'असम संयुक्त विपक्षी मंच' के प्रमुख भी हैं जो 16 विपक्षी दलों का प्रतिनिधित्व कर रहा है।

## कावेरी का पानी छोड़ना जारी रखें पड़ोसी राज्य

बेंगलुरु। राज्य की राजधानी बेंगलुरु पेयजल संकट से जूझ रही है। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने मंगलवार को कहा कि राज्य को कावेरी नदी से पड़ोसी राज्य को पानी छोड़ना जारी रखना चाहिए। जनता दल (सेक्युलर) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए।

## निगम गेट पर ताला लगाने में सांसद गिरफ्तार

लुधियाना। कांग्रेस के एक विरोध प्रदर्शन के दौरान लुधियाना नगर निगम भवन के मुख्य द्वार पर ताला लगाए जाने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को लुधियाना के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू, पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु और पार्टी के दो अन्य नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उसने बिट्टू, आशु, कांग्रेस की लुधियाना इकाई के अध्यक्ष संजय तलवार और शहर के पूर्व वरिष्ठ उप-महापौर शाम सुंदर मल्होत्रा को गिरफ्तार किया है। उन्हें मंगलवार को लघु सचिवालय में गिरफ्तार किया गया।

## धोखाधड़ी मामले में मावुंकल आरोपी बनाए गए

कोच्चि। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) प्रमुख के. सुधाकरन धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस की अपराध शाखा की ओर से दाखिल आरोपपत्र में दूसरे आरोपी बनाए गए हैं। इस मामले में दुर्लभ एवं प्राचीन वस्तुओं के विवादित व्यापारी मोनसन मावुंकल मुख्य आरोपी हैं। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि मावुंकल के खिलाफ धोखाधड़ी के एक मामले में अदालत में दायर आरोपपत्र में सुधाकरन को दूसरे आरोपी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

# शाहजहां शेख की जमीन, फ्लैट कुर्क

कार्रवाई

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित नेता शाहजहां शेख की 12.78 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है, जिसमें बैंक जमा, एक फ्लैट और संदेशखाली और कोलकाता में कृषि और मत्स्य पालन भूमि शामिल है।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। शेख के समर्थकों पर आरोप है कि उन्होंने पांच जनवरी को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली गई ईडी टीम पर हमला किया था। इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस ने उन्हें 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद टीएमसी ने शेख को पार्टी से निलंबित कर दिया था।

**संदेशखाली मामले में मुर्मु से की मुलाकात**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। शर्मा ने संदेशखाली हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की। इससे पहले, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने भी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की थी।

**एबीवीपी का प्रदर्शन**

नई दिल्ली, प्रसं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को संदेशखाली घटना के विरोध में दिल्ली के हेली रोड स्थित बंग भवन पर पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एबीवीपी समर्थित छात्र-छात्राएं एकत्रित हुए।

**शेख को हिरासत में नहीं ले पाई सीबीआई**

सीबीआई दो घंटे से अधिक समय के इंतजार के बाद भी निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख की हिरासत पश्चिम बंगाल सीआईडी से हासिल करने में विफल रही।

**ईडी आज हाईकोर्ट का रुख कर सकती है**

ईडी शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपने पर पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट जा सकती है।

# मुझे गिरफ्तार किया जा सकता है : जरांगे

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को अपनी गिरफ्तारी की आशंका जतायी और कहा कि वह भाजपा की राह में कांटा हैं। जरांगे ने साथ ही यह दावा भी किया कि उनके खिलाफ एसआईटी जांच रिपोर्ट तैयार है।

महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पिछले सप्ताह सरकार को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने और जरांगे द्वारा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ की गई विवादास्पद टिप्पणी की व्यापक जांच का निर्देश दिया था। जरांगे ने बीड जिले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे एक विश्वसनीय स्रोत से पता चला कि एसआईटी की रिपोर्ट तैयार है। मुझे यह भी पता चला है कि मुझे गिरफ्तार किया जाएगा। उस व्यक्ति ने मुझसे कहा कि मैं भाजपा के रास्ते में कांटा हूं, इसलिए वे चाहते हैं कि मैं 10 प्रतिशत आरक्षण पर सहमत हो जाऊं, अन्यथा वे मुझे फंसा देंगे।


**वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट**
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007
फोन: 011-27402400, 27667102
फैक्स: 011-27666549

वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट द्वारा निम्नलिखित कार्य/सेवा के लिए सीपीपी-पोर्टल के माध्यम से दो बोली प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य /सेवा का नाम |
|---|---|
| 1. | आउटसोर्सिंग आधार के माध्यम से वीपीसीआई परिसर एवं इसके फ्लैटों में विद्युत प्रतिष्ठापनों का अनुरक्षण एवं परिचालनात्मक सेवाएं। |

निविदाकारों से सीपीपी पोर्टल पर उपरोक्त कार्य के लिए निविदा जमा करने का अनुरोध किया जाता है। पात्रता मानदंड, निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथियों सहित विस्तृत निआसू से संबंधित सभी विवरण हमारी वेबसाइटः www.vpci.org.in तथा https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध है। इसलिए, बोलीदाताओं से स्वयं को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइटों को देखने का अनुरोध किया जाता है। कोई परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर दिया जायेगा।

सीबीसी 17169/12/0023/2324 डिप्टी रजिस्ट्रार



आज़ादी का अमृत महोत्सव
**भारतीय रेल**
**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

उत्तर रेलवे के नीचे उल्लिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | दिनांक |
|---|---|
| "दिल्ली डिवीजन के अंतर्गत डोभ स्थान संख्या 07/10ए(एन) (सीएचः 7/612) से हांसी स्थान संख्या 70/7 (सीएचः 70/200) के बीच डोभ, हांसी में एसपी, सोरखी और मोखरा में एसएसपी के साथ, 25 केवी, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत मुख्य लाइन का ऊर्जीकरण, जिसमें मोखरा मदीना, माहेम, मुंढाल कलां और गढ़ी यार्ड शामिल हैं, हांसी और डोभ यार्ड लाइनों में संशोधन, संबंधित टर्नआउट और एक्स-ओवर मुख्य लाइन, डोभ से हांसी के बीच सहायक ट्रांसफार्मर का ऊर्जाकरण। | 05.03.2024 |

**एसी 25 केवी ट्रैक्शन का परिचय**
**"सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि 25 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शुरूआत के संबंध में:- "दिल्ली डिवीजन के अंतर्गत डोभ स्थान संख्या 07/10ए(एन) (सीएचः 7/612) से हांसी स्थान संख्या 70/7 (सीएचः 70/200) के बीच डोभ, हांसी में एसपी, सोरखी और मोखरा में एसएसपी के साथ, 25 केवी, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत मुख्य लाइन का ऊर्जीकरण, जिसमें मोखरा मदीना, माहेम, मुंढाल कलां और गढ़ी यार्ड शामिल हैं, हांसी और डोभ यार्ड लाइनों में संशोधन, संबंधित टर्नआउट और एक्स-ओवर मुख्य लाइन, डोभ से हांसी के बीच सहायक ट्रांसफार्मर का ऊर्जाकरण।। 4.78 मीटर की स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई के साथ सभी लेवल क्रॉसिंगों पर ऊंचाई गेज लगाए गए हैं और संपर्क तार सड़क के स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होंगे, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन के खतरनाक निकटता से रोका जा सके।
जनता को सूचित किया जाता है कि वे वाहनों को लोड करने के उद्देश्य से ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहनों में ले जाया गया भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन नहीं करता है।
अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:-
i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में भी रुकावट।
ii) ले जाई गई सामग्री या उपकरण या स्वयं वाहन को खतरा।
iii) कंडक्टरों के संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल
704/2024 डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**
टेंडर नोटिस सं. सर्जरी आइटम दिनांक 04.03.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82248874A | एडवांस हेमोस्टेसिस 36 सेमी यूएसएफडीए/बीआईएस के साथ हार्मोनिक एचडी 1000i स्वीकृत | 90 | 28.03.2024 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
694/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद मण्डल के उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/मुरादाबाद के अधिकार क्षेत्र में चन्दौसी यार्ड में चन्दौसी अलीगढ़ सेक्शन में कि.मी. 69/13-14 पर समपार फाटक संख्या 36-बी के स्थान पर (स्पैन 1x60 मी. बो स्ट्रींग स्टील गर्डर) के सड़क उपरी पुल का निर्माण एवं अन्य सम्बन्धित कार्य करने हेतु। |
| 2. | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रुपये 2105.86 लाख |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 12,02,900.00 |
| 5 | विस्तृत ई-निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 06.03.2024 से 28.03.2024 के बीच 11:30 बजे तक उपलब्ध होगी। |
| 6 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा 11.30 बजे दिनांक 14.03.2024 से 28.03.2024 तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा उसके बाद केवल तकनीकी सह वाणिज्यिक बिडों को 11:30 बजे दिनांक 28.03.2024 को खोला जाएगा। |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि और समय | 28.03.2024 को 11:30 बजे खोली जायेगी। पात्र निविदाकर्ताओं की वित्तीय बोली तदनुसार खोली जायेगी जिसकी समय और तिथि की सूचना बाद में दी जायेगी। |

Tender Notice No.74-W-4-1-471-WA-MB Dated:-05.03.2024 703/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
**ई-खुली निविदा सूचना**
मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 28.03.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/संपदा-II के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/एस पी मार्ग के कार्य क्षेत्र में टाइप-V और VI बंगलों में छत के प्लास्टर प्रवेश शेड और भंडारण कक्ष की पैरापेट दीवार में सुधार अन्य संबद्ध कार्यों के साथ-साथ आवासीय भवन और सेवा भवन में कीट नियंत्रण और दीमक के प्रावधान हेतु। | रुपये 16440541.94 | रुपये 232200.00 | 08 महीने |
| बी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-II के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/एस पी मार्ग के कार्य क्षेत्र में टाइप V से VII बंगलों के सर्कुलेटिंग एरिया में सुधार और अन्य संबद्ध कार्य हेतु। | रुपये 9685824.69 | रुपये 193700.00 | 12 महीने |
| सी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-I के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/सैन मार्टिन मार्ग के कार्य क्षेत्र में टाइप-V, टाइप-VI की मरम्मत एवं सदस्य बंगला एवं अन्य संबद्ध कार्य हेतु। | रुपये 10624373.75 | रुपये 203100.00 | 12 महीने |
| डी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-II के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/एम.एन.टी.बी के कार्य क्षेत्र में महाबत खान रोड पर ब्लॉक नंबर 1 ई से 36 ई, 126-127 और एम.एन.टी.बी रेलवे कॉलोनी में 118 से 122, 150-151, 167-168 की मरम्मत | रुपये 12682702.13 | रुपये 213400.00 | 08 महीने |

1. निविदा दिनांकः 28.03.2024 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
पत्र संख्या :- 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/23-24/डब्लयू-ई/टेंडर. नः 51 (ए.बी.सी.डी.) दिनांक : 05.03.2024 708/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Office of the Executive Officer, Nagar Palika Parishad, Loni**
**Address: Khanna Nagar, Loni, Ghaziabad**
**e-Procurement Notice**
अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना
Letter No. 177/N.P.P. Loni/E-Tender/2023-24 Dated: 05.03.2024

नगर पालिका परिषद, लोनी, गाजियाबाद में "पालिका निधि" के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण/विकास कार्यों (40.00 लाख से कम) हेतु ई-निविदा प्रणाली के अंतर्गत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से उनकी तकनीकी एवं वित्तीय बिड (Technical And Financial Bid) आधारित अल्पकालीन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण टेण्डर प्रपत्र शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट https://etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते है। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेबसाइट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी, निविदा की सूचना नगर पालिका परिषद, लोनी, गाजियाबाद की वेबसाइट www.apploni.in पर भी देखी जा सकती है।

ई-निविदा समय सारणी (www.etender.up.nic.in पर)

| Tender Reference | |
|---|---|
| Public and Time for Ref. | 06.03.2024 at 10.00 AM |
| Last Date time for Submission of Tender | 11.03.2024 till 05.00 PM |
| Date and time for Opening of E-Tender | 11.03.2024 at 05.30 PM |

(कृष्ण कान्त मिश्र) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, लोनी (गाजियाबाद)
(रंजीता धामा) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, लोनी (गाजियाबाद)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**(धारा 82 Cr. P.C देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **अरूण** पुत्र ईश्वर निवासी : मकान नं. बी-2/512, रघुबीर नगर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 308/2017 धारा 324 भा.दं.सं.** थाना ख्याला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरूण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अरूण** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **अरूण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.04.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शगुन,
मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट-04 (पश्चिम)
कमरा नं. 268, द्वितीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/2650/WD/2024
(Court Notice)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुलाब आलम, पुत्रः शेख गुलजार, पताः म.नं. 271, खुमरा मोहल्ला, गांव घोंडा, जाफराबाद, दिल्ली-53 और गांव तिरूमुहानी, पुलिस थाना अहमदाबाद, कटियार, बिहार और वी-11/1, अरविंद नगर, घोंडा गढ़ी मांडू उत्तर पूर्वी दिल्ली** ने **FIR No. 434/2020, U/s 336/337 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गुलाब आलम** मिल नही रहा है और मुझे समाधनप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **गुलाब आलम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 434/2020, U/s 336/337 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **गुलाब आलम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
महानगर दंडाधिकारी-05
शाहदरा, कमरा नं. 07
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/2583/NE/2024

महिला सैन्य अधिकारियों ने पदोन्नति में भेदभाव का लगाया आरोप, सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# सेना में पुरुष-महिला अफसरों की पदोन्नति प्रक्रिया स्पष्ट करे केंद्र

**सुनवाई**

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार को सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल करने की प्रक्रिया स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने महिला सैन्य अधिकारियों द्वारा पदोन्नति में भेदभाव का आरोप लगाए जाने के बाद यह निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मामले में केंद्र सरकार के रुख के बारे में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अटार्नी जनरल ने पीठ से कहा कि पदोन्नति के लिए तैयार सूची, एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक योग्यता पर आधारित है।

दलील के समर्थन में अटार्नी जनरल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दाखिल नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है, तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन जरूरी है।

**महिला सैन्य अधिकारियों की दलील :** इससे पहले, महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने पदोन्नति के लिए तैयार सूची में महिला अधिकारियों को शामिल करने में भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने 3 नवंबर, 2023 को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है। अब इस मामले की सुनवाई 11 मार्च को होगी।

## ‘सस्ता इलाज मुहैया कराना केंद्र की जिम्मेदारी’

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निजी अस्पतालों में सस्ता इलाज मुहैया कराने की केंद्र की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार यह कहकर जिम्मेदारी से बच नहीं सकती कि उसने कानून लागू करने के लिए सभी राज्यों को पत्र लिख दिया है और वे जवाब नहीं दे रहे हैं।

जस्टिस बी.आर. गवई और संदीप मेहता की पीठ ने देशभर के निजी अस्पतालों में लोगों को सस्ती दरों पर इलाज मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार को समुचित कदम उठाने का निर्देश देते हुए यह टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने भारत सरकार के स्वास्थ्य सचिव को सभी राज्य सरकारों के समकक्षों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पीठ ने निजी अस्पतालों में लोगों को सस्ती दरों पर इलाज मुहैया कराने के मसले पर रिपोर्ट भी पेश करने को कहा है।


### क्लीनिकल प्रतिष्ठान अधिनियम का हवाला

याचिकाकर्ता संगठन की ओर से पेश अधिवक्ता कौशल कुमार शर्मा व अन्य ने कहा कि जब तक सरकार सस्ती दरों पर इलाज मुहैया कराने को कोई नीति लागू नहीं कर देती, तब तक निजी अस्पताल में सीजीएचएस की दरों पर इलाज कराने का आदेश दिया जाए। इसके बाद पीठ ने कहा कि यदि छह सप्ताह में इस बारे में रिपोर्ट पेश नहीं की जाती है तो वह निजी अस्पतालों में सीजीएचएस की दरों से इलाज देने पर विचार कर सकते हैं। अदालत ने वेटरन्स फोरम फॉर ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक लाइफ की ओर से दाखिल अर्जी पर यह निर्देश दिया है। पीठ ने क्लीनिकल प्रतिष्ठान (पंजीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि सस्ता इलाज देना सरकार की जिम्मेदारी है।



**केंद्र ने 2010 में बनाया था कानून**

केंद्र ने 2010 में निजी अस्पतालों को लोगों को किफायती दरों पर इलाज देने के लिए यह कानून बनाया था। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में इसे लागू करने का आदेश देने की मांग की है। पीठ ने मामले की सुनवाई 6 सप्ताह के लिए टाल दी।



### एक-दूसरे को रंग लगाकर मनाया त्योहार

पुणे के पास स्थित वीर गांव में मंगलवार को ‘श्रीनाथ वीर म्हस्कोबा’ उत्सव के दौरान एक-दूसरे को पर रंग लगाते हुए श्रद्धालु। यह त्योहार स्थानीय मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव के अवतार और उनके विवाह के जश्न के तौर पर मनाया जाता है। • पेट्र

## कर्नाटक के डिप्टी सीएम पर दर्ज मामला रद्द किया

- हाईकोर्ट ने ईडी का समन रद्द करने से इनकार कर दिया था
- सुप्रीम कोर्ट ने शिवकुमार को दी बड़ी राहत

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। धन शोधन के आरोपों का सामना कर रहे कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। शीर्ष अदालत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवकुमार और उनके करीबी अंजनेय हनुमंतैया के खिलाफ 2018 से चल रहे धन शोधन के मामले को रद्द कर दिया।

जस्टिस सूर्यकांत और के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने शिवकुमार की ओर से हाईकोर्ट के 2019 के फैसले के खिलाफ दाखिल अपील का निपटारा करते हुए यह फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने धन शोधन के मामले में ईडी द्वारा कांग्रेस नेता शिव कुमार व अन्य के खिलाफ जारी समन सही ठहराते हुए रद्द करने से इनकार कर दिया था। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी धन शोधन निवारण अधिनियम लागू करने के लिए पर्याप्त एक अकेला अपराध है। हालांकि, हाल ही में पवाना डिब्बर मामले में पारित एक फैसले में शीर्ष अदालत ने इस तर्क को अस्थिर माना था।

**2017** का है मामला, आयकर विभाग ने 8.59 करोड़ रुपये से अधिक जब्त करने का दावा किया था

### यह था मामला

दरअसल, यह मामला अगस्त 2017 का है, जब आयकर विभाग ने कांग्रेस नेता शिवकुमार और उनके कथित व्यापारिक सहयोगी और शराब व्यापारी सचिन नारायण, लक्जरी बसों का बेड़ा चलाने वाले एक अन्य सहयोगी सुनील कुमार शर्मा, कर्नाटक भवन (दिल्ली) के कर्मचारी ए हनुमंथैया और राज्य सरकार के पूर्व कर्मचारी राजेंद्र एन. के खिलाफ कथित कर चोरी की जांच के तहत दिल्ली में छापेमारी की थी। आयकर विभाग ने 8.59 करोड़ से अधिक जब्त करने का दावा किया था। करीब 41 लाख रुपये को शिवकुमार और करीब 7.58 लाख रुपये को शर्मा की कर देनदारी के रूप में समायोजित किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचे कांग्रेसी विधायक

नई दिल्ली, वि. सं.। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के छह बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। विधायकों को राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने के बाद पार्टी की शिकायत पर विधानसभा अध्यक्ष ने 29 फरवरी को अयोग्य घोषित कर दिया था।

विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ अयोग्य घोषित किए विधायकों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सदस्यता बहाल करने की मांग की है। याचिका में विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को अनुचित और मानमाना बताया गया है। राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के छह विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करके भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में वोट किया था। क्रॉस वोटिंग के चलते पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार व वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए थे। भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले कांग्रेस के ये बागी विधायक बजट पर मतदान से अनुपस्थित रहे थे।

## ‘भारत-अमेरिका के बीच कानून के क्षेत्र में मंच जरूरी’

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। भारत के अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि ‘कानून और न्याय’ के क्षेत्र में सहयोग और विचारों के आदान-प्रदान के लिए भारत और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय मंच की आवश्यकता है।

अटॉर्नी जनरल ने कानून और न्याय के क्षेत्र में विनिमय मंच बनाने के लिए एक भारत-अमेरिका तुलनात्मक और सहयोगी कानून मंच स्थापित करने की अपील की।

अटॉर्नी जनरल ने भारत-अमेरिका के बीच कॉर्पोरेट और कानून सहयोग के मुद्दों पर पहले भारत-अमेरिका कानूनी सेवा शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि भारतीय लोग अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने देश के कानूनी क्षेत्र में भी प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने कहा ‘कानूनी क्षेत्र में भारतीयों का महत्वपूर्ण पदों पर आसीन होने के कई उदाहरण हैं। साथ ही कहा कि हमें कानून और न्याय के क्षेत्र में अधिक स्थायी और जीवंत विनिमय मंच बनाना चाहिए। अटार्नी जनरल वेंकटरमणी ने कहा कि वैश्विक ज्ञान और समान संसाधनों पर आधारित हमारा एक वैश्विक कानूनी साझा दृष्टिकोण और लक्ष्य होना चाहिए। मुझे यह भी लगता है कि मानव अधिकारों और धन संरक्षण व्यवस्था का मेल भी एक लक्ष्य होगा। वेंकटरमणी ने कानूनी बिरादरी के लोगों की अधिक से अधिक विश्व स्तर पर प्रासंगिक सभाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

### संबंध और भी हो सकते हैं प्रगाढ़ : रंगनाथन

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत की उपराजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने कहा कि पिछले 20 वर्ष में अच्छी-खासी प्रगति करने वाले दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच संबंध उतने ही महत्वाकांक्षी हो सकते हैं, जितना हम बनना चाहते हैं। शीर्ष भारतीय राजनयिक ने कहा, हमने गत 70 वर्षों में काफी कुछ हासिल किया है। लेकिन पिछले 20 वर्षों में जो हासिल किया है, वह अपने आप में अलग स्तर का है। वह मोटवानी जडेजा फाउंडेशन के साथ मिलकर स्टैनफोर्ड इंडिया पॉलिसी एंड इकोनॉमिक्स क्लब (एसआईपीईसी) द्वारा आयोजित लीडर्स ऑफ टूमारो कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।

**देश 30s**

### ईडी ने 6.41 करोड़ की संपत्ति संबद्ध की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), कोच्चि ने 6.41 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को संबद्ध किया है। इनमें 68.61 लाख रुपये और बाकी प्रतिभूतियों और बैंक शेष सहित 246 चल संपत्तियां शामिल हैं। अचल संपत्तियों का मूल्य 5.72 करोड़ रुपये है। ये संपत्तियां मेसर्स संध्या काजू फैक्ट्री के मालिक रेटनम्मा, सरथ चंद्रन और केरल में इंडियन ओवरसीज बैंक के तीन बैंक पूर्व अधिकारियों से जब्त की गई।

### अमित कात्याल की अंतरिम जमानत बढ़ी

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद के सहयोगी अमित कात्याल की अंतरिम जमानत 12 मार्च तक बढ़ा दी। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत बढ़ाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दी है।

### आईएएस पूजा सिंघल मामले में गवाही जारी

रांची। झारखंड में मनरेगा घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग की आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल एवं अन्य से जुड़े मामले में ईडी की ओर से गवाही जारी है। मामले में मंगलवार को ईडी के गवाह खूंटी के कार्यपालक अभियंता सिकंदर साहू की गवाही दर्ज की गई। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष के वकीलों ने गवाह का प्रति-परीक्षण किया। इसके बाद गवाह को डिस्चार्ज किया।

### मुख्तार की याचिका पर सुनवाई टाली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की एक याचिका पर सुनवाई मंगलवार को टाल दी। अंसारी ने याचिका में 24 साल पुराने एक मामले में उसे पांच साल की सजा सुनाने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी की याचिका पर सुनवाई मंगलवार को स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि वह एक खूंखार अपराधी है। ऐसे कई मामले हैं।

## यात्री को तलब लगी तो प्लेन में सुलगा ली बीड़ी

**अपराध**

मुंबई, एजेंसी। मुंबई में मंगलवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। एक यात्री को बीड़ी पीने की ऐसी तलब उठी कि उसने प्लेन में ही बीड़ी जला दी और पीने लगा। जब प्लेन मुंबई एयरपोर्ट पर उतरा तो पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मामले को लेकर मुंबई पुलिस ने बताया कि दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाले एक 42 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जो इंडिगो एयरलाइन के बाथरूम के अंदर दरवाजा बंद करके बीड़ी पी रहा था। बीड़ी की तेज गंध के कारण एयरलाइन क्रू मेंबर को शक हुआ। इसके बाद क्रू मेंबर ने आरोपी को बीड़ी पीने से मना किया। जब क्रू मेंबर बाथरूम के अंदर गए तब उन्हें बाथरूम में पीकर फेंकी हुई बीड़ी बरामद हुई। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल भी कर लिया है और उसने कहा है कि विमान में बीड़ी को लाइटर से जलाकर पिया था। यात्री की पहचान मोहम्मद फखरुद्दीन मोहम्मद अमरुद्दीन के तौर पर हुई है। शख्स को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

यह कोई पहला मामला नहीं है जब किसी यात्री ने उड़ती प्लेन में बीड़ी पी हो। इससे पहले भी अहमदाबाद से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाले एक यात्री ने फ्लाइट के अंदर ही बीड़ी जलाकर पिया था। जिसके बाद उसे बेंगलुरु एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। जब पुलिस वालों ने उससे प्लेन में बीड़ी पीने की वजह पूछी तो उसने कहा कि वह ट्रेन में सफर करते हुए बीड़ी पी लेता है, तो उसे लगा कि हवाई जहाज में भी बीड़ी पी सकते हैं।

## एसआई पेपर लीक मामले में 14 प्रशिक्षु दरोगा धरे

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा 2021 के पेपर लीक मामले में 14 एसआई को गिरफ्तार किया है। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि एसआई पद के लिए फर्जी तरीके से भर्ती किए गए उम्मीदवारों की संख्या 300 तक हो सकती है। परीक्षा रद्द करने के बारे में सरकार से बात करेंगे।

मंत्री ने एसआई और प्लाटून कमांडर भर्ती 2021 परीक्षा के संबंध में हाल ही में की गई गिरफ्तारियों के संबंध में चर्चा करने के लिए आज यहां एसओजी मुख्यालय का दौरा किया था।

मीणा ने आरएएस भर्ती परीक्षा-2021 के दौरान हुई कथित धोखाधड़ी के मामलों पर कहा कि उनके पास कई दस्तावेज और सबूत हैं जो पेपर लीक मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग के भीतर कुछ व्यक्तियों की संलिप्तता का संकेत देते हैं। फर्जी तरीके से एसआई के रूप में चुने गए लोगों का आंकड़ा 250 से 300 तक हो सकता है।

## भूतपूर्व कर्मी को 18 लाख देने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को निर्देश दिया कि 2002 में सांबा में एक सैन्य अस्पताल में संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी संक्रमित हुए भारतीय वायुसेना के एक भूतपूर्व कर्मी को मुआवजे के रूप में 18 लाख रुपये दिए जाएं।

शीर्ष अदालत द्वारा 2023 के फैसले में जारी निर्देशों की अवमानना का आरोप लगाने वाली उनकी याचिका मंगलवार को न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। आदेश के अलावा कि उसे तत्काल भुगतान करने को कहा गया।


**VACANCIES AT AIR FORCE SCHOOL ARJANGARH AYA NAGAR, NEW DELHI- 47 (website-www.afarjangarh.com)**

**AIR FORCE SCHOOL ARJANGARH INVITES APPLICATIONS FOR FOLLOWING POSTS:-**

| Post | Vacancy | Pay Scale |
|---|---|---|
| PRT | 01 | 28500-850-37000-EB-1100-48000 |
| NTT (Regular) | 01 | 18000-550-23500-EB-700-30500 |
| NTT (Contractual) | 01 | 18000/- (Consolidated) |
| Special Educator (Contractual) | 01 | 28500/- (Consolidated) |
| Games Teacher (Part Time two Hours thrice a week) | 01 | 500/- (Per Hour) |

**For qualification & age requirements kindly visit school website www.afarjangarh.com Last date to apply 05 April 2024.** Application to be forwarded by hand/post only, to the school. **Online/mailed applications will not be accepted.**

**Disclaimer:** Air Force School Arjangarh is a Non-Govt school (run under the aegis of IAF Educational & Cultural Society) for education of wards of Air Force personnel only. Terms & Conditions apply as per 'Edn Code for AF Schools 2020'.



ताजा खबरों के लिए देखें : www.livehindustan.com



UPSIDA कार्यालय वरिष्ठ प्रबन्धक (वि०), विद्युत खण्ड-द्वितीय

**उ०प्र० राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रशासनिक भवन, सेक्टर बी-3, ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी, लोनी, गाजियाबाद, E-Mail-ed2@upsida.co.in

**शुद्धिपत्र**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित औद्योगिक क्षेत्र के विकास कार्य हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की गयी है, जिनका विवरण निम्नवत् है :-

| क्रमांक | कार्य का नाम | टेण्डर आई०डी | [illegible] |
|---|---|---|---|
| 1. | Supply and Installation of LED high mast lighting system on sensitive dark spot area under safe city project at IA. SEZ Moradabad. | 2024_SIDC_904950_1 | 04.03.2024 upto 6:00 PM |
| 2. | Providing façade/beautiful landscaping lighting at front of admin. building at IA. TDS City, Ghaziabad | 2024_SIDC_904932_1 | 04.03.2024 upto 6:00 PM |

उपरोक्त निविदायें दिनाँक 06.03.2024 को प्रातः 11:00 खोली जानी थी परन्तु अपरिहार्य कारणों से अब उक्त आमंत्रित निविदा दिनाँक 14.03.2024 की सायं 6:00 बजे तक निविदा प्रपत्र अपलोड किए जाने हेतु विस्तारित किया जाता है, जिन्हें दिनाँक 15.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी। शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

वरिष्ठ प्रबन्धक (वि०) उ०प्र०रा०औ०वि०प्रा०, गाजियाबाद



**महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.**

(भारत सरकार एवं महाराष्ट्र शासन का संयुक्त उपक्रम)

पुणे मेट्रो रेल परियोजना

महा मेट्रो, ब्लाक नं. ए 3, फूड ग्रेन गोडाऊन, दिवाणी न्यायालय के पास कामगार पुतला वसाहत से आगे, शिवाजीनगर, पुणे 411 005.

ई-मेल: tenders.pmrpmahametro.org

संकेतस्थल: www.punemetrorail.org दूरभाष : 020-26051074

महा मेट्रो PUNE METRO

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या. : P1PD-28/2024 दि. 06 मार्च 2024

कार्य का विवरण : पुणे मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1, कॉरिडोर-2 पर चुनिंदा मेट्रो स्टेशनों पर 100 वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल वाले रिटेल बिझनेस स्थलों को 9 साल की अवधि के लिए लाइसेंस पर देना।

इच्छुक बोलीदाता पुणे मेट्रो रेल की वेबसाइट www.punemetrorail.org पर जा सकते हैं या निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के ई-निविदा पोर्टल https://mahatenders.gov.in से 06/03/2024 को 17:00 बजे से दिनांक 05/04/2024 को 16:00 बजे तक निविदा के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

महाप्रबंधक (टीपी एवं निविदा-पीडी), महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

महा मेट्रो, हरित मेट्रो



**RAJ BHAVAN BHOPAL**

**राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) के कुलपति पद पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करने के लिए सूचना**

वि.क्र. एफ-1-2/24/रा.स./यू.ए.1/324 दिनांक 05 मार्च, 2024

राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र), जो कि राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (क्र. 3 सन् 2009) के अंतर्गत स्थापित है, के कुलपति की नियुक्ति उक्त अधिनियम की धारा 26(2) के तहत नियुक्त समिति द्वारा अनुशंसित पैनल में से कुलाध्यक्ष महोदय के द्वारा की जाना प्रस्तावित है।

2. कुलपति का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की दिनांक से 04 वर्ष होगा।

3. चूंकि कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान प्रशासी तथा विद्या विषयक अधिकारी होता है, इसलिये अभ्यर्थी में उच्चतम कोटि की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं संस्थागत वचनबद्धता होना चाहिए। अभ्यर्थी को संगीत एवं कला के क्षेत्र का प्रख्यात शिक्षाविद होने के साथ-साथ ठोस प्रशासनिक अनुभव भी होना चाहिए। उसका जन्म दिनांक 01 अक्टूबर, 1958 या उसके बाद हुआ हो

4. कुलपति को विश्वविद्यालय के परिनियम 01 के प्रावधान अनुसार ही वेतन प्राप्त होगा।

5. अभ्यर्थी को अपने बेदाग केरियर व असंदिग्ध निष्ठा के समर्थन में आवेदन पत्र के साथ स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरुद्ध लोकायुक्त संगठन, आर्थिक अपराध ब्यूरो या अन्य किसी संस्थान में किसी भी स्तर पर कोई जांच अथवा आपराधिक प्रकरण संस्थित/प्रचलित/लंबित नहीं है।

6. वर्तमान में सेवारत होने की स्थिति में अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ अपने नियोक्ता / कार्यालय प्रमुख का इस आशय का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा कि उसके विरुद्ध कोई विभागीय जांच लंबित नहीं है।

7. यदि पूर्व वर्षों में उपरोक्तानुसार कोई जांच की गई है तो ऐसे जांच प्रकरणों का विवरण एवं निष्कर्ष का भी स्पष्ट उल्लेख अभ्यर्थी को स्व-सत्यापित प्रमाण पत्र में करना होगा।

8. कुलपति पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी द्वारा अपना आवेदन एवं अभिलेख दिनांक 25 अप्रैल, 2024 तक राजभवन की वेबसाईट "governor.mp.gov.in" पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्रस्तुत कर प्राप्त प्रस्तुतीकरण रसीद एवं प्रस्तुत आवेदन की डाउनलोड की गई प्रति को प्रत्येक पृष्ठ पर स्वहस्ताक्षरित कर विस्तृत जीवनवृत्त एवं आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ प्रमुख सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, भोपाल-462003 (म.प्र.) को पंजीकृत/स्पीड पोस्ट इत्यादि से भेजा जावे। लिफाफे के ऊपरी भाग पर स्पष्ट लिखा जावे कि ''राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) के कुलपति पद के लिये आवेदन''।

9. कार्यालय में बिना ऑनलाईन प्रस्तुतीकरण के सीधे प्राप्त किसी भी आवेदन को विचार में नहीं लिया जावेगा। आवेदन को ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

राज्यपाल के उप सचिव मध्यप्रदेश

जी-25476/23



संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार

संगीत नाटक अकादेमी Sangeet Natak Akademi

NATIONAL ACADEMY OF MUSIC, DANCE AND DRAMA, INDIA

**अकादेमी पुरस्कार**

**AKADEMI AWARDS**

2022 | 2023

भारत की माननीय राष्ट्रपति

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**

के करकमलों द्वारा

**संगीत नाटक अकादेमी रत्न सदस्यता एवं संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार**

**2022 | 2023**

का अलंकरण समारोह

उपस्थिति

**श्री जी. किशन रेड्डी**

माननीय संस्कृति, पर्यटन एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री, भारत सरकार

**श्री अर्जुन राम मेघवाल**

माननीय राज्य मंत्री, विधि और न्याय (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य एवं संस्कृति, भारत सरकार

**डॉ. संध्या पुरेचा**
अध्यक्ष,
संगीत नाटक अकादेमी

**श्री गोविंद मोहन**
सचिव, संस्कृति मंत्रालय,
भारत सरकार

**बुधवार, 6 मार्च 2024, सायं 4.00 बजे**

**प्लेनरी हॉल, विज्ञान भवन, नई दिल्ली**

@sangeetnatak @sangeetnatak @sangeetnatak @sangeetnatakakademi

CBC 09114/12/0017/2324

# द्रमुक सांसद बोले-भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा

**बयान पर विवाद**

चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस बयान की न केवल भाजपा बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है।

भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को विभाजन का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा, जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पंसद नहीं आई।

राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं, जिसमें वह कथित रूप से कहते हैं, 'भारत एक राष्ट्र नहीं है। इस बात को अच्छे से समझ लें। भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा। एक राष्ट्र एक भाषा, एक परंपरा



द्रमुक के सांसद ए. राजा।

### राजा का दावा, एक महाद्वीप

राजा ने दावा किया कि भारत एक राष्ट्र नहीं बल्कि एक उपमहाद्वीप है। उन्होंने कहा, 'क्या कारण है । यहां तमिल एक राष्ट्र और एक देश है। मलयालम एक भाषा, एक राष्ट्र और एक देश है। उड़िया एक राष्ट्र, एक भाषा और एक देश है। ऐसी सभी राष्ट्रीय श्रेणियां भारत का निर्माण करती हैं। तो भारत एक देश नहीं है, यह एक उपमहाद्वीप है जिसमें विभिन्न प्रथाएं, परंपराएं और संस्कृतियां हैं।

### भारतीय संस्कृति को नष्ट करना मकसद : अनुराग ठाकुर

बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश), एजेंसी। हिंदू धर्म और भगवान राम के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए द्रमुक सांसद ए राजा पर तीखा हमला करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि ये वे लोग हैं जो भारतीय संस्कृति को नष्ट करना चाहते हैं।

और एक संस्कृति को दर्शाता है और ऐसी विशेषताएं ही एक राष्ट्र का निर्माण करती हैं। इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की आईटी शाखा के प्रभारी अमित मालवीय ने 'एक्स' पर कहा कि द्रमुक से नफरत भरे भाषण लगातार जारी हैं। उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को नष्ट करने के आह्वान के बाद अब ए. राजा ने भारत के विभाजन का आह्वान किया है, भगवान राम का उपहास किया है, मणिपुर के लोगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की हैं और एक राष्ट्र के रूप में भारत की अवधारणा पर सवाल उठाया है।

### यह माओवादी विचारधारा : भाजपा

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया यह माओवादी विचारधारा है। दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा नेता ने मांग की कि कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के अन्य घटक दल आगे आएं और कहें कि क्या वे द्रमुक नेता की टिप्पणी से सहमत हैं।

### कांग्रेस ने संयमित होकर बात करने की नसीहत दी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने डीएमके नेता ए राजा की विवादित टिप्पणी की निंदा करते हुए अपनी असहमति जताई है। पार्टी ने विवादित बयान से खुद को अलग करते हुए ए राजा को संयमित होकर बात करने की नसीहत दी है।

## तीन डिग्री से कम हुआ 2 हजार मीटर ऊंचाई वाले क्षेत्रों का तापमान, मुनस्यारी से नंदा कुंड तक ताल, पानी जमने से बढ़ी दिक्कत

# मार्च में पहली बार पिथौरागढ़ में जमे ताल-जल स्रोत

**मौसम का मिजाज**

■ पूरन पाण्डे

मुनस्यारी। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मार्च में कड़ाके की सर्दी के बीच अधिकतर जल स्रोत, ताल और नालों का पानी जम गया है। जल स्रोतों का पानी जमने से माइग्रेशन गांवों के लोगों के साथ ही चीन सीमा की सुरक्षा में तैनात जवानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

इस बार शीतकाल में हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी बहुत ही कम हुई। अक्तूबर से जनवरी तक 2400 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दो बार बर्फबारी हुई थी। फरवरी से अब तक इन क्षेत्रों में 6 बार बर्फबारी हो चुकी है। हाल के दिनों में तीन बार तीन बार बर्फबारी होने से गुंजी से लेकर मिलम तक कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात का तापमान -5 डिग्री से कम पहुंच रहा है। कड़ाके की ठंड के कारण यहां लोगों और जवानों को पीने के लिए तक पानी का प्रबंध करने को बर्फ गलानी पड़ रही है। लोगों ने कहा कि हर साल मौसम चक्र में आ रहे बदलाव के कारण इस तरह की स्थिति पैदा हो रही हैं।

**गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी चौथे दिन भी नहीं खुला :** गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी चौथे दिन भी नहीं खुल सका। मंगलवार को बीआरओ की ओर स केवल धराली तक ही मार्ग सुचारू किया। माणा सीमा क्षेत्र को जोड़ने वाला बदरीनाथ हाईवे भी हनुमानचट्टी से आगे बर्फ के कारण बंद है। f



बदरीनाथ में मंगलवार को बर्फ की चादर। यहां कई दिन बाद मौसम साफ हुआ और धूप निकली। ● हिन्दुस्तान

### इन प्रमुख स्थानों में जम गया है पानी

| स्थान | ऊंचाई मीटर में |
|---|---|
| ताल | 2300 |
| थामरी कुंड | 2600 |
| नंदा कुंड | 2900 |
| सूरज कुंड | 3500 |

### माइग्रेशन काल पर भी पड़ सकता है असर

जिस तरह से बर्फबारी पूरे शीतकाल की विदाई के बाद अब यहां हिमालयी क्षेत्रों में हो रही है। उससे साफ है कि असर माइग्रेशन काल पर पड़ेगा। गांवों के लोग ग्रीष्म कालीन माइग्रेशन के लिए 15 अप्रैल तक जाते हैं।



पिथौरागढ़ के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पहली बार कड़ाके की सर्दी के बीच अधिकतर जल स्रोत जम गए हैं, जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ● हिन्दुस्तान

### उत्तराखंड : सीमा को जोड़ने वाली सड़कें बंद

जोशीमठ। उत्तराखंड में हिमस्खलन के कारण मलारी और रिमखिम सरहदी सुरक्षा चौकियां को जोड़ने वाली सड़कें बंद हो गई। बीआरओ की मशीनरी पूरे दिन सैन्य चौकियों तक सड़क खोलने के काम में जुटी हुई है। गनीमत रही कि हिमस्खलन ऐसे स्थानों पर आया, जहां बसावट नहीं थी। जनहानि सूचना नहीं है।

### हिमाचल : कड़ाके की ठंड जारी, आंधी का अलर्ट

शिमला। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और केलांग में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से 10.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय ने बुधवार और बृहस्पतिवार को अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने के साथ तूफान की येलो अलर्ट जारी किया है।

### महाराष्ट्र: मुंबई में दो दिन तक रहेगी ठंड

मुंबई में मंगलवार की सुबह तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने नगर में अगले दो दिन तक ठंड रहने का अनुमान जताया है। मुंबई में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मुंबई के सांताक्रूज में 17.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था।

### केदारनाथ में चार दिन से बिजली ठप

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में बीते चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। कड़ाके की सर्दी के बीच मंदिर परिसर में रह रहे आईटीबीपी और पुलिस के जवानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी बर्फबारी के कारण लिंचौली के पास टूटी बिजली लाइन को अभी भी ठीक नहीं किया गया है।

## देश 30s

### कठुआ के स्टेशन मास्टर को सेवा से हटाया

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने कठुआ के स्टेशन मास्टर को सेवा से हटा दिया। पिछले महीने कठुआ से एक चालक रहित मालगाड़ी ढलान के कारण लुढ़कर 70 से 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 70 किलोमीटर दूर पंजाब के उच्ची बस्सी तक चली गई थी। नोटिस में सेवा से हटाने का कारण लापरवाही बताया गया है, जिसके परिणामस्वरूप एक बड़ी घटना में लोगों की जान जा सकती थी। ट्रेन के लोको-पायलट को पहले इसी आधार पर सेवा से हटा दिया गया है।

### तेजाब हमला पीड़िताओं को मुआवजा

मंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने तेजाब हमला की घटना की तीनों पीड़िताओं को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने की मंगलवार को घोषणा की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दक्षिण कन्नड़ जिले के कड़ाबा कस्बे में स्थित एक सरकारी कॉलेज में सोमवार को एक युवक ने तीन छात्राओं पर तेजाब फेंका था जिससे वे तीनों झुलस गई थीं। इस बीच राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने पीड़ित छात्राओं से अस्पताल में मुलाकात की।

### छात्र की मौत में डीन-सहायक वार्डन निलंबित

वायनाड। पुकोडे में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के डीन एमके नारायणन और सहायक वार्डन का प्रभार संभाल रहे आर कंथनधन को पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के एक छात्र की मौत के मामले में मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। एक बयान में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय घटना की सच्चाई का पता लगाने और अपराध में शामिल लोगों के लिए सजा सुनिश्चित करने के लिए सरकार और न्यायिक एजेंसियों को हर तरह की सहायता प्रदान करेगा।

### धनशोधन मामले में 29 स्थानों पर तलाशी

नई दिल्ली। ईडी अहमदाबाद जोनल कार्यालय ने अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में भारतीय नागरिकों के अवैध आप्रवासन से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में गुजरात, दिल्ली और महाराष्ट्र में 29 स्थानों पर तलाशी ली है। केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसी ने भरतभाई उर्फ बॉबी पटेल, राजूभाई बेचरभाई प्रजापति, भावेश अशोकभाई पटेल और अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत गुजरात पुलिस द्वारा दर्ज तीन एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

### नौकरी के बदले जमीन घोटाला में जमानत बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने जमीन के बदले नौकरी घोटाला में राजद प्रमुख लालू प्रसाद के सहयोगी अमित कात्याल की अंतरिम जमानत मंगलवार को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। कात्याल को पिछले साल घोटाले से संबंधित धनशोधन के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने पांच फरवरी को चिकित्सा आधार पर कात्याल को अंतरिम जमानत दी थी।

### ईडी ने बिल्डर के आवासीय परिसरों में तलाशी ली

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बेंगलुरु ने घर खरीदारों का पैसा हड़पने के मामले में संचय लैंड एंड एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटरों के आवासीय परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत बेंगलुरु में आठ स्थानों पर तलाशी ली। तलाशी अभियान के दौरान ईडी द्वारा उक्त व्यक्तियों और कंपनियों के बैंक खातों का लगभग 11.25 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिया गया।

### 19 साल बाद छीना गया सोना वापस मिला

बेरहामपुर (ओडिशा)। ओडिशा विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष राम चंद्र पांडा को सोमवार को करीब दो दशक पहले महाराष्ट्र में उनकी पत्नी से छीना गया सोना वापस मिल गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुर्दुवाड़ी रेलवे स्टेशन के दो सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) कर्मी बीजू जनता दल (बीजद) नेता के बेरहामपुर आवास पर गए और उन्हें 1.6 ग्राम सोना उन्हें सौंप दिया।

### अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे तीन सप्ताह बाद खुला

अंबाला। अंबाला को चंडीगढ़ से जोड़ने वाला अंबाला-चंडीगढ़ राजमार्ग 22 दिनों बाद खुल गया है। किसान आंदोलन के चलते इस राजमार्ग पर तीन सप्ताह से आवाजाही बंद कर दी गई थी। अब जब किसान आंदोलन की रूपरेखा में बदलाव हुआ तो अंबाला पुलिस ने इस राजमार्ग को सोमवार को खोलने का काम शुरू किया। इससे पहले, यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए विभिन्न मार्ग अपनाने पड़ते थे। हालांकि, अंबाला के पास शंभू सीमा पर अब भी बैरिकेडिंग जारी है।

# हाथी ने टैक्सी चालक को पटक कर मार डाला

**उत्तराखंड**

ऋषिकेश, संवाददाता। नीलकंठ क्षेत्र में एक टैक्सी चालक पर हाथी ने हमला कर दिया। घायल चालक को निजी वाहन से एम्स पहुंचाया गया, लेकिन गंभीर चोटें लगने की वजह से चालक ने दम तोड़ दिया।

लक्ष्मणझूला पुलिस के मुताबिक, घटना मंगलवार सुबह करीब पांच बजे नीलकंठ पैदल मार्ग के पास हिल बाईपास रोड की है। टैक्सी-मैक्सी कैब चालक सतेंद्र उर्फ सोनू निवासी निकट पायल कॉलोनी बिजनौर यात्रियों का इंतजार कर रहा था। इसी बीच हाथी ने वाहन पर हमला करते हुए सतेंद्र को सूंड से वाहन से बाहर खींचकर सड़क पर पटक दिया। हमले में हाथी ने वाहन को भी क्षतिग्रस्त किया। जख्मी हालत में स्थानीय लोगों ने चालक को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी।

## झारखंड गैंगरेप में पांच और गिरफ्तार

दुमका। स्पेनिश महिला के साथ गैंगरेप मामले में फरार पांच आरोपियों को दुमका पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार सभी आरोपियों बाबूजी सोरेन, बुधलाल मरांडी, बबलू हेम्ब्रम, बसिस मुर्मू एवं समीर किस्कू को पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने गैंगरेप के सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। इससे पहले तीन को दबोचा गया था। गैंगरेप मामले में अब तक आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष को हटाया

**कार्रवाई**

- पेपर लीक मामले में यूपी सरकार की कार्रवाई
- रेणुका मिश्रा की जगह राजीव कृष्णा को प्रभार

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को हटा दिया। रेणुका मिश्रा को प्रतीक्षारत कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) के निदेशक राजीव कृष्णा को भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष का भी प्रभार सौंप दिया गया है।

वर्ष 1990 बैच की डीजी रैंक की आईपीएस रेणुका मिश्रा को डॉ. आरके विश्वकर्मा के सेवानिवृत्त होने के बाद भर्ती बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया था। डॉ. विश्वकर्मा भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष के साथ-साथ कार्यवाहक डीजीपी भी थे। बोर्ड के नए अध्यक्ष बने राजीव कृष्णा 1991 बैच के आईपीएस हैं।

इससे पहले गत 24 फरवरी को मुख्यमंत्री सिपाही भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया था। उन्होंने यह एलान भी किया था कि यह परीक्षा छह माह के अंदर कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने पेपर लीक मामले की जांच एसटीएफ को सौंपते हुए कहा था कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा था कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वे न घर के रहेंगे न घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी। एसटीएफ इस मामले में अभी तक करीब 350 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। यह परीक्षा गत 17 व 18 फरवरी को दो-दो पालियों में कराई गई थी।

# यूपी में मंत्रिमंडल का विस्तार, चार नए मंत्रियों ने शपथ ली

**बदलाव**



ओम प्रकाश राजभर



दारा सिंह चौहान



अनिल कुमार



सुनील कुमार शर्मा

लखनऊ, विसं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के पहले कैबिनेट विस्तार में मंगलवार को चार नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, एमएलसी दारा सिंह चौहान, रालोद के विधायक अनिल कुमार और भाजपा विधायक सुनील कुमार शर्मा शपथ लेने के साथ ही मंत्रिमंडल का हिस्सा बन गए।

शाम को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी चार विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। सबसे पहले जहूराबाद के विधायक ओम प्रकाश राजभर ने शपथ ली। दूसरे नंबर पर एमएलसी दारा सिंह चौहान, तीसरे नंबर पर रालोद से पुरकाजी के विधायक अनिल कुमार तथा चौथे नंबर पर साहिबाबाद के भाजपा विधायक सुनील कुमार शर्मा ने शपथ ली। राज्यपाथ आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे।

**52 से 56 हुई मंत्रियों की संख्या:** गौरतलब है कि योगी सरकार में अब तक 18 कैबिनेट, 14 स्वतंत्र प्रभार और 20 राज्यमंत्री थे। इन चार नये मंत्रियों के शपथ लेने के बाद मंत्रियों की संख्या 56 पहुंच गई है।

**मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं:** प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल नए मंत्रियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दी है। सीएम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि उत्तर प्रदेश सरकार में आज मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि आप सभी 'मोदी की गारंटी' को धरातल पर उतारते हुए 'विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# धनंजय सिंह अपहरण के केस में दोषी

**उत्तर प्रदेश**



कोर्ट से ही भेजा गया जेल, सजा पर सुनवाई छह मार्च को

जौनपुर, संवाददाता। नमामि गंगे योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और एक सहयोगी संतोष विक्रम को एमपी/एलएमए कोर्ट मंगलवार को दोषी करार दिया। सजा पर सुनवाई बुधवार (छह मार्च) को होगी।

करीब चार साल पुराने इस मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद न्यायालय कक्ष से ही धनंजय को जेल भेज दिया गया।

मुजफ्फरनगर निवासी नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र, गाली देने व अन्य धाराओं में धनंजय सिंह, उनके साथी संतोष विक्रम व दो अन्य पर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि संतोष विक्रम दो लोगों के साथ सिंघल का अपहरण कर पूर्व सांसद के आवास पर ले गए। वहां धनंजय सिंह असलहा दिखाकर गालियां देते हुए कम गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति करने के लिए दबाव बनाने लगे। इनकार करने पर धमकी देते हुए रंगदारी भी मांगी। केस दर्ज होने के बाद 10 मई को ही धनंजय सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी।

## चार वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया

बेंगलुरु। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अज्ञात बदमाशों ने चार वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया। इस घटना में ट्रेन की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं। दक्षिण-पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम रेलवे के बेंगलुरु मंडल में रविवार को हुई इस घटना में किसी भी यात्री या कर्मचारी को चोट नहीं आई।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फार्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82244778 | सर्जिकल एनयू-केएनआईटी या समतुल्य भिन्न आकार और बॉक्स इकाइयां। यू.एस.एफ.डी.ए / बी.आई.ए.स ने एनआरसीएच को पिछली शिकायत मुक्त आपूर्ति को मंजूरी दी | 40 | 28.03.2024 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं:- सर्जरी आइटम दिनांक: 04.03.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 693/24



सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के नर्सिंग कॉलेज में शामिल हों बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम-2024

JOIN COLLEGES OF NURSING UNDER AFMS B.Sc (NURSING) COURSE - 2024

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के नर्सिंग कॉलेज में बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम-2024 के लिए इच्छुक महिला उम्मीदवार का नीट (यूजी) 2024 परीक्षा में सफल होना अनिवार्य हैं। पात्रता, नियम एवं शर्तो की जानकारी रोजगार समाचार में प्रकाशित की जायेगी। यह सूचना इस वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर भी उपलब्ध होगी।

Female candidates desirous of seeking admission to Colleges of Nursing under AFMS have to mandatorily qualify NEET (UG) 2024. The Eligibility, Terms and Conditions will be published in the Employment News/Rozgar Samachar in due course of time. The same will also be available on the website www.joinindianarmy.nic.in.

CBC10601/11/0072/2324


**स्वदेशी** | कानपुर में बने मिलिट्री कॉम्बैट पैराशूट सिस्टम का इंडियन एयरफोर्स ने किया सफल परीक्षण, ओपीएफ में जल्द होगा उत्पादन

# पैराशूट से 30 हजार फीट की ऊंचाई से कूद सकेंगे जवान

■ सुहेल खान

कानपुर। भारतीय सेना के लिए सर्जिकल स्ट्राइक में सबसे अचूक पैराशूट (एमसीपीएस) का सफलतापूर्वक ट्रायल करने के बाद कानपुर की आयुध पैराशूट निर्माणी में इसके उत्पादन की तैयारी शुरू कर दी गई। भारतीय वायुसेना के लिए तैयार इस पैराशूट के निर्माण के लिए ओपीएफ को जल्द ऑर्डर मिलेगा। इस कॉम्बैट पैराशूट को पहनकर जवान 30 हजार फीट की ऊंचाई से कूद सकते हैं। पांच हजार फीट की ऊंचाई पर यह आसानी से खुलता है, जहां जवान हवा में ठहर सकते हैं।



हल्का पैराशूट आसानी से उतारता है 200 किलो पेलोड

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की हवाई वितरण अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई) ने इसकी डिजाइन को तैयार किया है। इसकी खासियत है कि इसका वजन 18 किलो है और यह 200 किलो पेलोड आसानी से उतार सकता है। यह पैराशूट काफी ऊंचाई से किसी भी ऑपरेशन को अंजाम देता है और जमीन के करीब आने पर कहीं भी जवान को तैनात कर सकता है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह फेल नहीं हो सकता है। मेन पैराशूट के फेल होने पर भी कैनोपी और पैराग्लाइडिंग के जरिये आसानी से जवान नीचे उतर जाएगा। इसमें पैरा कंप्यूटर की प्रोग्रामिंग होने से कम्युनिकेशन सिस्टम है।

### स्वदेशी उपकरणों से बना

सूत्रों के मुताबिक, ऐसा पैराशूट विदेश से आयात करने में एक पैराशूट की कीमत करीब 50 से 55 लाख रुपये आती है। जबकि, इसे तैयार करने में 13 से 15 लाख रुपये लागत आएगी। यह पैराशूट स्वदेशी उपकरणों से तैयार किया गया है।

### खासियत

**250** जंप तक ऑपरेशन, 10 साल तक सुरक्षित

**250** किलो पेलोड की क्षमता

**3-4** सेकेंड में खुलने का समय

**280** किमी प्रति घंटे की स्पीड से बिना खुले छलांग

"भारतीय वायुसेना ने एमसीपीएस का सफल परीक्षण कर लिया है। पैराशूट फैक्ट्री में इसे बनाने की पूरी तैयारी है। सेना से ऑर्डर मिलते ही कम समय में उत्पादन कराकर उपलब्ध करा कराया जाएगा। -एमसी बालासुब्रमणियम, जीएम, ओपीएफ

## रंगीली गली नहीं जा सकेंगे श्रद्धालु

बरसाना (मथुरा)। लठामार होली पर गुलजार रहने वाली रंगीली गली में इस बार आम श्रद्धालु नहीं जा सकेंगे। प्रशासन की व्यवस्था के तहत इस बार गली में सिर्फ हुरियारे और प्रशासनिक अफसर ही रहेंगे। ऐसा हादसों, घटनाओं से बचने के लिए किया जा रहा है।

नए बने रूट प्लान के अनुसार इस रंगीली गली के आसपास के सौ फीट तक के क्षेत्र में आम आदमियों के लिए प्रशासन ने प्रवेश बंद कर दिया है। होली के दौरान इस क्षेत्र में सिर्फ हुरियारे व हुरियारिनों के अलावा सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी एवं वीआईपी ही प्रवेश करेंगे। आम श्रद्धालुओं को सुदामा चौक से नाले के रास्ते बहार निकाल दिया जाएगा।

पणजी के पास नौसेना युद्ध महाविद्यालय के नए प्रशासनिक भवन का उद्घाटन

# हिंद महासागर में सहयोगी देशों की मदद कर रहा भारत:राजनाथ

**संबोधन**

**पणजी, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत हिंद महासागर में देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करके यह सुनिश्चित कर रहा है कि क्षेत्र में किसी का एकाधिकार न रहे। भारतीय नौसेना ने सुनिश्चित किया है कि कोई भी देश अपनी जबरदस्त आर्थिक और सैन्य शक्ति के बल पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के मित्र देशों को दबा नहीं सके।

सिंह ने गोवा की राजधानी पणजी के पास नौसेना युद्ध महाविद्यालय के नए प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया। इस आधुनिक इमारत का नाम चोल है। यह नामकरण प्राचीन भारत के चोल वंश के शक्तिशाली समुद्री साम्राज्य को अर्पित श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर उन्होंने पड़ोसी राज्य कर्नाटक के कारवार में सी बर्ड नौसैनिक अड्डे पर एक विमान वाहक और सहायक पोत गोदी का भी वीडियो कांफ्रेंस के जरिए लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह गुलामी की मानसिकता से बाहर आने तथा अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत पर गर्व करने की नई मानसिकता का भी प्रतिबिंब है।




गोवा के नौसेना युद्ध महाविद्यालय में मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नए प्रशासनिक और प्रशिक्षण भवन का उद्घाटन किया। • एएनआई

### पदनाम में बदलाव की जरूरत : हरि कुमार

**पणजी।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने मंगलवार को कहा कि अब महिला नाविकों के सेवा में होने के कारण विभिन्न पदनामों में बदलाव की मंजूरी के लिए उन्होंने रक्षा मंत्रालय का रुख किया है। एडमिरल ने उम्मीद जताई कि चूंकि भारतीय नौसेना में लैंगिक तटस्थता की शुरुआत की गई है, ऐसे में अगले 30-35 वर्षों में इसमें एक महिला प्रमुख होंगी। गोवा आधारित एक जहाज में पहले से एक महिला कमांडिंग अधिकारी है।

## नौसेना ने पोत पर ड्रोन हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना ने मंगलवार को अदन की खाड़ी में ड्रोन हमले की चपेट में आए पश्चिमी अफ्रीकी देश लाइबेरिया के ध्वज वाले व्यापारिक पोत की सहायता के लिए त्वरित कार्रवाई की। नौसेना ने यह जानकारी दी।

हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में विभिन्न व्यापारिक जहाजों पर हमलों की बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच सोमवार को यह नई घटना सामने आई। पिछले कुछ हफ्तों में भारतीय नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर में कई व्यापारिक पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों के बाद उन्हें सहायता प्रदान की है। नौ सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अदन की खाड़ी में एक नौवहन घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया दी गई। इसमें कहा गया है कि लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज ने अदन से 90 समुद्री मील दक्षिण पूर्व में सोमवार को हमले के कारण आग लगने की सूचना दी।

### लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हूती

**पणजी।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने मंगलवार को कहा कि हूती लाल सागर में ड्रोन और मिसाइलों से इजराइल, अमेरिका या ब्रिटेन के व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। लाल सागर में जारी गतिविधियों को इजराइल-हमास संघर्ष का एक परिणाम बताया।

## दुनिया पर दबाव डालने का युग बीत गया : जयशंकर

**सियोल, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि जब कुछ ताकतों ने दुनिया की व्यवस्था को पुनर्निधारित करने में अतिरिक्त प्रभाव का प्रयोग किया था, वह युग अब बीत चुका है।



दो दिवसीय यात्रा पर दक्षिण कोरिया पहुंचे विदेश मंत्री

आज के दौर में भारत और दक्षिण कोरिया पर इस प्रक्रिया में योगदान करने की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है। दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए जयशंकर ने 'कोरिया नेशनल डिप्लोमेटिक अकादमी' में लोगों को संबोधित किया। जयशंकर ने कहा, कोरिया गणराज्य के साथ भारत की साझेदारी अस्थिर दुनिया में व्यापक प्रमुखता प्राप्त कर रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट की। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

## गर्भपात का अधिकार देने वाला फ्रांस पहला देश बना

**प्रस्ताव पास**

**पेरिस, एजेंसी।** महिलाओं को गर्भपात का संवैधानिक अधिकार देने वाला फ्रांस दुनिया का पहला देश बन गया है। फ्रांस के संविधान में गर्भपात के अधिकार को शामिल किया गया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया था।

गर्भपात के अधिकार को लेकर आए प्रस्ताव के पक्ष में सांसदों के मतदान के बाद इसे पास कर दिया गया। ये कानून महिलाओं को गर्भपात की आजादी देता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि उन्होंने महिलाओं को गर्भपात का संवैधानिक अधिकार देने का वादा किया था, जिसे पूरा किया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांस के सांसदों ने महिलाओं को गर्भपात की आजादी से जुड़े 1958 के संविधान को संशोधित करने के पक्ष में लगभग एकतरफा मतदान किया। वर्साय की संसद ने इस प्रस्ताव को 780-72 वोटों के भारी बहुमत के साथ पास किया। यानी 780 मत इसके पक्ष में तो सिर्फ 72 वोट विरोध में आए। हालांकि, गर्भपात विरोधी समूहों ने इसकी आलोचना की है।

**विदेश 30s**

### चीन ने रक्षा बजट 7.2 फीसदी बढ़ाया

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को अपने रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि करने की घोषणा की है। दुनिया में सबसे ज्यादा रक्षा बजट अमेरिका का है जो 222 अरब डॉलर का है। अमेरिका, ताइवान, जापान और दक्षिण चीन सागर पर दावा जताने वाले पड़ोसी देशों के साथ तनाव को हाई-टेक सैन्य प्रौद्योगिकियों में वृद्धि की वजह माना जा रहा है, जिसमें स्टील्थ लड़ाकू विमान से लेकर विमानवाहक पोत और परमाणु हथियारों के शस्त्रागार में वृद्धि शामिल है।

### नॉर्थ डकोटा कॉकस में डोनाल्ड ट्रंप जीते

**बिस्मार्क।** अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव के लिए रिपब्लिकन का उम्मीदवार चुने जाने की प्रक्रिया के तहत डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को नॉर्थ डकोटा कॉकस में चुनाव जीता। पूर्व राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली के खिलाफ 12 कॉकस स्थलों पर हुए मतदान में पहला स्थान प्राप्त किया। इस नतीजे से ट्रंप वापस जीत की पटरी पर लौट आए हैं।

### कंबोडिया में मंदिर के सामने विस्फोट, दो घायल

**नोमपेन्ह।** कंबोडिया के सिएम रीप प्रांत में प्रसिद्ध अंगकोर वाट मंदिर के सामने पार्किंग में मंगलवार को बस विस्फोट में दो लोग घायल हो गए। सिएम रीप प्रांतीय पुलिस प्रमुख मेजर जनरल तेंग चन्नाथ ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ। घटना का प्रमुख कारण इंजन की खराबी माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, एक बस का इंजन दुर्घटनावश फट गया।

### काला सागर में रूसी युद्धपोत को डुबोने का दावा

**कीव।** यूक्रेन ने मंगलवार को दावा किया कि उसने रूस के बड़े युद्धपोत को काला सागर में मार गिराया है। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे के पीछे के लक्ष्यों को निशाना बनाना जारी रखे हुए है। हालांकि, रूसी प्राधिकारियों ने दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेनी सैन्य खुफिया एजेंसी ने कहा कि एक विशेष अभियान इकाई ने बड़े गश्ती जहाज सर्गेई कोतोव को चालक रहित मगुरा वी5 से रात को नष्ट कर दिया।

### फिलीपीन और चीन के पोत टकराए

**मनीला।** विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपीन के बीच तनाव की स्थिति हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को दोनों देश के तटरक्षक बलों के पोतों में टक्कर हो गई, जिसमें फिलीपीन के चालक दल में शामिल चार लोग घायल हो गए। मनीला में चीनी दूतावास ने बयान जारी कर कहा कि चीन ने संप्रभुता, अधिकारों तथा हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पाक के नए पीएम शहबाज को बधाई दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बधाई दी। एक्स पर मोदी ने पोस्ट में लिखा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज को बधाई।

विरोध-प्रदर्शनों के बीच संसद में 201 वोट हासिल कर शहबाज शरीफ ने रविवार को पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल हासिल किया। उनकी पार्टी, पीएमएल-एन, बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। उल्लेखनीय है कि 8 फरवरी को हुए चुनाव में शरीफ की नवाज पीएमएल-एन पार्टी ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने सबसे अधिक सीटें हासिल कीं, लेकिन संसदीय बहुमत हासिल करने से पीछे रह गए।

## भारत ने यूएन में कहा, पाक आतंकवाद की फैक्टरी

**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा, एजेंसी।** भारत ने एक बार फिर बड़े मंच पर पाकिस्तान को खरी-खोटी सुनाई है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर पाकिस्तान की आलोचना करते हुए भारत ने कहा कि विश्व स्तर पर उसकी पहचान 'दुनिया की आतंकवाद फैक्टरी' के रूप में बन गई है।

पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि पड़ोसी देश को अपने खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड पर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में अवर सचिव जगप्रीत कौर ने यूएनएचआरसी के 55वें नियमित सत्र में अपनी बातें रखीं।

इससे पहले पाकिस्तान ने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की ओर से बोलते हुए अपने बयान में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। कौर ने कहा, हमने इस सत्र के दौरान पहले भी मंच संभाला था।

## भारतीय सैनिकों को सादे कपड़ों में भी नहीं रहने देंगे : मुइज्जू

**माले, एजेंसी।** चीन के साथ रक्षा समझौता होने के बाद मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत विरोधी बयानबाजी तेज कर दी है। मुइज्जू ने मंगलवार को कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा।

उनके मुताबिक, वह सादे कपड़ों में भी नहीं रहने देंगे और उन्हें हर हाल में यहां से जाना होगा। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। मुइज्जू का यह बयान तब आया है, जब एक हफ्ते पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी। मुइज्जू ने कहा, यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं।

## इजरायल में सुरक्षित क्षेत्रों में जाएं भारतीय : दूतावास

**यरूशलम, एजेंसी।** लेबनान से इजरायल में दागी गई मिसाइल में एक भारतीय की मौत के बाद भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एडवाइजरी जारी की। दूतावास ने अपने नागरिकों से देश में सुरक्षित क्षेत्रों में जाने का आग्रह किया है।

सोमवार को मिसाइल हमले में केरल के कोल्लम निवासी पटनीबिन मैक्सवेल (30) की मौत हो गई, जबकि दो लोग बुश जोसेफ और पॉल मेल्विन घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पतालों में ले जाया गया। इस मामले पर दूतावास ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह के मद्देनजर इजरायल में सभी भारतीय नागरिकों को देश के अंदर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी जाती है।

**गाजा में इजरायल का हमला, 17 की मौत :** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में इजरायल ने मंगलवार को हवाई हमला किया, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई।



■ करियर के बड़े मौके को यादगार बनाना चाहेंगे भारतीय ऑफ स्पिनर ■ इंग्लैंड और टीम इंडिया में पांचवां टेस्ट कल से

# धर्मशाला में सौवें टेस्ट के लिए तैयार अश्विन


भारत दौरे पर इंग्लैंड

**धर्मशाला, एजेंसी।** घूमती गेंदों पर बल्लेबाजों को घुमाने वाला। दुनिया के दिग्गज खिलाड़ियों में से एक। उनके तरकश में हर वह तीर है जो एक स्पिनर को दुनिया के किसी भी मैदान पर विकेट लेने के लिए चाहिए। पांच सौ से ज्यादा विकेट चटकाने वाले भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन धर्मशाला में अपने 100वें टेस्ट के लिए तैयार हैं। साथ ही अपनी फिरकी पर अंग्रेजों को नचाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।

**इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज ने बदला करियर :** अश्विन ने मंगलवार को कहा, इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की सीरीज मेरे लिए निर्णायक मोड़ थी। इसने बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। एलिस्टेयर कुक ने यहां आकर आसानी से रन बनाए। उस पर काफी बात हुई पर मेरे लिए वह सीरीज और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज ने बहुत कुछ बदला। मेरे टीम से बाहर रहने पर काफी बात हुई। मैंने पहले अच्छा खेला था तो समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यों हुआ। मेरे बारे में कई लेख लिखे गए। इसने सोचने पर मजबूर किया कि कहां गलती हुई। यह सबक मुझे हमेशा याद रहा।

**2018-19 रहा सर्वश्रेष्ठ :** अश्विन ने कहा, बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पैल रहा। मैंने दोनों पारियों में गेंदबाजी की। तीसरे दिन सुबह गेंदबाजी करके तीन विकेट लिए। मैंने मैच में सात विकेट लिए और टीम को जीत के करीब ले गया था लेकिन हम वह मैच जीत नहीं सके। भारत वह मैच 31 रन से हार गया था। उसके बाद बेंगलुरु में टेस्ट था जिसमें मैंने दूसरे दिन सुबह गेंदबाजी की। सेंचुरियन में 2018-19 में पहले दिन चार विकेट लिए। ये स्पैल खास रहे।

**अतीत से गिला नहीं :** जडेजा की बल्लेबाजी बेहतर होने के कारण उन्हें विदेश में अक्सर तरजीह मिलती रही लेकिन अश्विन ने कहा कि अब उन्हें अतीत से कोई गिला नहीं। उन्होंने कहा, अच्छा प्रदर्शन करने पर खेलने का मौका नहीं मिलने से दुख होता है लेकिन हालात से समझौता करना ही होता है। क्योंकि टीम हित में फैसले लिए जाते हैं।

**2011** में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में की थी अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत

**500** या उससे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं

**35** बार पारी में पांच और आठ बार मैच में 10 विकेट लेकर कुंबले के साथ शीर्ष पर

**37** साल 172 दिन में सौवां टेस्ट खेलने वाले देश के उम्रदराज खिलाड़ी बनेंगे

"यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। यह महज एक आंकड़ा है। -रविचंद्रन अश्विन

### मैच में 100 रन बनाने और पांच विकेट लेने वाले अकेले

**2021** में इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में 106 रन और पांच विकेट

**2016** में एंटीगुआ में विंडीज के विरुद्ध 113 रन और सात विकेट

**2011** में वेस्टइंडीज के खिलाफ मुंबई में 103 रन और पांच विकेट झटके हैं अश्विन ने

### सबसे तेज

भारत के लिए टेस्ट में सबसे तेज 50, 100, 150, 200, 250, 300, 350, 400, 450 और 500 विकेट तक पहुंचने वाले गेंदबाज। वह 99 मैच में 2.69 की औसत से 507 विकेट ले चुके हैं। उनसे ज्यादा विकेट कुंबले (619) ने ही चटकाए हैं।

### एकमात्र भारतीय

एक कैलेंडर वर्ष में चार बार 50 से ज्यादा विकेट लेने वाले

| | |
|---|---|
| 2021 | 54 |
| 2017 | 56 |
| 2016 | 72 |
| 2015 | 62 |



### रविचंद्रन बनेंगे 14वें भारतीय खिलाड़ी

रविचंद्रन टेस्ट मैचों का शतक लगाने वाले तीसरे स्पिनर जबकि कुल 14वें भारतीय क्रिकेटर बनेंगे। उनसे पहले कुंबले और हरभजन सिंह ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं।

**दूसरे गेंदबाज :** श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के बाद दुनिया के दूसरे गेंदबाज हैं जो पांच सौ या अधिक विकेट लेने के बाद सौवां टेस्ट खेलेंगे।

**पांचवें ऑलराउंडर :** अश्विन 3000 रन बनाने और 300 प्लस विकेट लेने के बाद 100वां मैच खेलने वाले पांचवें क्रिकेटर होंगे। वह दिग्गज कपिल देव, इयान बॉथम, डेनियल विटोरी और शॉन पोलाक के क्लब में शामिल हो जाएंगे।

### दो खिलाड़ी एक साथ सौवां टेस्ट मुकाबला खेलेंगे

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में चौथी बार दोनों टीमों का एक-एक खिलाड़ी एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलने उतरेंगे। अश्विन के अलावा इंग्लैंड के बेयरस्टो भी यह मुकाम हासिल करेंगे। 2013 में एशेज में इंग्लैंड के कुक व ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लार्क जबकि 2000 में इंग्लैंड के माइकल एथरटन और इंग्लैंड के एलेक स्टीवर्ट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में विंडीज के खिलाफ यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की थी।

### एक साथ खेल चुके तीन

टेस्ट के इतिहास में सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब एक साथ तीन खिलाड़ियों ने अपना सौवां टेस्ट खेला था। तब 2006 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने यह मुकाम हासिल किया था।

## टेस्ट मैचों का शतक लगाना खास : बेयरस्टो



**धर्मशाला।** टेस्ट मैचों का शतक पूरा करने की दहलीज पर खड़े इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने मंगलवार को कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि तक पहुंचना उनके लिए बहुत मायने रखता है। इस बीच उन्हें कई कड़ी चुनौतियों से गुजरना पड़ा। उन्होंने अपना 100वां वनडे भी यहीं खेला था। वह सौ टेस्ट खेलने वाले अपने देश के 17वें क्रिकेटर बनेंगे।

उन्होंने कहा, केपटाउन मेरा पसंदीदा मैदान है लेकिन मुझे नहीं लगता कि विश्व में धर्मशाला से खूबसूरत कोई और मैदान है। उन्होंने कहा, कोई भी बच्चा जब पेशेवर क्रिकेट की यात्रा शुरू करता है तो वह 100 टेस्ट खेलना चाहता है। मैंने 2012 में लॉर्ड्स में पदार्पण किया था। अगर 12 साल बाद आप कहते हैं कि मैं 100 मैच खेलने जा रहा हूं तो यह बेहद खुशी का पल होगा। बेयरस्टो जब आठ साल के थे तब उनके पिता और इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर डेविड ने आत्महत्या कर ली थी। उनकी मां जेनेट ने स्तन कैंसर से जूझने के बावजूद परिवार को एकजुट रखा।

## खेल 30s

### 'वेगनर को संन्यास पर मजबूर किया'



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार बल्लेबाज रॉस टेलर ने कीवी खेमे में परेशानी का संकेत देते हुए कहा है कि तेज गेंदबाज नील वेगनर को संन्यास लेने को मजबूर किया गया। 37 वर्ष के वेगनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से संन्यास का ऐलान किया था। उन्हें बताया गया था कि उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना जाएगा। वेगनेर पहले टेस्ट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर ड्रिंक्स लेकर आए। टेलर ने एक पॉडकास्ट में कहा, वेगनेर की प्रेस कांफ्रेंस सुनें तो पता चलता है, वह संन्यास लेने वाला था पर आखिरी टेस्ट के बाद। वह सीरीज के लिए उपलब्ध था। पर उसे चुना नहीं गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैं नील वेगनर पर भरोसा करता।

### आईपीएल से पहले चेन्नई पहुंचे कप्तान धौनी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले मंगलवार को यहां पहुंचे। मौजूदा चैंपियन चेन्नई ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर जारी की है जिसमें धौनी गाड़ी से बाहर निकल रहे हैं। अटकलें हैं कि यह सत्र उनका खिलाड़ी के रूप में अंतिम सत्र होगा। चेन्नई ने शनिवार को टूर्नामेंट से पहले का अपना अभ्यास सत्र शुरू किया। जो खिलाड़ी अभी तक यहां पहुंचे हैं उनमें दीपक चाहर, रुतुराज गायकवाड़, सिमरजीत सिंह, राजवर्धन हंगरगेकर, मुकेश चौधरी, प्रशांत सोलंकी, अजय मंडल, शेख रशीद और निशांत सिंधु (ऑलराउंडर) शामिल हैं।

### युज्वेंद्रा चाहल के दम पर जीता आयकर विभाग

**नवी मुंबई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे लेग स्पिनर युज्वेंद्रा चाहल ने चार ओवर में 22 रन देकर चार विकेट लिए। इससे आयकर विभाग ने मंगलवार को डीवाई पाटिल टी-20 क्रिकेट में केनरा बैंक को 135 रन से शिकस्त दी। चाहल ने टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलते हुए गेंद थामते ही बल्लेबाजों को परेशानी में डालना शुरू कर दिया था। उनकी 10 गेंद पर रन नहीं बने जबकि उन पर सिर्फ दो चौके लगे। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने भी लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद इस टूर्नामेंट से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने भी टूर्नामेंट से वापसी की।

### त्रिकोणीय सीरीज में नीदरलैंड्स चैंपियन बना

**कीर्तिपुर।** माइकल लेविट 54 रन के पसाचे, कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के 48 रन और अंतिम ओवर में टिम वान डेर गुग्टेन के पांच गेंद में 21 रन की पारी से नीदरलैंड्स ने त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में नेपाल को चार विकेट से हरा दिया। तीसरी टीम नामीबिया की थी। मंगलवार को नेपाल ने आसिफ शेख के 47 रन की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 184 बनाए। 185 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लेविट और मैक्स ओ डॉड ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। लेविट ने 54 रन बनाए। गुग्टेन ने अंत में आतिशी पारी से नीदरलैंड्स को 19.3 ओवर में छह विकेट पर 189 रन बनाकर जीत दिला दी।

### इंडियन वेल्स : नागल मुख्य दौर से एक जीत दूर



**इंडियन वेल्स।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स के मुख्य दौर में जगह बनाने से एक जीत दूर हैं। पहली बार यहां खेल रहे नागल ने क्वालीफाइंग में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को एक घंटे आठ मिनट में 6-2, 6-2 से हराया। आठवीं वरीय नागल का सामना अब कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा। उन्होंने इस जीत से दस रैंकिंग अंक के साथ करीब 12 लाख रुपये (14,400 डॉलर) की पुरस्कार सुनिश्चित कर ली है। नागल ने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब जीतने के साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी।

### भारतीय पैरालंपिक समिति का निलंबन खत्म

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय पैरालंपिक समिति पर लगाए गए निलंबन को तत्काल प्रभाव से हटा लिया है। लंबे समय से लंबित चुनावों के लिए प्रक्रिया शुरू करने के बाद मंगलवार को मंत्रालय ने यह कदम उठाया। इन चुनावों में पैरालंपिक पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया का अक्ष्यक्ष बनना तय है। खेल मंत्रालय ने 2 फरवरी को राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार 'नई कार्यकारी समिति के चुनाव में जानबूझकर देरी' पर समिति की मान्यता समाप्त कर दी थी। समिति ने 6 से 15 मार्च तक पैरा निशानेबाजी विश्व कप के कारण चुनावों को 28 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया था, जो 31 जनवरी से पहले होने चाहिए थे।

### अब्दुसत्तारोव को हरा प्रज्ञाननंदा दूसरे स्थान पर

**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने शीर्ष पर चल रहे उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को हरा प्राग मास्टर्स शतरंज में खिताब की उम्मीद बढ़ा दी है। इस जीत से वह संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अब्दुसत्तारोव हार के बावजूद चार अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा, रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट और माघसूदलू का नंबर है। इन तीनों के समान 3.5 अंक हैं। ऐसे में तीनों के पास ही शीर्ष पर पहुंचने का मौका है। भारत के अन्य खिलाड़ियों में डी गुकेश सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद माटुस्ज बार्टेल से हार गए। विदित गुजराती को भी जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार का सामना करना पड़ा।

## विदर्भ-मध्य प्रदेश मुकाबला रोमांचक दौर में

रणजी ट्रॉफी

**नागपुर, एजेंसी।** विदर्भ ने मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन मंगलवार को आखिरी लम्हों में यश दुबे (94) का विकेट चटकाकर मैच पर दबदबा बना लिया है। मैच रोमांचक दौर में पहुंच गया है। आखिरी दिन विदर्भ को जीत के लिए चार विकेट जबकि मध्य प्रदेश के सामने 93 रन बनाने की चुनौती है।

**दुबे शतक चूके :** मंगलवार को मैच का रुख तब विदर्भ की ओर मुड़ गया जब आखिरी से एक ओवर पहले आदित्य सरवते (51/2) ने दुबे को मोखाडे से कैच कराया। 321 रन का पीछा करते हुए मध्य प्रदेश ने स्टंप्स तक छह विकेट पर 228 रन बनाए थे। क्रीज पर सारांश जैन (नाबाद 16) और कार्तिकेय खाता खोले बिना हैं।


नागपुर में मंगलवार को शतक पूरा करने के बाद विदर्भ के यश राठौड़। • एजेंसी

**राठौड़ का शतक :** इससे पहले विदर्भ के यश राठौड़ ने कल के नाबाद 97 रन से आगे खेलते हुए चौथे दिन कुल 141 रन बनाए। इससे टीम ने दूसरी पारी में 402 रन बना मध्य प्रदेश को बड़ा लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दुबे ने दूसरे छोर से विकेटों के पतन के बीच शानदार पारी खेलकर टीम के संघर्ष को जारी रखा।

**06** विकेट सिर्फ 228 रन पर अब तक मध्य प्रदेश की टीम ने गंवा दिए हैं

**06** रन बनाए मध्य प्रदेश के ओपनर यश ने 212 गेंद में दस चौकों से

**शतकीय साझेदारी :** दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 212 गेंद की पारी में धैर्य और शानदार कौशल का परिचय दिया। उन्होंने इस दौरान 10 चौके लगाए और हर्ष गवली (67) के साथ दूसरे विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी के टूटने के बाद विदर्भ के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर मैच पर अपना दबदबा बनाया।

## जेमिमा-लैनिंग के दम पर दिल्ली की धमाकेदार जीत

डब्ल्यूपीएल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान मेग लैनिंग (38 गेंद, 53 रन) और जेमिमा रोड्रिग्स (33 गेंद, नाबाद 69 रन) की तूफानी पारियों से दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई को 29 रन से पराजित किया। दिल्ली ने पहले खेलते हुए चार विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम आठ विकेट पर 163 रन ही बना पाई। दिल्ली ने घर में शानदार आगाज किया।

**खराब शुरुआत :** मुंबई की शुरुआत खराब रही। मात्र 68 रन पर उसकी आधी टीम पवेलियन में थी। अमनजोत कौर ने 42, संजीवन संजना ने नाबाद 24, हेली मैथ्यूज ने 29 और पूजा वस्त्राकर ने 17 रन का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से जेस जोनासेन ने तीन और कैप्प ने दो विकेट झटके।

**लैनिंग का तीसरा पचासा :** इससे पहले लैनिंग ने छह चौके और दो छक्के लगाए। मौजूदा सत्र में अपने तीसरे अर्धशतक के साथ उन्होंने तीन उपयोगी साझेदारियां कीं। जेमिमा ने इसके बाद आठ चौके और तीन छक्के लगाकर टीम को 200 रन के के करीब पहुंचाया। शेफाली वर्मा (28) और ऐलिस कैप्सी (19) ने भी आक्रामक पारियां खेलीं।

**दिल्ली पहुंचा कारवां :** बेंगलुरु चरण की शानदार सफलता के बाद डब्ल्यूपीएल का कारवां दिल्ली पहुंचा। लैनिंग और शेफाली ने ताबड़तोड़ शुरुआत की। शेफाली ने तेज गेंदबाज शबनीम के खिलाफ दो चौके जड़े। तीसरे ओवर में इशाक ने उनका कैच टपका जीवनदान दिया। लैनिंग ने नैट सिवर ब्रंट के खिलाफ मैच का पहला छक्का जड़ा। उन्होंने इसी ओवर में चौका भी ठोका।


पचासा लगाने के बाद मैग लैनिंग। • एजेंसी

- लैनिंग ने 53 रन में छह चौके, दो छक्के लगाए
- जेमिमा ने आठ चौके, तीन छक्के से 69 रन बनाए

## लक्ष्य दूसरे में, प्रियांशु का सफर खत्म

फ्रेंच ओपन

**पेरिस।** भारतीय शटलरों ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन में जीत के साथ अपना अभियान शुरू कर दिया है। लक्ष्य सेन ने मंगलवार को शुरुआती दौर में जापान के कांता त्सुनेयामा को 15-21, 21-15, 21-3 से हरा प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी को हरा दूसरे दौर में पहुंच गई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने भी महिला युगल में दूसरे दौर में जगह बना ली है।

**पुरुष जोड़ी की आसान जीत :** सात्विक-चिराग ने 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की। साल 2022 की चैंपियन भारतीय जोड़ी अब मलेशिया की ही मान वेई चोंग और काई वुन टी जोड़ी का सामना करेगी। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर करीब एक घंटे में 16-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गई।

**राजावत हारे :** प्रियांशु राजावत का सफर हालांकि हार के साथ खत्म हो गया। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसन से 8-21, 15-21 से हार गए।

## मणिपुर संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**ईटानगर।** वांगखइमयुम सदानंद सिंह की हैट्रिक से मणिपुर ने असम को 7-1 से रौंद संतोष ट्रॉफी फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार को सदानंद ने 11वें, 16वें और 70वें मिनट में गोल किए। मणिपुर के कप्तान फिजाम सनाथोई (चौथे), नगंगबम पाचा सिंह (19वें पेनाल्टी), मैबाम डेनी सिंह (82वें) और इमर्सन मेइतेई (88वें) ने भी एक-एक गोल दागे।

मुक्केबाजी | मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय बने, विश्व क्वालीफायर में कुल 49 ओलंपिक कोटा का होगा फैसला

## चाहर 'नॉकआउट पंच' के साथ ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिजियो (इटली), एजेंसी।** विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय बन गए हैं। उन्हें ईरानी मुक्केबाज ने नॉकआउट किया।

**ईरानी मुक्केबाज भारी पड़ा :** पुरुषों की 80 किग्रा स्पर्धा में अपनी चुनौती पेश कर रहे चाहर सोमवार रात यहां खेल गए मुकाबले में 2021 के एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ईरान के गेश्लाघी मेसम से हार गए। पहले राउंड में 2-3 से हारने के बाद चाहर ने दूसरे राउंड में 3-2 से जीत दर्ज करके वापसी की लेकिन तीसरे राउंड में वह यह प्रदर्शन बरकरार नहीं रख पाए। मुकाबला खत्म होने में जब 20 सेकंड का समय बचा था तब मेसम ने आक्रामक रवैया अपनाया और भारतीय मुक्केबाज को नॉकआउट कर दिया।

**09** भारतीय ओलंपिक क्वालीफायर में दावा पेश करते उतरे

**04** अब तक पहले दौर में ही हारकर बाहर टूर्नामेंट से हो चुके

### अब तक चार टिकट मिले

भारत ने अब तक चार ओलंपिक टिकट हासिल किए हैं। इनमें निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) शामिल हैं। सभी को एशियाई खेलों में कोटा मिला था।


एक मुकाबले के दौरान भारतीय मुक्केबाज लक्ष्य चाहर। • फाइल फोटो

**सबने किया निराश :** इस तरह से भारत के अभी तक जो चार मुक्केबाज रिंग पर उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किग्रा), एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) सभी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए।

**अभी पांच दौड़ में बरकरार :** हालांकि विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन और एशियाई चैंपियनशिप में छह बार के पदक विजेता शिव थापा सहित पांच भारतीय मुक्केबाज अब भी यहां पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में हैं। यहां सेमीफाइनल में पहुंचने पर ओलंपिक कोटा सुरक्षित हो जाएगा। यहां कुल 49 ओलंपिक कोटा का फैसला होगा। इनमें 28 पुरुष वर्ग में जबकि 21 महिला वर्ग में दिए जाएंगे।

जो मुक्केबाज यहां ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर पाएंगे, उन्हें बैंकॉक में 23 मई से 3 जून तक होने वाले दूसरे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में भी पेरिस का टिकट कटाने का मौका मिलेगा।

**टोक्यो में जीते थे सात पदक :** टोक्यो ओलंपिक में भारत के नौ मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था। इन्होंने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात पदक जीते थे। इनमें एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल थे।

### सोशल मीडिया से

स्मृति मंधाना की टीम रायॅल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यूपी वॉरियर्स पर जीत के साथ डब्ल्यूपीएल में घरेलू चरण का अंत किया। मंधाना ने सोमवार को सोसल मीडिया मंच एक्स पर टीम की जर्सी पहने दर्शकों के साथ मैच की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, शानदार जीत के साथ हमारे घरेलू मैचों का अंत। मैं उन सभी प्रशंसकों की आभारी हूं जो चिन्नास्वामी स्टेडियम में हमारा समर्थन करने आए। अगले पड़ाव के लिए दिल्ली की ओर प्रस्थान। अपना समर्थन और भरोसा महेशा बनाए रखना। बेंगलुरु की टीम चार मैच में तीन जीत से दूसरे स्थान पर है।



जरा हटकर

## इगा स्वियातेक ने ट्रेनिंग में दागा दनदनाता गोल



अक्सर खिलाड़ी किसी टूर्नामेंट की तैयारी के दौरान कुछ अलग खेलों का भी सहारा लेते हैं। जैसे क्रिकेट के अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों को फुटबॉल की प्रैक्टिस करते भी देखा गया है। अब ऐसा ही कुछ टेनिस की दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी और चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने किया है। असल में पोलैंड की इस युवा खिलाड़ी को शनिवार से कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। इसमें वह अपना सत्र का दूसरा खिताब जीतने की कोशिश करेंगी। इसकी तैयारियों के दौरान उन्होंने हाल में फुटबॉल में भी अपना हुनर दिखाया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। इनमें वह ट्रेनिंग के दौरान फुटबॉल खेलती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने कुशलता दिखाते हुए लंबी दूरी से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर गोल भी दागा। इस गोल पर उन्हें खुद ही यकीन नहीं हुआ और खुशी के मारे मैदान में ही लेट गईं। उनका खेल देख प्रशंसकों को बहुत हैरानी हुई। एक ने लिखा, महिला फुटबॉल की मेसी। एक प्रशंसक ने चेतावनी देते हुए लिखा-रॉबर्ट लेवांडोवस्की, अब तुम्हारे बहुत कम दिन रह गए हैं।

POSTAL REG. NO. DL(ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08


# हृदय प्रत्यारोपण के 40 साल बाद भी जैनसन फिट

**वर्ल्ड रिकॉर्ड**

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स (जीडब्ल्यूआर) ने नीदरलैंड के बर्ट जैनसेन को हृदय प्रत्यारोपण के बाद 39 साल और 100 दिन जीवित रहने की उपलब्धि को मान्यता दी है। जैनसन के मौजूदा कार्डियोलॉजिस्ट के अनुसार, प्रत्यारोपण के बाद औसतन उम्र 16 वर्ष ही होती है।

### इंग्लैंड में हुआ था प्रत्यारोपण

वर्ष 1984 में हृदय की गंभीर बीमारी कार्डियोमायोपैथी की पहचान हुई और चिकित्सकों ने उन्हें मात्र छह महीने तक जिंदा रहने का समय दिया। यह हृदय के मांसपेशियों की बीमारी होती है जो शरीर में रक्त के प्रवाह की उत्तरदायी है। जैनसेन ने बताया, 'मैं लोगों के लिए उदाहरण बनना चाहता हूं।' 1984 में नीदरलैंड के पास पर्याप्त तकनीक नहीं थी और हृदय रोग विशेषज्ञ अल्बर्ट मैटार्ट ने जैनसेन को इंग्लैंड के हेयरफील्ड अस्पताल भेजा। उसी साल एक भयंकर कार दुर्घटना में दो युवाओं की मौत हो गई। उनके अंगदान के बाद जैनसन का हृदय प्रत्यारोपण किया गया। अब 40 साल बाद दो बेटों के पिता जैनसन एकदम फिट हैं।



1984 में प्रत्यारोपण के बाद चार दशक पार कर चुके जैनसेन

### स्वस्थ जीवनशैली ने दिया साथ

अब 40 साल बाद 57 वर्षीय जैनसन एकदम फिट हैं। लगभग 39 साल के बाद जाकर उन्हें हृदय संबंधी दवाइयों का साइड इफेक्ट हुआ जिसकी वजह से उन्हें अपनी दैनिक गतिविधि को धीमी करनी पड़ी है। अंग प्रत्यारोपण के विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने और सक्रिय रहने की आवश्यकता है, जिसका अनुसरण जैनसेन ने किया और वे सर्जरी के चार दशक बीतने के बाद भी एकदम स्वस्थ हैं। बता दें कि नीदरलैंड में उस समय हृदय प्रत्यारोपण के लिए पर्याप्त तकनीक का अभाव था और डॉक्टरों ने बीमारी का पता चलने के बाद जैनसन को केवल छह माह का जीवन शेष बताया था। इसके बाद उनकी तुरंत सर्जरी जरूरी थी। हालात को देखते हुए उन्हें इस सर्जरी के लिएं इंग्लैंड जाना पड़ा। यह जीवन-रक्षक सर्जरी कर इंग्लैंड के डॉक्टर मैगडी याकूब ने जैनसेन के शरीर में हृदय स्थानांतरित कर दिया था। सर्जरी के बाद दो माह तक जैनसन डॉक्टरों की निगरानी में अस्पताल में ही रहे।

**पहले इनके नाम थे खिताब**

हृदय प्रत्यारोपण का पिछला रिकॉर्ड 2021 में कनाडाई हेरोल्ड सोकिरका के नाम था, जो 34 साल और 359 दिन का था। अंग प्रत्यारोपण से अभिप्राय किसी शरीर से एक स्वस्थ और कार्यशील अंग निकाल कर उसे किसी दूसरे शरीर के क्षतिग्रस्त या विफल अंग की जगह प्रत्यारोपित करना है।




# दुनिया का तापमान मार्च से मई तक सामान्य से अधिक रहेगा

## विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट, इस साल भी तापमान का बढ़ना जारी रहेगा


**खतरे में धरती**

नई दिल्ली, एजेंसी। बीता वर्ष सर्वाधिक गर्म रहने के साथ मौजूदा अल नीनो की दशा दुनियाभर में रिकॉर्ड तापमान और मौसम से जुड़ी चरम घटनाओं को बढ़ावा देगी। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने मंगलवार को बताया कि भूमि के हर टुकड़े पर मार्च और मई के बीच तापमान औसत से अधिक रहेगा।

एजेंसी ने कहा कि वर्ष 2023-24 की अल नीनो घटना ने अब तक के पांच सर्वाधिक प्रचंड अल नीनो में से एक होने का रिकॉर्ड कायम किया है। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि मार्च-मई के दौरान अल नीनो के बने रहने की लगभग 60 प्रतिशत संभावना है और अप्रैल से जून के दौरान तटस्थ स्थितियों (न तो अल नीनो और न ही ला नीना) की 80 प्रतिशत संभावना है।

**2024** में दिखेगा पिछले साल विकसित अल नीनो का असर

प्रशांत महासागर क्षेत्र में उत्पन्न एक भौगोलिक घटना है अल नीनो



### अच्छी रहेगी बारिश

भारत में घटनाक्रम पर नजर रखने वाले वैज्ञानिकों ने कहा है कि जून-अगस्त तक ला नीना की स्थिति बनने का मतलब यह हो सकता है कि इस साल मानसून की बारिश 2023 की तुलना में बेहतर होगी। कमजोर रुख के बावजूद अल नीनो दुनियाभर की जलवायु को प्रभावित करना जारी रखेगी।

### क्या है अल नीनो

अल नीनो प्रशांत महासागर क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली एक भौगोलिक घटना है जिसे तापमान में बढ़ोतरी के लिए जाना जाता है। अल नीनो से आशय मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का समय-समय पर गर्म होने से है और यह औसतन हर दो से सात साल में होता है तथा आमतौर पर नौ से 12 महीने तक रहता है।

### ग्रीनहाउस गैस की भी रही अहम भूमिका

डब्ल्यूएमओ के महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा, 'जून 2023 के बाद से हर महीने ने एक नया मासिक तापमान रिकॉर्ड बनाया है और वर्ष 2023 अब तक के सबसे गर्म वर्ष के रूप में रिकॉर्ड किया गया था। अल नीनो ने इन रिकॉर्ड तापमान में योगदान दिया है, लेकिन तापमान बढ़ाने वाली ग्रीनहाउस गैसें स्पष्ट रूप से इसका मुख्य कारण हैं।' वैज्ञानिक कहते हैं कि अल नीनो का दुनिया की जलवायु पर सर्वाधिक प्रभाव इसके उत्पन्न होने के दूसरे साल देखने को मिलता है और वर्ष 2024 में इसका प्रभाव दिखेगा। वर्तमान अल नीनो जून 2023 में विकसित हुई, नवंबर और जनवरी के बीच सर्वाधिक प्रचंड थी। इसने पूर्वी और मध्य उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के लिए 1991 से 2020 के समुद्री सतह तापमान से लगभग 2.0 डिग्री सेल्सियस से अधिक ताप प्रदर्शित किया। इसे पांच प्रचंड अल नीनो घटनाओं में से एक बना दिया।

# वायरल का वार खत्म कर रहा बच्चों की श्रवण शक्ति

**सेहत**

■ सुशील सिंह

लखनऊ। वायरल संक्रमण का वार बच्चों और युवाओं की श्रवण शक्ति खत्म कर रहा है। लखनऊ पीजीआई की ओपीडी में हर महीने इस समस्या के करीब 15-20 मरीज पहुंच रहे हैं। इन मरीजों की उम्र 12 से 45 साल के बीच है। इनमें दो-तीन मरीजों की एक कान से सुनने की क्षमता लगभग खत्म हो चुकी होती है।

डॉक्टर इलाज की गुंजाइश न बचने पर सुनने वाली मशीन लगाने की सलाह दे रहे हैं, जबकि वायरल संक्रमण से पहले इन्हें ऐसी कोई समस्या नहीं थी।

**72 घंटे में इलाज कारगर वरना मशीन लगाना मजबूरी :** पीजीआई के न्यूरोऑटोलॉजी विभाग के डॉ. अमित केसरी ने बताया कि वायरल संक्रमण से अचानक किसी एक कान से सुनने की शक्ति कमजोर होने वाले मरीजों को 72 घंटे में इलाज मिल जाना चाहिए। ओपीडी में जांच के बाद दवाएं, इंजेक्शन या स्टेरॉयड दी जाती हैं। इससे सुनने वाली नर्व की सूजन घटते ही मरीज को सुनाई देने लगता है। ओपीडी के ही इलाज से ठीक किया जा सकता है, मगर ज्यादा समय होने पर मरीज को सुनने वाली मशीन लगाने का ही विकल्प बचता है।

**72** घंटे में इलाज न मिलने पर बहरेपन का खतरा

**लखनऊ पीजीआई की ओपीडी में हर माह पहुंच रहे 15 से 20 मरीज, दो से तीन बहरे**

### नर्व को नष्ट कर देता है वायरस संक्रमण

डॉ. अमित केसरी का कहना है कि नाक, कान और गले में वायरल संक्रमण से अचानक से कम सुनाई देने लगता है। वायरस सुनने वाली नर्व पर हमला करता है। नर्व में सूजन बढ़ जाती है। इलाज में देर नर्व को नष्ट करता है और सुनाई देना बंद हो जाता है। ठीक होने के बाद दोबारा संक्रमण होने पर दूसरे काम की सुनने की शक्ति भी कमजोर हो सकती है।

**तकनीक 30s**

### चैटजीटीपी में आया नया फीचर

ओपनएआई ने चैटजीटीपी के लिए नए फीचर की घोषणा की है। अब चैटजीटीपी पांच अलग-अलग आवाज में आपकों सवालों के जवाब देगा। पहले यह सुविधा नहीं थी। नया फीचर वेब और मोबाइल दोनों वर्जन पर काम करेगा। इसके अलावा यह आईओएस डिवाइस को भी सपोर्ट करेगा। नया फीचर उन लोगों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है जो एआई टूल से बोलकर अपने सवाल पूछते हैं।

### इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजने के बाद कर सकेंगे एडिट



इंस्टाग्राम ने एक नया फीचर लॉन्च किया है। अब इंस्टाग्राम के मैसेज को एक समय सीमा में एडिट कर सकेंगे। मेटा ने कहा है कि नया फीचर टाइपो की गलती से यूजर्स को बचाएगा। इंस्टाग्राम के नए अपडेट के बाद डायरेक्ट मैसेज में भेजे गए मैसेज 15 मिनट तक एडिट किए जा सकेंगे। इस फीचर के आने से पहले टाइपो की गलती वाले या गलती से भेजे गए मैसेज को सिर्फ डिलीट करना का ही ऑप्शन था।

### यह नया एआई टूल डाटा चोरी करने में माहिर



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आज हर जगह हो रहा है। एआई लोगों के काम को आसान कर रहे हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह एआई जी का जंजाल बनते जा रहा है। अब सिक्योरिटी एक्सपर्ट ने एक नए एआई टूल मॉरीस को लेकर चेतावनी दी है। एक्सपर्ट का कहना है कि मॉरीस- किसी भी अन्य एआई टूल के डाटा को आसानी से चोरी कर सकता है।

### एप्पल मैकबुक एयर एम3 भारत में लॉन्च

एप्पल ने भारत में नया लैपटॉप मैकबुक एयर लॉन्च कर दिया है, जिसका नाम मैकबुक एयर एम3 है। नया मैकबुक एयर लैपटॉप दो स्क्रीन साइज 13 इंच और 15 इंच में आता है। इसमें लेटेस्ट एम3 चिप का इस्तेमाल किया गया है। नई जेनरेशन वाली मैकबुक एयर में 24जीबी तक रैम और 2टीबी तक एसएसडी स्टोरेज तक अपग्रेड ऑफर किया जा रहा है। इस नई जेनरेशन के लैपटॉप का डिजाइन और अपीयरेंस पिछले मॉडल की तरह ही है।

### अधिक प्रसंस्कृत भोजन खतरनाक

नई दिल्ली, एजेंसी। आधुनिक और व्यस्त जीवनशैली के कारण अति-प्रसंस्कृत (अल्ट्रा प्रोसेस्ड) खाद्य सामग्री का इस्तेमाल बढ़ गया है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं। इस प्रकार की सामग्रियों में अधिक मात्रा में अन्य पदार्थ जैसे कि नमक, चीनी, और प्रसेवित कृषि उत्पादों का उपयोग होता है।

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड वो खाद्य पदार्थ हैं जिनमें औद्योगिक प्रसंस्करण शामिल होता है। अध्ययन से पता चला है कि इससे वजन बढ़ सकता है, अधिक सोडियम से हृदय रोग के खतरे को बढ़ा सकते हैं।

### ज्यूपिटर के चांद पर ऑक्सीजन कम

लंदन, एजेंसी। ज्यूपिटर के बर्फीले चंद्रमा यूरोपा पर प्रत्येक 24 घंटे में 1000 टन ऑक्सीजन उत्पन्न हो रहा है। ऑक्सीजन की यह मात्रा जीवन के लिए पर्याप्त नहीं है। यह आंकड़ा जून स्पेसक्राफ्ट से मिला।

अध्ययन के अनुसार, प्रति सेकेंड 12 किलोग्राम ऑक्सीजन उत्पन्न होता है। पहले यह कहा जा रहा था कि यहां प्रति सेकेंड 1000 किलोग्राम ऑक्सीजन उत्पन्न होता है। लंबे समय से इस ग्रह को सौर मंडल में रहने योग्य ग्रहों में से एक माना जाता है। जूनो मिशन ने पहली बार बृहस्पतिसे नमूना लिया है।

### कारगर नहीं है पुनःचक्रण

नई दिल्ली, एजेंसी। प्लास्टिक के कचरे का प्रबंधन करने के लिए इसके रिसाइकलिंग पर जोर दिया जा रहा है। हालिया अध्ययन से पता चला है कि बच्चों के खिलौने जैसे प्लास्टिक में रिसाइकलिंग के बाद भी उच्च स्तर पर हानिकारक रसायन मौजूद रहते हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार रिसाइकिल किए गए प्लास्टिक में मौजूद पांच हानिकारक रसायनों फथलेट, क्लोरिनेटेड पैराफिन, पैलेडियम, क्रोमियम, कैडमियम और आर्सेनिक जैसे तत्वों की उच्च स्तर पर मौजूदगी बनी रहती है।










वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।